दैनिक **नवप्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ▶
3 राजधानी — जंगल में मिली 10वीं सदी की....
4 अभिव्यक्ति — सिरे नहीं चढ़ पाई विपक्षी...
9 मनोरंजन/व्यापार — भूमि पेडनेकर ने लिया डब्बा चैलेंज
11 खेल — गेंद लगी, जमीन पर गिरे,...

www.navpradesh.com

बिलासपुर, शनिवार 18 जनवरी 2020, माघ कृष्ण पक्ष-नवमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-277 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कहते है कि न कि कुत्ते की पूंछ कभी सीधी नहीं होती। वहीं हाल कुत्ते जैसी आकृति वाले पड़ौसी देश आतंकिस्तान का है। जो अपनी नाकाम कोशिशों से तौबा करने के लिए तैयार ही नहीं है। कश्मीर पर बेसुरा राग अलापने के अलावा उसके पास और कोई काम नहीं है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कई बार मुंह की खाने के बाद भी उसने एक बार फिर अपने नए यार चीन के जरिए संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दा उठाने की कोशिश की लेकिन रूसवाई ही हाथ लगी। आतंकिस्तान यह बात समझ ले कि बिल्ली चाहे जितना भी जोर से छींके पहाड़ नहीं टूटा करते।

जाते जाते मानव सेवा की मिसाल पेश कर गए बरातू राम

डोंडी लोहारा के बुजुर्ग ने मृत्यु पूर्व ही एम्स को कर दिया था देह दान, पिता से प्रेरित होकर बेटी ने भी कर दिया देहदान का एलान

■ मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अध्ययन के काम आएगी पार्थिव देह

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। जीवित रहते दीन-दुखियों, जरुरतमंदों की सेवा करने वाले डोंडी लोहारा के बरातू राम साहू मृत्य के बाद भी मानवता व समाज सेवा की मिसाल पेश कर गए। बरातू राम की देह को उनकी इच्छा के अनुरूप एम्स, रायपुर को दान किया गया है। पुत्री नोम साहू ने भी पिता से प्रेरित होकर देहदान की बनवा ली।

26 बार कर चुके रक्तदान

बरातू राम साहू ने एनएमडीसी बचेली में 1969 में 19 वर्ष की उम्र में नौकरी की शुरुआत की। 41 वर्षो तक मास्टर एच.ई.एम में मेकेनिक पद पर रहकर एनएमडीसी में अपनी सेवाएं देने के बाद 31/3/2010 में सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद वे अपने गृह ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बेटी ने गर्व से बताया पिता थे मानवसेवी

अपने पिता के इस कृतित्व पर गर्व जताते हुए बरातू राम की बेटियों ने कहा, 'पिताजी ने जीवित रहते हुए हर जरूरतमंद की मदद की। मानवता की सेवा में लगे रहे। जाते-जाते उन्होंने अपनी देह भी दान कर दी। पिता के कृतित्व पर हमें गर्व है। इसी राह पर चलते हुए बरातू राम साहू की पुत्री नोम साहू ने भी अपनी देहदान की वसीयत बना ली। डोंडी लोहरा में उन्होंने अपने जीवन काल में यह संकल्प ले रखा था कि उनका शरीर मृत्यु के उपरांत भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर को सौंप दिया जाए। उन्होंने यह संकल्प इसलिए लिया था क्योंकि मृत्यु के बाद उनका शरीर अन्य लोगों की तरह पंच तत्व में विलीन हो जाएगा। यदि उसे (पार्थिव देह) मेडिकल को दे दी जाएगी तो तो वह चिकित्सा क्षेत्र में अध्ययनरत डॉक्टरों को प्रशिक्षण सहित पीड़ितों के उपचार के लिए लाभकारी होगी।

अंतिम यात्रा में शामिल हुए सैकड़ों लोग

बचेली एनएमडीसी में 41 वर्षों तक अपनी सेवाएं देने के दौरान भी उनकी रुचि धार्मिक कार्यों, समाज सेवा में रही। बरातू राम हमेशा दान-पुण्य करते रहते थे। यही वजह रही की उनकी अंतिम यात्रा में डोंडी लोहरा के सैकड़ों लोग शामिल हुए। अंतिम यात्रा नगर चौक तक निकाली गई। इसके बाद उनके परिजन ने 15-1-2020 को एम्स, रायपुर को दोपहर 2:30 बजे उनकी देह दान कर दी। बचेली इंटक यूनियन के सदस्यों ने बरातू राम साहू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

निर्भया के हत्यारों का नया डेथ वॉरंट जारी

1 फरवरी का सुरज उगते ही थम जाऐंगी चारों की सांसे

■ एक दोषी ने दया की अपील की थी जिसे राष्ट्रपति ने खारिज कर दिया

नई दिल्ली(वार्ता)। दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने निर्भया गैंगरेप केस के चारों दोषियों के खिलाफ नया डेथ वॉरंट जारी किया है। इन गुनहगारों को अब 1 फरवरी को सुबह 6 बजे फांसी पर लटकाया जाएगा। आपको बता दें कि चारों को पहले 22 जनवरी को फांसी दी जानी थी, लेकिन एक दोषी ने दया याचिका दायर की थी और उसके खारिज होने के बाद प्रक्रिया के तहत नया डेथ वॉरंट जारी करना पड़ा है। ऐसे में फांसी की तारीख भी बढ़ानी पड़ी।

तिहाड़ प्रशासन ने नया डेथ वॉरंट की अपील की थी

इससे पहले तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने शुक्रवार को कोर्ट में दोषियों के खिलाफ मौत की सजा पर फिर से डेथ वॉरंट जारी करने की अपील की थी। अडिशनल सेशन जज जस्टिस सतीश कुमार अरोड़ा ने जेल प्रशासन से कहा था कि वह अदालत को शाम 4.30 बजे तक यह बताएं कि निर्भया मामले के चार दोषियों में से एक मुकेश कुमार सिंह को यह सूचित किया गया है या नहीं कि राष्ट्रपति ने उसकी दया याचिका अस्वीकार कर दी है। दरअसल, अभियोजन पक्ष के वकील इरफान अहमद ने अदालत को बताया कि मुकेश की दया याचिका राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को अस्वीकार कर दी है।

निर्भया केस की हाल में सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने सख्त नाराजगी जताई थी। दरअसल, अदालत मौत की सजा पाए मुकेश कुमार सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें उसने फांसी देने के लिए तय 22 जनवरी की तारीख टालने का अनुरोध किया था।

मां ने कहा, तारीख पे तारीख...

नया डेथ वॉरंट जारी होने के बाद निर्भया की मां आशा देवी ने कहा कि जब तक दोषियों को फांसी नहीं दे दी जाती, उन्हें शांति नहीं मिलेगी। उन्होंने कोर्ट के बाहर मीडियाकर्मियों से कहा, 'जो मुजरिम चाहते थे वही हो रहा है... तारीख पे तारीख, तारीख पे तारीख। हमारा सिस्टम ऐसा है कि जहां दोषियों की सुनी जाती है।'

राष्ट्रपति ने दोषी मुकेश की दया याचिका की खारिज

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने निर्भया मामले के एक दोषी मुकेश सिंह की तरफसे दायर की गयी दया याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। इससे पहले गृह मंत्रालय ने दया याचिका को खारिज करने संबंधी सिफारिश राष्ट्रपति को भेजी थी। विनय शर्मा, अक्षय कुमार सिंह,पवन गुप्ता और मुकेश सिंह को दिसंबर 2012 में निर्भया के साथ सामूहिक बलात्कार मामले में फांसी की सजा सुनाई गई हैं और इन्हें 22 जनवरी को तिहाड़ जेल में फांसी देने का आदेश दिया गया था। बचाव पक्ष ने इस मामले में बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान कहा था कि दोषियों को 22 जनवरी को फांसी नहीं दी जा सकती है क्योंकि इस मामले के एक दोषी की दया याचिका पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। अब राष्ट्रपति ने मुकेश की दया याचिका को खारिज कर दिया है।

खास खबर

सोनिया से मिले झारखंड के कांग्रेस विधायक

नई दिल्ली, (वार्ता)। झारखंड विधानसभा के लिए पिछले दिनों चुने गये कांग्रेस विधायकों ने आज यहाँ पार्टी अध्यक्ष सोनिया गाँधी एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी से मुलाकात की। झारखंड के नवनियुक्त विधायकों ने श्रीमती गाँधी के आवास 10 जनपथ जाकर उनसे और श्री गाँधी से मुलाकात की। कांग्रेस ने ट्विटर पर इसकी तस्वीर साझा की है।

देविंदर: जाँच एनआईए को सौंपने पर राहुल ने उठाया सवाल

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गाँधी ने आतंकवादियों से साठगाँठ के आरोप में जम्मू-कश्मीर पुलिस से निलंबित डीएसपी दविंदर सिंह के मामले की जाँच राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (एनआईए) को सौंपे जाने पर संदेह व्यक्त किया कि यह आरोपी से राज उगलवाने की बजाय उसे खामोश करने की कोशिश है। श्री गाँधी ने आज अपने ट्वीटर अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा आतंकवादी डीएसपी दविंदर सिंह को खामोश करने का सबसे अच्छा तरीका है मामले की जाँच एनआईए को सौंपना।

जीसैट 30 का सफल प्रक्षेपण

बेंगलुरु (वार्ता)। देश के अत्याधुनिक संचार उपग्रह जीसैट 30 का आज तड़के फ्रेंच गुयाना के कोरू स्थित प्रक्षेपण स्थल से सफल प्रक्षेपण किया गया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया कि जीसैट 30 को भारतीय समय के अनुसार तड़के 2.35 बजे एरियन5-वीटी 251 प्रक्षेपण यान से लांच किया गया। 38 मिनट 25 सेकेंड बाद इसे पूर्व निर्धारित अंडाकार कक्षा में स्थापित किया गया।

सम्मान समारोह से सीएम भूपेश ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना, बोले-

मोदी-शाह में हो गया मनमुटाव

■ कहा दोनों कैरंसी स्ट्राइक, जीएसटी, सीएएम, एनआरसीस एनपीआर के जरिए देश को अंग्रेजी सीखा रहे

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह में जब सीएम भूपेश बघेल बोलने उठे तो उन्हों ने जीते कांग्रेसी नेताओं को बेहतर, ईमानदार और जनसेवा करने की नसीहतों के साथ ही केंद्र सरकार पर भी जमकर बरसे। सीएम श्री बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के गृहमंत्री अमित शाह पर तंज कसा। श्री बघेल ने चुटकी लेते हुए कहा दोनों देश की जनता को अंग्रेजी पढ़ाने सीखाने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री शाह में मनमुटाव हो गया है। इसलिए देश की जनता पीस रही है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बोले, मोदी ने 5 साल में नोटबंदी-जीएसटी लाया, शाह ने 7-8 माह में सीएएम, एनआरसी और एनपीआर-लाया, लगता है दोनों हिंदुस्तान के लोगों को अंग्रेजी सिखाने का कर रहे हैं। बर्खास्त डीएसपी देविंद्र सिंह की गिरफ्तारी को लेकर पुलवामा में हुए सीआरपीएफ हमले पर भी संदेह जताते हुए सवाल किया कि जहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता था वहां हमला हुआ तो उसकी जांच क्यों नहीं हुई। बघेल बोले ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नगरीय निकाय के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों सम्मान समारोह

किया किला फतह तो कांग्रेस ने इसी बहाने दिखाई ताकत

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद कांग्रेस की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। जीत का यह सिलसिला विधानसभा चुनाव से शुरु हुआ था और बदस्तूर कांग्रेस ने जारी रखा है। हालाकि लोकसभा चुनाव में उम्मीद से इतर परिणाम आए, लेकिन उसकी खानापूर्ति निकाय चुनाव में कांग्रेस ने कर ली है। प्रदेश के बाद शहरी सत्ता भी अब कांग्रेस के हाथों में है। जीत के बाद रायपुर नगर निगम की पूरी जीती टीम के स्वागत-अभिनंदन समारोह में इंडोर स्टेडियम में आलीशान कार्यक्रम हुआ था। आज दोबारा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह का आयोजन इंडोर स्टेडियम में किया गया। सम्मान समारोह के बहाने इसे कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन कहें तो गलत नहीं होगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी दिग्गज नेताओं, मंत्रियों, विधायकों समेत प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया तक ने कार्यक्रम में शिरकत की। खासतौर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम और भूपेश केबिनेट के सभी मंत्रियों ने निकाय चुनाव में जनता से मिली जीत को बड़ी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रदेश कांग्रेस के सभी दिग्गजों ने समारोह में की शिरकत

इंडोर स्टेडियम से सीएम बघेल, पुनिया ने बताई जिम्मेदारी

राष्ट्रपिता की पदवी भारत रत्न से कहीं बड़ी : सुको

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भारत रत्न देने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की खंडपीठ ने अनिल दत्त शर्मा की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि महात्मा गांधी को दी गई राष्ट्रपिता की पदवी भारत रत्न से भी ऊपर हैं। पूरे विश्व के लोग महात्मा गांधी का बहुत सम्मान करते हैं। न्यायालय ने कहा कि महात्मा गांधी किसी भारत रत्न से कहीं बड़े हैं। न्यायालय ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह उनकी भावनाओं की कद्र करते हैं। याचिकाकर्ता का कहना था कि कई लोगों को भारत रत्न से अब तक नवाजा जा चुका है, लेकिन महात्मा गांधी को अभी तक यह सम्मान नहीं दिया गया है। राष्ट्रपिता को भी यह सम्मान मिलना चाहिए। इस पर न्यायमूर्ति बोबडे ने कहा, देखिए, कोर्ट इस मामले पर सुनवाई नहीं कर सकता है।

आरटीआई डालकर पीएम मोदी के भारतीय नागरिक होने का मांगा सबूत

नई दिल्ली (ए.)। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर विरोध के बीच केरल में एक शख्स ने आरटीआई दाखिल करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नागरिकता का सबूत मांगा है। राज्य के सूचना विभाग में अर्जी के जरिए पूछा गया है कि क्या प्रधानमंत्री मोदी भारतीय नागरिक हैं। त्रिशूर जिले के रहने वाले जोश कलूवेत्ती ने 13 जनवरी को केरल के सूचना विभाग में आरटीआई डाली थी। याचिका में कहा गया है कि ऐसे कौन से दस्तावेज हैं जिससे साबित होता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के नागरिक हैं।

परमाणु और मिसाइल तकनीक की चोरी

पाकिस्तान पर तस्करी का अमेरिकी आरोप

वाशिंगटन (वार्ता)। पाकिस्तान के ऊपर न्यूक्लियर स्मग्लिंग और अवैध तरीके से मिसाइल टेक्नॉलोजी को हासिल का आरोप कोई नया नहीं है। बिना किसी विज्ञान और तकनीक के आधार के चोरी और छलपूर्वक वह परमाणु शक्ति संपन्न देश बना और बैलिस्टिक मिसाइल पावर हासिल की। एक बार फिर से पाकिस्तान पर न्यूक्लियर स्मग्लिंग के आरोप लगे हैं। अमेरिका में पांच पाकिस्तानी पकड़े गए हैं, जिनके रावलपिंडी के 'बिजनेस वर्ल्ड' से संबंध है और उसके ऊपर पाकिस्तान के न्यूक्लियर एंड मिसाइल प्रोग्राम के लिए अमेरिकन टेक्नॉलोजी के स्मग्लिंग का आरोप है। पकड़े गए इन लोगों के नाम हैं पाकिस्तान के 41 वर्षीय मोहम्मद कामरान वली (कामरान), कनाडा के ओंटारियो के रहनेवाले 48 वर्षीय मोहम्मद एहसान वली (एहसान), 82 वर्षीय हाजी वली मोहम्मद शेख (हाजी), हांगकांग के रहनेवाले अशरफखान मोहम्मद (खान) और यूनाइटेड स्टेट्स इलफोर्ड एस्सेक्स के रहनेवाले 52 अहमद वहीद (वहीद)।

गरमा-गरम

स्वास्थ्य योजना ▶ डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना से इलाज हुआ आसान

अब राशन कार्ड दिखाकर करवा सकेंगे इलाज

■ स्मार्ट कार्ड की अनिवार्यता हुई समाप्त

■ राशन कार्ड के साथ कोई भी शासकीय पहचान पत्र होना जरूरी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य सरकार की महत्वकांक्षी डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना को लेकर 17 जनवरी 2020 से बड़ा परिवर्तन हो गया है। इस योजना के लिए अब पूर्व में चल रहे स्मार्ट कार्ड की जरूरत नहीं होगी। राज्य के सभी राशन कार्डधारी परिवार डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ अब राशन कार्ड के साथ कोई भी शासकीय पहचान पत्र दिखाकर ले सकते हैं। अब योजना का लाभ लेने के लिए स्मार्ट कार्ड की अनिवार्यत समाप्त हो चुकी है। अब पहचान पत्र के लिए योजना में शामिल राज्य के सभी परिवारों को स्मार्ट कार्ड पर निर्भर नहीं रहना होगा।

एस.एन.ए. का पूरा समन्वय

इस नयी व्यवस्था के लागू होने के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सॉफ्टवेयर के डेटाबेस से हटाए गए स्मार्ट कार्ड के आंकड़े

सॉफ्टवेयर के डेटाबेस से स्मार्ट कार्ड के आंकड़े हटा दिये गये हैं। इस तरह अब मरीज व उनके परिजनों को पहचान पत्र के रूप में अंत्योदय, राशन कार्ड के साथ आधार कार्ड अथवा कोई भी शासकीय पहचान पत्र साथ लेकर अनुबंधित अस्पतालों में जाना होगा। साफ्टवेयर इन मरीजों की पहचान अब नये फॉमूले से करेगा। यह नया फॉर्मूला साफ्टवेयर में अपलोड किया जा चुका है। जो कि 17 जनवरी 2020 से काम करना शुरू कर दिया है।

अस्पताल में ही बनेगा ई-कार्ड

राज्य सरकार ने राशन कार्ड को डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के लिए अनिवार्य करते हुए मरीजों की राह आसान कर दी है। अब राशनकार्डधारी परिवारों को किसी सदस्य के बीमार पड़ने पर राशन कार्ड के साथ आधार कार्ड या अन्य शासकीय पहचान पत्र लेकर अनुबंधित अस्पताल जाना होगा। अनुबंधित अस्पतालों में ही तत्काल बीआईएस कर ई-कार्ड बना दिये जायेंगे। परिवार पचास हजार या पॉच लाख रुपए जिसके भी योग्य होगा। वह लाभ उसे उपचार के दौरान दिया जावेगा।

हाईकोर्ट ने दुर्ग न्यायालय में हंगामा करने वालों के खिलाफ दिया एफआईआर का निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। दुर्ग के परिवार न्यायालय को अस्थायी रूप से अन्यत्र शिफ्ट करने का विरोध करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग की कोर्ट में घुस कर हंगामा तथा न्यायिक अधिकारियों के साथ अशोभनीय व्यवहार करने के मामले को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। इस मामले में पुलिस को वीडियो फुटेज के आधार पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। दुर्ग के जिला सत्र न्यायाधीश द्वारा हाईकोर्ट को भेजे गये पत्र पर स्वतः संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट चीफ जस्टिस श्री पी.आर. रामचंद्र मेनन एवं जस्टिस श्री पार्थ प्रतीम साहू की कोर्ट ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को अदालत की कार्रवाई में बाधा उत्तपन्न करने वालों के खिलाफ जांच कर जुर्म दर्ज करने का आदेश दिया है। जिला एवं ■ शेष पृष्ठ 8 पर

डीजीपी को कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश, कलेक्टर से मांगा प्रतिवेदन

केरल की सरकार कानून से ऊपर नहीं है : मुरलीधरण

नागरिकता संशोधन कानून के केरल विधानसभा में प्रस्ताव पर बोले केंद्रीय मंत्री, संविधान और कानून से ऊपर नहीं राज्य सरकार

–गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान ने भी केरल सरकार के नागरिकता संशोधन पर फैसले की आलोचना की थी

नई दिल्ली। केरल विधानसभा में राज्य सरकार की ओर से नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में प्रस्ताव पारित कराए जाने पर केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरण ने हमला बोला है। केरल से आने वाले विदेश राज्यमंत्री ने कहा कि केरल की सरकार को यह समझना चाहिए कि वह कानून से ऊपर नहीं है। वे संविधान से ऊपर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकारों को ऐसे मसलों पर प्रस्ताव पारित करने या फिर अदालतों में केस दायर करने पर जनता के पैसे बर्बाद नहीं करने चाहिए, जो उनसे जुड़े न हों।

इससे पहले सूबे के गवर्नर आरिफमोहम्मद खान ने भी केरल सरकार के नागरिकता संशोधन पर फैसले की आलोचना की थी। विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर ऐक्ट को सूबे में न लागू करने के फैसले पर बरसते हुए आरिफ ने कहा था कि यह जनता के पैसे की बर्बादी है। केरल सरकार ने प्रस्ताव पारित करने का प्रचार कई राष्ट्रीय अखबारों में भी किया था। इस पर आरिफ मोहम्मद खान ने कहा था कि यह जनता के पैसे की बर्बादी है। उन्होंने कहा था कि अपने राजनीतिक प्रोपैगेंडे को बढ़ाने के मकसद से सरकार को जनता के पैसे से अखबारों में विज्ञापन नहीं देने चाहिए।

गवर्नर ने कहा था, पार्टी ऐड देती तो ठीक था

गवर्नर ने कहा कि यदि यह विज्ञापन किसी राजनीतिक दल की ओर से जारी किया गया होता तो कोई समस्या नहीं होती। केरल सरकार ने तीन राष्ट्रीय अखबारों में विज्ञापन देकर कहा था कि सरकार ने जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कई साहसी फैसले लिए हैं। सरकार ने नैशनल पॉप्युलेशन रजिस्टर पर रोक की भी बात कही है। केरल के सीएम पिनराई विजयन की सरकार ने एनपीआर को एनआरसी का शुरुआती कदम करार दिया है।

जामा मस्जिद के बाहर प्रदर्शन, जेल से छूटे भीम आर्मी चीफभी हुए शामिल

नई दिल्ली। भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद तिहाड़ जेल से रिहा होने के एक दिन बाद फिर नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और नेशनल रजिस्टर ऑफसिटीजन (एनआरसी) के खिलाफदिल्ली के जामा मस्जिद में हो रहे प्रदर्शन में शामिल हुआ। आपको बता दें कि चंद्रशेखर को पुरानी दिल्ली के दरियागंज में संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। जामा मस्जिद पहुंचे भीम आर्मी चीफके प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध हमारी ताकत है। सभी धर्मों के लोग जो हमारा समर्थन करते हैं, उन्हें बड़ी संख्या में मिलकर यह साबित करना चाहिए कि ये विरोध अकेले मुसलमानों के नेतृत्व में नहीं है।

आजम के बेटे को झटका, निर्वाचन रद्द करने के हाईकोर्ट के फैसले पर सुको का रोक से इनकार

नई दिल्ली (ए.)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और रामपुर सांसद आजम खान के बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम को सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम के निर्वाचन रद्द करने संबंधी उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च को होगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अब्दुल्ला के निर्वाचन को बीते दिसंबर में रद्द कर दिया था। दरअसल, 2017 विधानसभा चुनाव के दौरान अब्दुल्ला आजम की उम्र कम थी और वे चुनाव लड़ने के योग्य नहीं थे। इसी को आधार बनाकर हाईकोर्ट ने उनका निर्वाचन रद्द कर दिया था। चीफजस्टिस ऑफइंडिया एसए बोबडे, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्य कांत की बेंच ने इस मामले में इलेक्शन कमीशन और बीएसपी नेता नवाज अली खान को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। अब्दुल्ला आजम के स्वार विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचन को बीएसपी नेता नवाज अली खान ने चुनौती दी थी। वे अब्दुल्ला के खिलाफ 2017 के चुनाव में स्वार विधानसभा क्षेत्र से बीएसपी के उम्मीदवार थे। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि स्कूल रिकॉर्ड के अलावा अन्य दस्तावेज पेश किए गए हैं जिनमें दर्शाया गया है कि मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खान चुनाव लड़ने के योग्य थे और इन दस्तावेजों की वजह से उत्पन्न शंकाओं के कारण बेंच मामले की सुनवाई करेगी। पीठ ने कहा, 'हमने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को पढ़ा है, वह सबूत पर आधारित है।'

केरल टूरिज्म ने बीफ से बनी डिश को किया प्रमोट, सोशल मीडिया पर मचा बवाल

तिरुवनंतपुरम(ए.)। केरल टूरिज्म के बीफसे बने डिश को ट्विटर पर प्रमोट करने पर सोशल मीडिया में बवाल मच गया है। बड़ी संख्या में लोगों ने ट्वीट कर कहा है कि इस ट्वीट से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इस बीच कर्नाटक बीजेपी की महासचिव शोभा करांडलजे ने केरल सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि राज्य की वामपंथी सरकार ने हिंदुओं के खिलाफयुद्ध छेड़ दिया है। बीफवाले इस ट्वीट पर अब तक 4 हजार से ज्यादा कॉमेंट आ चुके हैं और 3 हजार से ज्यादा लोगों ने रीट्वीट किया है। बीफविवाद पर अब केरल सरकार ने सफाई भी दी है। केरल टूरिज्म को टैग करते हुए शोभा ने लिखा, 'केरल की वामपंथी सरकार ने राज्य के हिंदुओं के खिलाफयुद्ध छेड़ दिया है। मकर संक्रांति के दिन बीफको महिमामंडित करके केरल सरकार हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। केरल के वामपंथियों की घटिया सोच उजागर हो गई है।' विश्व हिंदू परिषद ने भी केरल सरकार के इस ट्वीट को लेकर हमला बोला है।

वीएचपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा, 'क्या यह ट्वीट टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए किया गया है या बीफको। क्या यह गाय की पूजा करने वाले करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचा रहा है? क्या यह ट्वीट शंकराचार्य की पवित्र भूमि से नहीं निकला है?' बीजेपी नेताओं के अलावा बड़ी संख्या में लोग ट्वीट कर मकर संक्रांति, पोंगल और बिहू के समय केरल टूरिज्म के इस ट्वीट की आलोचना कर रहे हैं।'

केरल सरकार ने सफाई दी

इस बीच बीफविवाद पर केरल सरकार ने सफाई दी है। केरल के टूरिज्म मंत्री के सुरेंद्रन ने कहा कि जो लोग इसमें सांप्रदायिकता को तलाश करने का प्रयास कर रहे हैं, वे यह कहकर विवाद पैदा कर रहे हैं कि 'पोर्क की तस्वीर को पोस्ट करो।' कई डिश जिसमें पोर्क भी शामिल है, पहले से ही वेबसाइट पर मौजूद है। उन्होंने शायद देखा नहीं। उन्होंने कहा कि केरल में कोई भी खाने को धर्म से नहीं जोड़ रहा है। किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने की सरकार की कोई मंशा नहीं है। इसको सांप्रदायिक रंग देना निंदनीय है।

फांसी में देरी पर केजरीवाल बोले, हमने समय पर फैसले लिए, निर्भया की मां का जवाब- हमने किया आपका काम

जघन्य गैंगरेप और हत्या के मामले को लेकर कहा कि हमने अपने काम घंटों में पूरा किया

■ **निर्भया के परिजनों की ओर से फांसी में देरी के लिए जिम्मेदार ठहराए जाने पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने प्रतिक्रिया दी है**

नई दिल्ली (ए.)। निर्भया के परिजनों की ओर से फांसी में देरी के लिए जिम्मेदार ठहराए जाने पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने 2012 में दिल्ली में हुए जघन्य गैंगरेप और हत्या के मामले को लेकर कहा कि हमने अपने काम घंटों के अंदर पूरा किया। उन्होंने कहा, 'दिल्ली सरकार के तहत जो भी काम होना था, वह हमने घंटों के अंदर पूरा कर दिया था।' यही नहीं अपनी सरकार पर लग रहे आरोपों पर निर्भया के परिजनों को लेकर उन्होंने कहा, 'समझ का कुछ अभाव हो सकता है या फिर ऐसा भी हो सकता है कि उन्हें भ्रमित किया जा रहा हो।'

अब केजरीवाल की इस टिप्पणी को लेकर एक बार फिर से निर्भया की मां ने जवाब दिया है। उन्होंने सीएम अरविंद केजरीवाल के दावे गलत करार देते हुए कहा, 'यह बिल्कुल गलत है कि उन्होंने समय पर काम किया, 7 साल हो गए घटना हुए, 2.5 साल हो गए सुप्रीम कोर्ट से फैसला आए। 18 महीने हो गए रिव्यू पिटिशन खारिज हुए, जो काम जेल को, सरकार को करना चाहिए था, वह काम हमने किया।'

बता दें कि केजरीवाल ने निर्भया के परिजनों के आरोपों का जवाब देते हुए कहा था कि हमने इस केस से जुड़े किसी भी काम में देरी नहीं की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की इस पूरे केस में मुश्किल से ही कोई भूमिका थी।'आप' के संयोजक ने कहा कि दिल्ली सरकार की इस मामले में सीमित भूमिका ही थी। हम खुद चाहते हैं कि दोषियों को जल्द फांसी हो। बता दें कि गुरुवार को केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इस मामले को लेकर दिल्ली सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उसके चलते इसमें देरी हुई।

गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह निर्भया के पिता ने कहा था कि दिल्ली सरकार तब तक सोई रही, जब तक हम लोग नहीं आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि आखिर दिल्ली सरकार ने जेल अथॉरिटी से पहले क्यों नहीं कहा था कि आप फांसी के लिए नोटिस जारी कीजिए। तब तक उन्होंने जेल प्रशासन से कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि यदि इलेक्शन से पहले कोई फैसला नहीं आता है तो इसके जिम्मेदार अरविंद केजरीवाल होंगे। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने सत्ता में आने के लिए निर्भया केस का इस्तेमाल किया।

निर्भया के साथ बर्बरता करने वाले नाबालिग दोषी को आप सरकार ने दी थी सहायताः स्मृति

■ **इरानी ने कहा कि निर्भया के साथ बर्बरता करने वाले नाबालिग को आप ने सिलाई मशीन और रुपये दिए थे**

■ **केंद्रीय मंत्री ने दिल्ली की केजरीवाल सरकार पर मामले में लेटलतीफी का आरोप लगाया**

नई दिल्ली (ए.)। निर्भया केस के एक दोषी मुकेश सिंह की दया याचिका किए जाने पर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का आभार प्रकट किया और लगे हाथ दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर निर्भया के साथ बर्बरता करने वाले एक नाबालिग के साथ सहानुभूति दिखाने का आरोप भी जड़ दिया। बीजेपी नेता ने गैंगरेप और मर्डर में संलिप्त उस नाबालिग को आम आदमी पार्टी से दी गई सहायता पर भी सवाल उठाते हुए कहा, 'सबूतों से पता चला था कि वह निर्भया के साथ कितना जघन्य और अमानवीय व्यवहार किया था। उसकी रिहाई पर आम आदमी पार्टी (आप) ने 10 हजार रुपये दिए और सिलाई मशीन दी।'

निर्भया के परिजनों पर केजरीवाल, किसी ने बहकाया होगा

गौरतलब है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपनी तरफसे लेटलतीफी करने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि बीजेपी इस मामले में राजनीति कर रही है जो सही नहीं है। उन्होंने निर्भया की मां आशा देवी के बयान पर आशंका जताई कि उन्हें कोई बहका रहा है।

स्मृति ने दिल्ली सरकार पर निर्भया के दोषियों को फांसी में हो रही देरी के लिए भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि अगर 2018 में रिव्यू पिटिशन खारिज होने के बाद केजरीवाल सरकार ऐक्टिव रहती तो निर्भया के दोषियों को समयसीमा के अंदर फांसी दे दी गई होती। स्मृति ने कहा, 'आम आदमी पार्टी को कहना चाहती हूं कि जुलाई 2018 में रिव्यू पिटिशन खारिज होने के बाद आपकी वजह से निर्भया के बलात्कारियों और कातिलों को समय पर फांसी नहीं हुई। ऐसी पार्टी पर धिक्कार है। यह मात्र मेरा मानना नहीं, बल्कि हर न्यायप्रिय हिंदुस्तानी का मानना है।'

पहले बोले एहसान नहीं कर रहा, अब किया स्वागत

अमेजन के निवेश पर बोले मंत्री पीयूष गोयल ने अपना बयान बदला, निवेश का स्वागत

नई दिल्ली (ए.)। ग्लोबल ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन की तरफसे भारत में एक अरब डॉलर के निवेश पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अपने पूर्व के दिए इस बयान पर सफाई दी है, जिसमें उन्होंने यह कहा था कि अमेजन ऐसा कर कोई एहसान नहीं कर रहा है। पीयूष गोयल ने कहा- मेरे बयानों को उस संदर्भ में देखा जाना चाहिए। निवेश का स्वागत है लेकिन वह कानून के अंतर्गत होना चाहिए। अमेजन के निवेश पर पीयूष गोयल ने पहले के बयान पर दी सफाई, कहा- निवेश का स्वागत

ग्लोबल ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन की तरफ से भारत में एक अरब डॉलर के निवेश पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अपने पूर्व के दिए इस बयान पर सफाई दी है, जिसमें उन्होंने यह कहा था कि अमेजन ऐसा कर कोई एहसान नहीं कर रहा है। गौरतलब है कि अमेजन देश में आईटी, इंफ्रस्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक नेटवर्क में निवेश करेगी। कंपनी का कहना है कि इसके जरिए अगले पांच साल में यानी 2025 तक देश में 10 लाख नई नौकरियों के मौके मिलेंगे। कंपनी ने कहा कि यह रोजगार पिछले छह साल में उसके निवेश से सृजित हुए सात लाख से अधिक रोजगार से अलग होगा।

7,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश

कंपनी का कहना है कि इनमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार दोनों शामिल है। इसमें सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, मनोरंजन सामग्री निर्माण, खुदरा, लॉजिस्टिक और विनिर्माण इत्यादि सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजित होगा। अमेजन डॉट कॉम के प्रमुख जेफबेजोस ने कहा है कि वह भारत में एक अरब डॉलर (7,000 करोड़ रुपये से अधिक) का निवेश करेंगे ताकि लघु एवं मध्यम उद्योगों को ऑनलाइन लाने में मदद की जा सके और कंपनी 2025 तक 10 अरब डॉलर मूल्य के भारत में निर्मित सामान के निर्यात को प्रतिबद्ध है।

सिर पर गोली लगने के बाद भी 7 किमी गाड़ी चलाकर थाने पहुंची महिला

■ **सिर में तीन गोली और चेहरे पर एक गोली लगने के बावजूद 7km तक गाड़ी चलाकर थाने पहुंची**

■ **भाई और भतीजे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जमीन विवाद को लेकर भतीजे ने मार दी थी उन्हें गोली**

जिले के एक गांव में अपने घर पर गोली मारी। पुलिस थाने पहुंचने के बाद दोनों मां-बेटी को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

■ **शिकायत के मुताबिक उनकी वृद्ध मां को भी गोली लगी है, गनीमत यह है कि दोनों हैं सुरक्षित**

चंडीगढ़ (ए.)। पंजाब में एक महिला सिर में तीन गोली और चेहरे पर एक गोली लगने के बावजूद सात किलोमीटर तक गाड़ी चलाकर थाने पहुंची। यहां उसने अपने भाई, भतीजे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर उसके नाबालिग भतीजे ने गुस्से में आकर कथित तौर पर उसपर गोली चला दी थी। शिकायत के मुताबिक उनकी वृद्ध मां को भी गोली लगी है। गनीमत यह है कि दोनों ही जीवित हैं। 10वीं कक्षा के आरोपी छात्र ने अपनी बुआ सुमीत कौर और उनकी मां सुखबिंदर कौर को मुक्सर

मां-बेटी दोनों ही सुरक्षित

डॉक्टरों ने उनके शरीर से गोलियों को सफ्तापूर्वक निकालने के बाद उन्हें वापस घर भेज दिया है। सुमीत कौर ने पुलिस को बताया कि उसका भाई हरिंदर सिंह उसकी और उसकी मां की जमीन हड़पने की कोशिश कर रहा है।

भाई पर महिला के आरोप

उन्होंने कहा, 'मेरे पिता की मृत्यु के बाद मुझे और मेरी मां को 16 एकड़ जमीन मिली। मेरा भाई पूरी जमीन को हड़पना चाहता है।' कौर ने दावा किया कि उसके भाई और भतीजे ने उसे पहले भी उन्हें मारने की कोशिश की है। पुलिस ने नाबालिग लड़के और उसके पिता के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

सियासत | राज्य में उप-सचिव के पद पर कार्यरत नियाज खान की पहचान एक लेखक के तौर पर भी है

एमपी के अफसर का सुझाव, भ्रष्ट अफसरों पर लागू हो एनआरसी

भोपाल (ए.)। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को लेकर इन दिनों देश में बहस जारी है। ऐसे में मध्य प्रदेश के एक अधिकारी ने एनआरसी पर सुझाव देते हुए कहा है कि भ्रष्ट लोगों को देश का नागरिक होने का अधिकार नहीं है।

राज्य में उप-सचिव के पद पर कार्यरत नियाज खान की पहचान एक लेखक के तौर पर भी है। सोशल मीडिया पर अपनी टिप्पणी के कारण वे कई बार चर्चाओं में रहे हैं। एक बार फिर सोशल मीडिया पर अपनी राय जाहिर करते हुए उन्होंने कहा, सरकारी धन की चोरी करने वाले सभी लोगों के खिलाफ एनआरसी होनी चाहिए। राष्ट्र का हर पैसा रोटी के लिए संघर्ष कर रहे गरीब नागरिक का है। यहां तक कि बच्चों के पास खुद को ढंकने के लिए कोई कपड़ा नहीं है। गरीबी के लिए सरकारी प्राधिकरण वाले भ्रष्ट लोग जिम्मेदार हैं।

उन्होंने बड़बोलों पर हमला करते हुए कहा, जो कोई भ्रष्ट है उसे नागरिक होने का कोई अधिकार नहीं है, लेकिन यह दुभार्ग्यपूर्ण है, ऐसे भ्रष्ट लोग खुद को सबसे बड़ा देशभक्त दिखाते हैं। अगर ऐसे लोग एनआरसी से बाहर निकाल दिए जाते हैं तो देश स्वच्छ होगा। नियाज खान का मानना है कि यदि भ्रष्ट लोगों के खिलाफ एनआरसी की प्रक्रिया की जाती है, तो इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

सार्वजनिक पद खाली होंगे

एक अन्य ट्वीट में नियाज खान ने कहा, मेरा विश्वास करें, अगर इसे सच्चे दिल से अंजाम दिया जाता है, तो सरकारी प्राधिकरण के साथ अधिकांश सार्वजनिक पद खाली हो जाएंगे। ईमानदार लोगों को राष्ट्र की सेवा करने का अवसर मिल सकता है।

विचार करने का अनुरोध

राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी नियाज खान की पहचान एक लेखक के तौर पर भी है। उन्होंने लिखा, भारत के एक लेखक और नागरिक के रूप में मैं माननीय प्रधानमंत्री से इस बात पर विचार करने का अनुरोध करता हूं। यह समय की तत्काल जरूरत है। केवल ईमानदार लोगों को ही देश का नागरिक होना चाहिए।

टिप्पणी के कारण चर्चा में

गौरतलब है कि नियाज खान अपनी टिप्पणी के कारण कई बार चर्चाओं में रहे हैं। एक बार फिर उन्होंने अपने सुझाव के जरिए नई बहस को जन्म दे दिया है। नियाज खान इससे पहले मॉब लिंचिंग के दौरान अपने एक बयान के चलते चर्चाओं में रहे थे।

पहचान छिपा सकूं

तब उन्होंने अपनी किताब और अपना नया नाम खोजने का उल्लेख करते हुए कहा था, पिछले छह महीनों से मैं इस पुस्तक के लिए और अपने लिए एक नया नाम ढूंढ रहा हूं, ताकि मैं अपनी मुस्लिम पहचान छिपा सकूं। खुद को नफरत की तलवार से बचाने के लिए यह जरूरी है। नियाज खान ने 'डेस्टिनी इन ड्रग्स', 'ब्लैक ग्रेव', 'अनटोल्ड सीक्रेट ऑफ माई आश्रम', 'लव डिमांड्स ब्लड' और 'तलाक' नामक उपन्यास लिखे हैं।

न्यूज गैलरी

नक्सल मामलों में आरोपी आदिवासियों के विरूद्ध दर्ज 215 प्रकरण वापस

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों विशेषकर बस्तर अंचल के अनुसूचित जनजाति वर्ग के रहवासियों और ग्रामीणजनों के उत्पीड़न पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इनके विरूद्ध पुलिस द्वारा दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करने का निर्णय लिया गया था। इस निर्णय के तहत बस्तर संभाग के सातों जिलों के अंतर्गत घटित 215 प्रकरणों की वापसी हो चुकी है। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के भावनाओं के अनुरूप 8 मार्च 2019 को उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति श्री ए.के.पटनायक की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समीक्षा समिति का गठन किया गया था। समिति की पहली बैठक में आदिवासियों के विरूद्ध दर्ज 313 प्रकरणों की वापसी की अनुशंसा की गयी। इनमें से बस्तर संभाग में घटित 215 प्रकरणों की वापसी हो चुकी है। राजनांदगांव के 98 प्रकरण न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो बाइक चोरी, मामला दर्ज

रायपुर। गोलबाजार व मौदहापारा थाना क्षेत्र से एक्टिवा व होंडा साइन मोटरसाइकिल चोरी हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार अवंति बिहार तेलीबांधा निवासी पंकज चुंग 32 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 12 जनवरी को रविभवन पार्किंग के पास प्रार्थी की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 जेएफ 7499 को किसी ने चोरी कर लिया है। इसी तरह मौदहापारा थाना क्षेत्र में सिघनपुर थाना केशकाल कोंडागांव निवासी लवनेश सिरदार 32 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक होंडा साइन क्रमांक सीजी 08 एस 9673 को मेकाहारा के सामने पीजी ब्वायस हास्टल के सामने खड़ी किया था। किसी ने प्रार्थी की मोटरसाइकिल 14 जनवरी को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

जुआ खेलते 6 जुआरी गिरफ्तार

रायपुर। जुआ खेलते पाये जाने पर पुलिस ने 6 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार आजाद चौक थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिल्लूबाड़ी बढ़ईपारा के पास जुआ खेलते भूषण साहू 24 वर्ष, भारत बरवे 40 वर्ष एवं अन्य चार जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 हजार 2 सौ 50 रुपये व ताश की 52 पत्ती जब्त किया है।

गांजा तस्करी करते दो गिरफ्तार, 10 किलो 3 सौ ग्राम गांजा जब्त

रायपुर । गंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने रेलवे स्टेशन चौक नर्मदा पारा रोड के पास गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ नारकोटिक्स 20 बी के तहत कानूनी कार्रवाई किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को रेलवे स्टेशन चौक के आगे नर्मदा पारा रोड पर छोटू चंद्रवंशी 20 वर्ष पिता स्व. राजमुनी चंद्रवंशी एवं अजय सिंह पिता मूलचंद सिंह को संदिग्ध अवस्था में खड़े देख ट्राली बैग की तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 10 किलो 300 ग्राम गांजा मादक पदार्थ मिलने पर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर चाकू से जानलेवा हमला

रायपुर। शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर हाथ मुक्का व चाकू से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट गोलबाजार थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार शास्त्री बाजार निवासी मोहम्मद शकील कुरैशी 19 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि गुरुवार को शास्त्री बाजार शराब दुकान के पास मिराज, नजीब, बंगाली निवासी बैजनाथ पारा ने प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा मांगा नहीं देने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का व चाकू से मारकर चोट पहुंचाया।

प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 51वीं पुण्यतिथि आज

रायपुर। अन्तर्राष्ट्रीय संगठन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सदस्य 18 जनवरी 2020 को अपने संस्थापक पिताश्री प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 51 वीं पुण्यतिथि को विश्व शान्ति दिवस के रूप में मनाएंगे। विश्व के पांचों महाद्वीपों में 137 देशों में विस्तारित 8500 (साढ़े आठ हजार) से भी अधिक सेवाकेन्द्रों में इस अलौकिक संस्थान के दस लाख सदस्य कल सारा दिन आत्म चिन्तन में बिताएंगे तथा राजयोग के अभ्यास के द्वारा समग्र विश्व में शान्ति के प्रकम्पन फैलायेंगे।

यह कार्यक्रम पूरे विश्व में एक साथ और एक ही समय पर आयोजित किए जाएंगे। राजधानी में श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर और चौबे कालोनी सहित सभी पन्द्रह सेवाकेन्द्रों में किया जाएगा। कल प्रातः काल से ही प्रार्थना सभाओं का दौर प्रारम्भ हो जाएगा। इसके पश्चात ब्रह्मा बाबा को श्रद्धाजंलि अर्पित की जाएगी, एवं परमात्मा को भोग स्वीकार कराया जाएगा। संस्था के मुख्यालय माउण्ट आबू में भी व्यापक स्तर पर श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भाग लेने के लिए विभिन्न देशों से लाखों लोग माउण्ट आबू में पहुँचे हैं।

ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 18 जनवरी 1969 को पिताश्री ब्रह्मा बाबा ने सम्पूर्ण अवस्था को प्राप्त कर पार्थिव देह का कलेवर त्यागा था। इसलिए यह दिवस समग्र मानव जाति के लिए दिव्यता सम्पन्न जीवन बनाने का सन्देश लेकर आता है।

जंगल में मिली 10वीं सदी की प्राचीन प्रतिमा

नव वर्ष में पुरातत्वीय कलाकृति की उपलब्धि संग्रहालय के लिये महत्वपूर्ण

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। महासमुंद जिले के ग्राम सरईटार के फिरतू कटेल जंगल में दसवीं सदी की प्राचीन प्रतिमा लावारिस स्थिति में पड़ी मिली है । प्रतिमा को प्रदर्शन के लिए महंत घासीदास संग्रहालय के पुरातत्व विभाग में लाया गया है। नव वर्ष में इस पुरातत्वीय कलाकृति की उपलब्धि संग्रहालय के लिये महत्वपूर्ण है।

संस्कृति विभाग के संचालक श्री अनिल कुमार साहू ने आज यहां बताया कि निरीक्षण में पाया गया कि उक्त प्रतिमा पुरातत्वीय कलाकृति है । यह कला-शैली की दृष्टि से लगभग 10वीं सदी के आसपास की ज्ञात होती है। प्रतिमा के सिरोभाग पर पांच फणों का प्रदर्शन विशेष रूप से प्रभावित करता है। इस प्रतिमा का स्पष्ट अभिज्ञान करने के लिए नगर के अन्य पुराविदों का सहयोग लिया जा रहा है। काले ग्रेनाइट प्रस्तर से निर्मित इस प्रतिमा के कुछ अंश में खंडित तथा क्षरित है। इस कलाकृति का समुचित रासायनिक उपचार और संरक्षण करने के पश्चात् दर्शकों के अवलोकन के लिए संग्रहालय में प्रदर्शित कर दी जावेगी।

संचालक श्री साहू ने बताया कि महासमुंद जले की पिथौरा थाना प्रभारी द्वारा ग्राम सरईटार के फिरतू कटेल जंगल में लावारिस स्थिति में पड़ी प्राचीन प्रतिमा को जब्त कर संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग को उक्त पुरावशेष के निरीक्षण, परीक्षण के लिये सूचित किया गया था। थाना प्रभारी की सूचना पर पुरातत्व विभाग के अधिकारियों के द्वारा 14 जनवरी 2020 को पिथौरा थाना में उक्त प्रतिमा का परीक्षण किया गया। परीक्षण तथा सुपुर्दनामा कार्यवाही पश्चात् इस प्रतिमा को पुरातत्व विभाग के अधिकारियों को सौंपी गयी। जिसे प्रदर्शन के लिए संग्रहालय में लाया गया। संस्कृति संचालक ने थाना प्रभारी पिथौरा, कमला पुसाम द्वारा इस संबंध में किये गये प्रयास की सराहना की है।

नगरीय प्रशासन मंत्री ने स्टॉकहोम की 'न्यूमैटिक वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली' का किया अवलोकन

- नगरीय प्रशासन और आवास एवं पर्यावरण विभाग के
- संयुक्त दल प्रदेश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए स्टॉकहोम अध्ययन दौरे पर

रायपुर। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया के नेतृत्व में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और आवास एवं पर्यावरण विभाग के संयुक्त दल ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली के अध्ययन के लिए स्टॉकहोम गए हुए हैं। डॉ.शिव कुमार डहरिया सहित अध्ययन दल द्वारा आज स्टॉकहोम सिटी काउन्सिल के सहयोग से हेमरबी एवं ग्रोजमार्टर क्षेत्र में न्यूमैटिक वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम प्रणाली से किए जा रहे ठोस अपशिष्ट एकत्रीकरण कार्य का अध्ययन किया। इस प्रणाली के माध्यम से क्षेत्र में घरों से सीधे वेस्ट कलेक्शन सेंटर तक बिना मानव-बल के उपयोग से ठोस अपशिष्ट का परिवहन संभव हुआ है।

अध्ययन दल द्वारा स्टॉकहोम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर किए जा रहे विभिन्न अभिनव प्रयोग जैसे सेन्सर बेस सिंगल इन्लेट स्मार्ट वेस्ट कलेक्शन, ठोस अपशिष्ट से बायो गैस उत्पादन एवं वैज्ञानिक रीति से ठोस अपशिष्ट के निपटान विषय पर चर्चा एवं इसका अवलोकन किया गया। अध्ययन दल में सचिव नगरीय प्रशासन श्रीमती अलरमेलमंगई डी., सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग सुश्री संगीता पी. तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

हबीबगंज-पुरी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दो फेरो के लिए रद्द रहेगी

रायपुर। हबीबगंज-पुरी-हबीबगंज के मध्य चलने वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 21 एवं 28 जनवरी को दो फेरो के लिए रद्द रहेगी।

रेल मंडल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी 01661/01662 हबीबगंज-पुरी-हबीबगंज के मध्य साप्ताहिक स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 01661 हबीबगंज-पुरी, हबीबगंज से प्रत्येक मंगलवार को 07 जनवरी से 28 जनवरी तक तथा गाड़ी संख्या 01662 पुरी-हबीबगंज, पुरी से प्रत्येक बुधवार को 08 से 29 जनवरी तक चलने की घोषणा की गयी है। पश्चिम मध्य रेलवे से प्राप्त जानकारी के हवाले से रेल मंडल सूत्रों ने बताया कि हबीबगंज एवं पुरी के मध्य चल रही साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को अपरिहार कारणों से गाड़ी दो फेरों के लिए रद्द किया गया है।

साहू समाज चंगोराभाठा परिक्षेत्र का रजत जयंती समारोह 19 को

रायपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी साहू समाज चंगोराभाठा परिक्षेत्र की 9वीं वर्षगांठ रजत जयंती समारोह के रूप में 19 जनवरी रविवार को मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गृह, लोकनिर्माण एवं संस्कृति मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे। अध्यक्षता साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन हिरवानी होंगे। विशिष्ठ अतिथि होंगे अभनपुर के विधायक धनेन्द्र साहू, धमतरी विधायक श्रीमती रंजना साहू, कसडोल सुश्री शकुंतला साहू होंगे। कार्यक्रम का संचालन शहर जिला साहू संघ के अध्यक्ष मेघराज साहू करेंगे। उक्त जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संघ के अध्यक्ष सनत साहू, उपाध्यक्ष उद्धव प्रसाद साहू डंगनिया, भंवरलाल साहू रायपुरा, रामलखन साहू जिलाध्यक्ष एवं श्रीमती सुधा साहू डीडीनगर ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में वार्ताकारों ने बताया कि रजन जयंती समारोह के अवसर पर साहू समाज के विजेता पार्षदों का एवं वार्ड पार्षदों का अभिनंदन किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। शाम को कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान ही मुख्य अतिथि का खुमरी एवं नागर भेंट कर किया जाएगा।

पिता ने सौतेली बेटी के साथ किया अनाचार, आरोपी फरार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी में शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। आरोप है कि पिता ने अपनी ही सौतेली बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत टिकरापारा पुलिस से की है। जानकारी के अनुसार टिकरापारा थाना में एक लड़की ने अपनी ही पिता पर दुष्कर्म का केस दर्ज करवाया है। उसने पुलिस को बताया कि आरोपी रफीक ने अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया। मामले में पता चला है कि आरोपी रफीक ने दूसरी शादी की है। वह दूसरी पत्नी और सौतेली बेटी के साथ रह रहा था । तभी आरोपी ने दुष्कर्म किया है। फिलहाल पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाशी में जुट गई है। पुलिस जल्द ही इस मामले की पुष्टि करेगी।

नौकरी लगाने के नाम पर फोनकर बुलाया और दो लोगों ने मिलकर किया गैंगरेप

रायपुर। नौकरी लगाने के लिये फोनकर बुला युवती के साथ बलात्कार किया। घटना की रिपोर्ट सेजबहार थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार आजाद चौक निवासी पीड़िता 21 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि गुरुवार को स्वागत विहार डुण्डा रोड किनारे खाली प्लाट में ललीत यादव 36 वर्ष पिता श्रवण यादव एवं संजय साहू 27 वर्ष पिता परदेशीराम साहु निवासी टेमरी माना रायपुर ने प्रार्थिया को नौकरी लगाने के लिये फोन कर बुलाया व डरा-धमका कर शारीरिक संबंध बनाया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 376,34 के तहत बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है।

एमडी बिजौरा का आफिसर्स एसोसिएशन ने किया अभिनंदन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेषन कंपनी में नव-नियुक्त प्रबंध निदेषक एवं डायरेक्टर एन.के बिजौरा को बधाई तथा भविष्य के सफल कार्यकाल के लिये मंगलकामनायें देने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी के आफिसर्स एसोसिएषन के पदाधिकारियों ने विद्युत सेवाभवन में श्री बिजौरा से भेंटकर शुभकामनायें दी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (वित्त) अजय दुबे सहित आफिसर्स एसोसिएषन के उपाध्यक्ष विजय मिश्रा, महासचिव सौमित्र दुबे एवं अन्य पदाधिकारी सर्वश्री अजय शर्मा, जी.के. राठी, निषान्त मुंडेजा ने नवपदस्थ एमडी श्री बिजौरा के नेतृत्व में जनरेशन कंपनी की सतत् प्रगति की कामना की।

पॉवर कंपनी में अटैच वाहन से हो रही थी अवैध शराब परिवहन, हुई कार्रवाई

- वाहन अनुबंध निरस्त, सुरक्षा निधि राजसात-ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने अनुषंसा

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी बलौदा बाजार के परियोजना उप संभाग कार्यालय में किराये पर लगी गाड़ियों के द्वारा दो दिन पूर्व अवैध रूप से मध्यप्रदेष से छत्तीसगढ़ षराब लाने के प्रकरण पर आज कठोर कार्यवाही की गई। इन गाड़ियों का अनुबंध निरस्त करते हुये सुरक्षा निधि को राजसात किया गया साथ ही वाहन मालिक को ब्लैक लिस्टेड करने की अनुषंसा की गई। पॉवर कंपनी अध्यक्ष श्री षैलेन्द्र षुक्ला ने इस प्रकरण पर उच्चस्तरीय जांच के निर्देष दिये थे। जांच उपरान्त पाया गया कि कबीरधाम के पंडरिया कुकदूर थाना अन्तर्गत षराब का अवैध परिवहन करने हेतु जब्त किये गये वाहन टाटा पिक अप क्रमांक सीजी 22 एच-4367 एवं टीयूव्ही महेन्द्रा सीजी 22 जी-7457 छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी के नहीं है। इनका प्रोपराईटर अनिल गुप्ता है जो कि बलौदा बाजार क्षेत्र के विद्युत विषयक कार्यों के लिये इन वाहनों को किराये पर लगाया गया था।

इन गाड़ियों के संबंध में बलौदा बाजार विद्युत संभाग के अधीक्षण अभियंता श्री सलिल खरे ने बताया कि वाहन मालिक मेसर्स माँ शारदा ट्रांसपोर्ट प्रोपराईटर श्री अनिल गुप्ता द्वारा इन गाडियों को वेल्यूवेषन एवं मरम्मत कार्य हेतु 14 जनवरी 2020 को विद्युत कार्यालय से ले लिया गया था। अगले दिन अर्थात 15 जनवरी को दोनों गाड़ियों में अवैध शराब परिवहन करते हुये कुकदूर पुलिस द्वारा पकड़ा गया।

वार्षिकोत्सव...

रायपुर। चंगोराभाठा स्थित एकलव्य एजुकेशन एकेडमी स्कूल में वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्राएं।

गोरखधंधा घातक बीमारियों की दवा कोई साइड इफेक्ट नहीं कहकर बेची जा रही है, ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल लगे प्रतिबंध

विज्ञापनी दवाओं का बाजार मरीजों को कर रहा गुमराह, जिम्मेदार नहीं कर रहे कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। विभिन्न बीमारियों के लिए आसान इलाज के नाम पर कुछ दवा कंपनियों द्वारा घटिया स्तर की दवाओं का व्यापक मात्रा में सोशल मीडिया टीवी आदि के माध्यम से प्रचार कर गंभीर व्याधि से ग्रस्त मरीजों को ऑनलाइन दवा मंगाने के नाम पर गुमराह किया जा रहा है। इस संबंध में जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. योगेश चंद्र मिश्रा ने आरएनएस प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों से केंद्रीय एवं राज्य स्तर पर तत्काल प्रभाव से छापा मारी कर उक्त दवाओं को प्रतिबंधित करने की मांग की है। ज्ञातव्य है कि किडनी हार्ट लीवर, कैंसर एवं यौन रोगों से संबंधित दवाओं को प्राकृतिक दवा कोई साइड इफेक्ट नहीं बताकर ऑनलाइन एवं टीवी विज्ञापन के जरिए मनमाने दामों पर बेचा जा रहा है जिसके चलते आए दिन मरीजों की जान संकट में पड़ जाती है। डॉ.

मिश्रा ने बताया कि वे हाउसिंग बोर्ड कालोनी टाटीबंध के निवासी है। विगत रविवार को उनके आवास में ऐसे ही एक मरीज दंपत्ति का आना हुआ जिन्होंने ऑनलाइन दवा मंगाकर हार्ट एवं किडनी से संबंधित बीमारी से मुक्ति पाने के लिए दवा का सेवन किया था। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्होंने उक्त हीरापुर निवासी मरीज दंपत्ति को तत्काल एम्स हास्पिटल रिफर किया। इसी तरह शहर के अन्य क्षेत्रों में भी टीवी में विज्ञापन देखकर दवा लेने वालों को डॉक्टर चंद्रमणी तिवारी,डॉ. संगीता तिवारी, डॉ. संगीता नागराज, डॉ. अशोक गुप्ता ने डॉक्टरों को बिना दिखाए मनमाने तरीके से दवा का इस्तेमाल न करने की सलाह आरएनएस प्रतिनिधि के माध्यम से दी है। साथ ही डॉ. योगेश चंद्र मिश्रा ने भी ड्रगिस्ट एवं केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष से बिना डॉक्टर की पर्ची देखे दवा दुकानदारों से घातक बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाएं बिक्री न करने के लिए रिटेलर मेडिकल स्टोर के संचालकों को तत्काल निर्देश देने की मांग की है।

संपादकीय

अमेरिका के तरीके को अपनाना जरूरी

यूं तो दुनिया में कई देश आतंकवाद का दंश झेल रहे है लेकिन भारत पाक प्रायोजित आतंकवाद से ज्यादा पीड़ित है। पाकिस्तान एक लंबे अरसे से भारत में आतंकवाद की आग को भड़काने का काम कर रहा है। यद्यपी पिछले छह वर्षों से जब से केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है। तब से देश में आतंकी घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगी है। किन्तु खतरा अभी भी टला नहीं है। खास तौर पर कश्मीर में तो आतंकवादी संगठन लगातार सक्रिय है जिनके खिलाफ भारतीय सेना आपरेशन आलआउट चला रही है। इससे वहां आतंकवाद कि कमर टूटी है लेकिन अभी भी पाकिस्तान कश्मीर में अशांति फैलाने के लिए आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। इस आतंकवाद से निपटने के लिए भारत को अमेरिका के तरिके को आजमाना चाहिए। देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाप जनरल बिपिन रावत ने इस बारे में सही कहा है कि आतंकवाद से अमेरिकी स्टाइल में निपटना होगा। हमें आतंकवाद को खत्म करना होगा और वह सिर्फ अमेरिकी तरीके से ही संभव है। उनका कहना है कि आतंकवादियों के साथ ही उन लोगों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करनी होगी। जो आतंकवादियों की मदद करते है। जनरल बिपिन रावत के अनुसार अमेरिका ने 9/11 हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक युद्ध छेड़ दिया है। भारत को भी ऐसा करना होगा। तभी आतंकवाद का खात्मा हो पाएगा। उनकी बात बिलकुल सही है। वास्तव में अब तक भारत में आतंकवाद से निपटने के लिए कठोर कदम नहीं उठाए गए है। आतंकवादियों को तो सेना चुन-चुन कर निशाना बना रही है। लेकिन आतंकवादियों के मददगारों के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। सबसे पहले ऐसे आस्तीन के सांपों का फन कुचलना होगा और आतंकवादी संगठनों को की जा रही फंडिंग को रोकना होगा। तभी यह देश आतंकवाद को खत्म करने में सफल होगा। जरनल बिपिन रावत को देश का पहला सीडीएस बनाने के बाद से यह उम्म्मीद बंधी है कि वे अपने प्रदिर्घ अनुभव से आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे और आतंकवाद की जड़ पर प्रहार करेंगे। इसके लिए यदि पाकिस्तान में और बड़ी सर्जिकल स्ट्राईक करनी पड़े तो इससे भी भारत को नहीं हिचकना चाहिए।

विचार

आखिर मिले हाथ

अमेरिका और चीन के बीच लगभग दो साल के ट्रेड वॉर के बाद हुए व्यापार समझौते की खबर से दुनिया ने राहत की सांस ली है। इसे समझौते का पहला चरण कहा जा रहा है, जिसके तहत चीन व्यापार शुल्क का एक हिस्सा हटाए जाने की एवज में अगले दो साल में अमेरिका से 200 अरब डॉलर की सालाना खरीदारी करेगा। इसमें 50 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद भी शामिल हैं, जो अमेरिकी चुनाव में भावनात्मक मुद्दे का रूप ले सकते हैं। इसके अलावा अमेरिकी बौद्धिक संपदा अधिकार का सम्मान करने और अपनी मुद्रा की विनिमय दरों में कृत्रिम बदलाव न करने की बात चीन बाकायदा लिखकर दे रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने मुद्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले देश का बिल्ला चीन से पहले ही हटा लिया था। दुनिया की दोनों चोटी की अर्थव्यवस्थाओं में तनाव 22 जनवरी 2018 को शुरू हुआ, जब ट्रंप ने चीन में बने सौर पैनलों और वाशिंग मशीनों पर शुल्क लगाने की घोषणा कर दी। इसके बाद एक-दूसरे पर जवाबी शुल्क का हमला शुरू हो गया। इस व्यापार युद्ध में अमेरिका ने चीन से आने वाले 550 अरब डॉलर के उत्पादों पर शुल्क बढ़ा दिया, जबकि चीन ने ऐसी ही कार्रवाई अमेरिका से आने वाली 185 अरब डॉलर की वस्तुओं पर की। अमेरिका ने चीन पर टेक्नॉलजी चोरी करने और अपनी मुद्रा की कीमत नीचे रखने का आरोप भी लगाया। दरअसल, अमेरिका और ज्यादातर पश्चिमी देश तकनीक के मामले में चीन की रफ्तार से खासे परेशान हैं। अमेरिका ने ट्रेड वॉर की आड़ लेकर उसकी तकनीकी प्रगति में अड़ंगा डालने की चाल चली लेकिन जल्द ही इसका खामियाजा खुद अमेरिका को ही भुगतना पड़ गया। पिछले कुछ समय से अर्थशास्त्रियों की यह गुहार अलग-अलग कोनों से सुनाई देने लगी है कि पूरे विश्व में स्लोडाउन आ रहा है, जिसकी कुछ जवाबदेही चीन-अमेरिका ट्रेड वॉर पर भी आती है।

टेक ज्ञान

40 हजार रुपये सस्ते में खरीदें iPhone XS

नई दिल्ली। अगर आप iPhone खरीदने का मन बना रहे हैं, तो इस स्मार्टफोन पर शानदार ऑफर है। Flipkart की Republic Day Sale में आईफोन्स पर 40 हजार रुपये तक की बंपर छूट मिलेगी। ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट पर रिपब्लिक डे सेल 19 जनवरी को शुरू होगी, जो 22 जनवरी तक चलेगी। सेल के दौरान Apple iPhone XS पर 40,000 रुपये सस्ता मिलेगा। इस फोन को आप 49,999 रुपये में खरीद सकेंगे। इसके अलावा दूसरे आईफोन भी तगड़े डिस्काउंट पर मिलेंगे। सेल में आईफोन XS पर डिस्काउंट के बाद इसका 64GB स्टोरेज मॉडल 49,999 रुपये में खरीदा जा सकता है।

सिरे नहीं चढ़ पाई विपक्षी एकता

रमेश सर्राफ

> हाल ही में कांग्रेस पार्टी पहले महाराष्ट्र फिर झारखंड की गठबंधन सरकार में शामिल हुई है। लेकिन दोनों ही प्रदेशों में मुख्यमंत्री क्षेत्रीय दलों के हैं। महाराष्ट्र में शिवसेना व झारखंड में झारखंड मक्ति मोर्चा कांग्रेस से गठजोड़ करने से पूर्व भारतीय जनता पार्टी से भी गठबंधन कर सरकार चला चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस का यह सोचना के इन प्रदेशों में उनका जनाधार बढ़ा है अपने आप को गुमराह करने के समान है। नागरिकता संशोधन कानून पर कांग्रेस ने जिस तरह से केन्द्र सरकार के विरोध करने का तरीका अपनाया है। उससे देश भर में बुद्धिजीवी व राष्ट्रवादी विचारधारा के लोगो की भावना कांग्रेस के प्रति और अधिक नकारात्मक हुयी है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को विपक्षी दलों को एकजुट कर उनके सहारे नरेन्द्र मोदी सरकार को घेरने की रणनीति बनाने की बजाय प्रदेशों में अपनी पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कारगर प्रयास करना चाहिये।

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिकता पंजीकरण (एनआरसी) के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा केंद्र सरकार विरोधी दो दर्जन विपक्षी दलों की एकता को लेकर बुलाई गई बैठक असफल साबित हुई है। सोनिया गांधी द्वारा बुलाई गई बैठक में विभिन्न प्रदेशों में प्रभावशाली क्षेत्रीय दल समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रुमक, तेलुगू देशम पार्टी, शिवसेना, आप पार्टी ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक का बहिष्कार कर एक तरह से सोनिया गांधी के विपक्षी एकता के प्रयासों को तगड़ा झटका दिया है।

सोनिया गांधी द्वारा आयोजित बैठक का सर्वप्रथम पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बहिष्कार करने की घोषणा की थी। ममता बनर्जी का कहना था कि बंगाल में तो कांग्रेसी नेता वामपंथी दलों के साथ मिलकर हमारी सरकार के खिलाफअभियान चलाते है और दिल्ली में सोनिया गांधी कांग्रेस की बैठक में विपक्षी दलों को एकता करने की बात को लेकर उनको आमंत्रित करती है। कांग्रेस के इस प्रकार के दोहरे रवैये के चलते हम दिल्ली की बैठक का बहिष्कार करते हैं। ममता बनर्जी का कहना था कि हम केन्द्र सरकार की नीतियों का विरोध करते हैं मगर हमें कांग्रेस के साथ की जरूरत नहीं हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी बैठक से पूर्व ट्वीट कर कांग्रेस पर आरोप लगाया कि राजस्थान में बसपा विधायक कांग्रेस सरकार को बिना शर्त बाहर से समर्थन दे रहे थे। उसके बावजूद राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बसपा के सभी 6 विधायकों को तोडक़र कांग्रेस में शामिल करवा लिया। कांग्रेसी एक तरफ तो विपक्षी एकता की बात करती है दूसरी तरफ बसपा के विधायकों को तोड़ रही है। राजस्थान में मुख्यमंत्री गहलोत दो बार हमारे विधायको को तोड़ कर हमारी पार्टी को कमजोर करने का प्रयास किया है। ऐसी स्थिति में हम कांग्रेस के साथ किसी भी तरह का गठबंधन करने के पक्ष में नहीं है। बसपा कांग्रेस के साथ किसी बैठक में भी शामिल नहीं होगी।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शिवसेना महाराष्ट्र की अघाड़ी सरकार में कांग्रेस के साथ शामिल है। लेकिन शिवसेना ने भी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा आहूत की गई विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होना उचित नहीं समझा। तमिलनाडु में एम स्टालिन की द्रुमक, आंध्र प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आप पार्टी ने भी कांग्रेस की बैठक से दूरी बनाए रखी।

कांग्रेस द्वारा आयोजित बैठक में कांग्रेस के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल,

जम्मू कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस, जम्मू कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, चौधरी अजीत सिंह का राष्ट्रीय लोक दल, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, शरद यादव का लोकतांत्रिक जनता दल, कर्नाटक का जनता दल सेक्युलर, जीतन राम मांझी कि हम, उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी, आरएसपी, केरल कांग्रेस मणि गुट व असम के बदरुद्दीन अजमल की एआईयूडीएफपार्टी शामिल हुई।

मीटिंग से पूर्व कांग्रेसी नेताओं को आशा थी कि केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफसभी विपक्षी दल उनके नेतृत्व में एकजुट होकर आगामी संसद सत्र में केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार हल्ला बोलेंगे। लेकिन कई प्रदेशों में प्रभावशाली विपक्षी दलों के नेताओं के कांग्रेस की बैठक में शामिल नहीं होने से विपक्षी दलों का नेतृत्व करने का कांग्रेस पार्टी के नेताओं के मंसूबे धरे रह गए।

कांग्रेस की मीटिंग में जो 17 दल शामिल हुये उनके पास लोकसभा की मात्र 73 सीटें है तथा उन सभी दलों को मिलाकर पिछले लोकसभा चुनाव में 24.59 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस की बैठक में शामिल बिहार की राष्ट्रीय जनता दल, जम्मू कश्मीर की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, उत्तर प्रदेश के अजीत सिंह का राष्ट्रीय लोक दल, शरद यादव का लोकतांत्रिक जनता दल, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी कि हम, पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी का तो लोकसभा में एक भी सदस्य नहीं है। जबकि कांग्रेस के पास 52, एनसीपी के 5, नेशनल कांफ्रेंस के पास 3, मुस्लिम लीग के पास 3, माकपा के पास 3, भाकपा के पास 2, झारखंड मुक्ति मोर्चा के पास 1, जनता दल सेक्युलर के पास 1, आरएसपी के पास 1, केरल कांग्रेस मणि गुट के पास 1 व एआईयूडीएफके पास 1 सांसद है। वहीं कांग्रेस की बैठक का बहिष्कार करने वाले विरोधी दलों के पास लोकसभा की 84 सीटें हैं। जिन्हें पिछले चुनाव में 17.17 प्रतिशत मत मिले थे। इनमें अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के पास 5 लोकसभा सांसद है। मायावती की बसपा के पास 10 सांसद, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के पास 22 सांसद, तमिलनाडु में स्टालिन की द्रुमक के पास 24 सांसद, आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी के पास 3 सासंद, महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शिवसेना के पास 18 सांसद व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आप पार्टी के पास एक सांसद हैं।

हालांकि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा बुलाई गई मीटिंग को विपक्षी दलों में ही मान्यता नहीं मिल पाई फिर भी यदि उपरोक्त सभी विपक्षी दल भी सोनिया गांधी की मीटिंग में शामिल होते तो उन सबके पास मिलाकर भी लोकसभा की 157 सीटें ही होती। इन सभी दलों को मिलाकर पिछले लोकसभा चुनाव में 41.76 प्रतिशत मत मिले थे। वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी अपने तक सीमित होती जा रही है। महाराष्ट्र में सत्ता के लालच में शिवसेना से गठबंधन करने के बाद तो अल्पसंख्यक समुदाय में भी कांग्रेस का प्रभाव कम होने लगा है। उसके बाद से पूरे देश में कांग्रेस की सेक्युलर छवि पर अंगुली उठाई जाने लगी है। वैसे भी कांग्रेस उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, जम्मू कश्मीर, गोवा व असम सहित पूर्वांचल के सभी प्रदेशों में अपना जनाधार खोकर क्षेत्रीय दलों की सहयोगी की भूमिका में आ चुकी है।

छात्र आंदोलन की रोशनी में सियासत चमकाता विपक्ष

आशीष वशिष्ठ

> जेएनयू में हुई मारपीट के विरोध में आसमान सिर पर उठाने वालों को इस बात का भी जवाब देना चाहिए कि विवि के सैकड़ों छात्रों को परीक्षा देने रोकने का षडयंत्र रचने वाले क्या असामाजिक तत्व नहीं हैं और उन्हें संरक्षण देना किस तरह की सियासत है? जामिया मिलिया और अलीगढ़ मुस्लिम विवि के छात्रों का बिना देर किया जेएनयू जा पहुंचना महज संयोग नहीं हो सकता। कहीं न कहीं विश्वविद्यालय प्रशासन भी छात्रों के बीच जारी तनाव को देखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पाया। टकराव टालने और एहतियाती तौर पर जो सुरक्षा उपाय होने चाहिए थे, वे नहीं हुए।

नागरिकता संशोधन कानून का विरोध कर रहे छात्रों की आड़ में विपक्ष अपनी राजनीति चमका रहा है। विपक्ष को लग रहा है कि छात्र आंदोलन वो मजबूत दीवार है जिस पर चढ़कर वो अपनी राजनीति का झण्डा बुलंद कर सकते हैं, इसलिए वो विमर्श की बजाय हिंसा का समर्थन करता दिख रहा है। वहीं सीएए के विरोध में शुरू हुए विरोध में आज कई दूसरे मुद्दे जुड़ चुके हैं। तमाम मुद्दे ऐसे हैं जिनका सीधे तौर पर छात्रों से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन जोश में होश खो चुके छात्र राजनीतिक दलों की कठपुतलियां बनकर उनके इशारों पर उछल-कूद रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने तो मुंबई के गेट आफ इंडिया से दिल्ली के राजघाट तक नागरिकता संशोधन बिल और एनआरसी के विरोध में गांधी शांति यात्रा शुरू कर दी है। यात्रा के शुरूआती मौके पर यशवंत सिन्हा ने केंद्र सरकार की नीतियों की कड़े शब्दों में आलोचना की और सीएए व एनआरसी को देश के लिए घातक बताते हुए कहा कि, देश में जेपी आंदोलन शुरू हो गया है। छात्रों ने देश को एक नया मार्ग दिखाया है। इससे देश में बदलाव होना तय है। यशवन्त सिन्हा के विचारों से आप विपक्ष की मंशा को बखूबी समझ सकते हैं। जहां तक बात यशवंत सिन्हा की है तो वो बीजेपी में रहे हैं लेकिन मौजूदा सरकार की नीतियों की आलोचना करते रहे हैं। चुनाव से पहले की विपक्षी गतिविधियों की तरह अब भी यशवंत सिन्हा को शरद पवार और शत्रुघ्न सिन्हा का साथ मिल रहा है। यशवंत सिन्हा का मिशन तो नया है, लेकिन मकसद पुराना ही है- बीजेपी के मौजूदा नेतृत्व नरेंद्र मोदी और अमित शाह को घेरना।

जेएनयू में जो घटना पिछले दिनों घटी उसकी जितनी निंदा की जाए वो कम है। अब सवाल उठता है कि विद्यार्थियों पर ऐसा अमानवीय प्रहार आखिर क्यों किया गया और इसका जिम्मेदार कौन है? देखा जाए तो पूरी घटना विश्वविद्यालय के परिसरा के भीतर छात्रों के गुटों में होने वाले सामान्य झगड़े तक ही सीमित रहती लेकिन प्रो. योगेन्द्र यादव ने जेएनयू पहुंचकर परिसर में घुसने की कोशिश की किन्तु पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान उनके साथ धक्कामुक्की भी हुई जिसके बाद उन्होंने पूरी तरह पेशेवर राजनेता की तरह वामपंथी धारा के अनुरूप बयान देना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे सीताराम येचुरी, डी. राजा और ऐसे ही अन्य नेता भी जेएनयू पहुंच गये। घायल छात्रों को देखने कांग्रेस महासचिव

प्रियंका वाड्रा अस्पताल जा पहुंची। राहुल गांधी और अरविन्द केजरीवाल के ट्वीट भी आने लगे। भाजपा के नेता भी घायल छात्रों से मिलने अस्पताल पहुंचे। जो कुछ भी हुआ वह दर्दनाक और शर्मनाक कहा जाएगा। जेएनयू देश के सर्वाधिक प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों में माना जाता है। लेकिन बीते काफी समय से इसकी चर्चा नकारात्मक कारणों से होने लगी है। इसकी वजह वहां वामपंथी एकाधिकार के लिए उत्पन्न खतरा ही है। चूंकि जेएनयू छात्र संघ की अध्यक्ष आइशी घोष भी हमले में घायल हो गई इसलिए वामपंथी लॉबी के प्रचार को और बल मिल गया। एक समय था जब इस संस्थान में छात्र और शिक्षकों में वामपंथी रुझान वाले ही ज्यादा थे। दूसरी विचारधारा के लोगों की हालत दांतों के बीच में जीभ जैसी थी। लेकिन कुछ साल पहले से जब वहां अभाविप ने भी छात्र राजनीति में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना शुरू की तबसे वामपंथी कुनबे के पेट में दर्द शुरू हो गया।

गौरतलब ये है कि कहने को तो कांग्रेस की छात्र इकाई एएसयूआई भी जेएनयू में सक्रिय है लेकिन उसका होना न होना एक जैसा है। अभाविप का जनाधार बढने के पूर्व जेएनयू में विभिन्न वामपंथी गुट ही आपस में टकराते रहते थे। कुछ साल पहले जब वहां छात्रसंघ चुनाव में अभाविप का पदाधिकारी जीत गया तब वामपंथी गुटों को अपने वर्चस्व के लिए खतरा महसूस हुआ और उसके बाद के चुनावों में वे एकजुट होकर मैदान में उतरे। योगेन्द्र यादव जिस आम आदमी पार्टी के संस्थापक रहे उसकी छात्र इकाई ने भी जेएनयू में हाथ आजमाया लेकिन निराशा हाथ लगी।

ये कहने में कुछ भी गलत नहीं है कि छात्रसंघ राजनीति में अभाविप अकेली ही संयुक्त वामपन्थी ताकत की प्रतिद्वंदी है। जेएनयू का ताजा बवाल दरअसल किसी तात्कालिक घटना का नतीजा न होकर वामपंथी प्रभुत्व को मिल रही कड़ी चुनौती का परिणाम है। परिसर में सीसी कैमरे लगाने, महिला छात्रवासों में पुरुष छात्रों का बेरोकटोक प्रवेश और देर रात तक स्वच्छंदता के माहौल पर रोक जैसे कदमों को अभिव्यक्ति की आजादी पर आघात मानकर प्रलाप करने वाले लोग दरअसल कुंठाग्रस्त हैं। कन्हैयाकुमार को रातों-रात राष्ट्रीय नेता बनाने की कार्ययोजना फ्लॉप हो चुकी है। गुजरात में हार्दिक पटेल का आकर्षण भी ढलान पर है। बंगाल का वामपन्थी किला मलबे में तब्दील हो चुका है। त्रिपुरा में भी साम्यवादी सत्ता पतन का शिकार हो गयी। केरल में ही उसका बचा खुचा आधार है जिसे जबरदस्त चुनौती मिलने लगी है। ऐसे में दुष्प्रचार ही एकमात्र सहारा बच रहा है, वामपंथियों के पास। रही बात बाकी पार्टियों और नेताओं की तो उनकी नीतिगत पहिचान नष्ट होने से वे भी अंधे विरोध की राह पर चल पड़ते हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तू डोर बन, मैं पतंग बन जाऊं तुझसे बंध

तू डोर बन, मैं पतंग बन जाऊं तुझसे बंध, मदमस्त हवा में झूमूँ, मुक्त गगन में लहराऊँ। तू चकरी बन मैं मंजा बन जाऊं तुझसे लिपट बहुत इतराउं । तेरे हाथ की तान में चढ़ पेंच लड़ाऊं दुश्मन को मार गिराऊं। तू कलम बन मैं स्याही बन जाऊं, कागज़ में उतर प्यार के तराने गाऊं। **वर्षा ठाकुर**

सुरूज नरायन के पांव लहुटगे अब बेरा

सुरूज नरायन के पांव लहुटगे अब बेरा ल लहुटाही सुट ले बुलकत घड़ी-पहर के चाल-कदम अरझाही तब तिली-गुड़ के लाडू सही सबके दिन-बादर ह भाही संग सर-सर झुमरत-नाचत पुरवाही राग बसंती गाही। **कवि सुशील भोले**

खास पाती

हसरतों के जिद्दी आसमाँ में

हसरतों के जिद्दी आसमाँ में बेलगाम उड़ती सतरंगी पतंगों के ख्वाहिशी हुजूम में सब्र की डोर से जीत का ताना बाना बुन खिलखिलाती उमंगों का लेकर कारवाँ उम्मीदों की मजबुत डोरी से अनसुलझी गुत्थियों को सुलझा लक्ष्यों का सिरा थाम कर मजिंलो का पता खोंज वजुद को तराश कर मुस्कराहटों के श्रृगांर से राहों में परचम फहराती हूँ। **आरती बजाज**

गुड़ की भेली जैसी अम्मा ख़ास

गुड़ की भेली जैसी अम्मा। ख़ास सहेली जैसी अम्मा।। पीपल बड़ जो बाबा मेरे, तुलसी, केली जैसी अम्मा। न्यारी-न्यारी अँगुली बच्चे, और हथेली जैसी अम्मा। रिश्तों का आँगन महकाती बेल चमेली जैसी अम्मा। जीवन के चूल्हे पर जलती, रोज तपेली जैसी अम्मा। पीड़ा को जब हँस कर पीती, लगे पहेली जैसी अम्मा। घूँघट अब भी काढ़े रहती, नार नवेली जैसी अम्मा। कम ही देखी नारी ऐसी है अलबेली जैसी अम्मा। **आशा पांडेय ओझा**

तलाशता हूँ तुमको, जब अकेला होता हूँ

तलाशता हूँ तुमको, जब अकेला होता हूँ। जान लो, तुझे याद करते करते सोता हूँ।। आँखों में तेरा अक्स ना हो तो अधुरा है, बोझिल होती पलकों में मैं तुझे संजोता हूँ।। गैरों से होती बातें, तनहा ताकता मैं इधर, तरन्नुम सी गूंजती हँसी में बेसुध खोता हूँ।। अब तो सामने से मिल जाओ मुझसे कभी, दूरियों का गम कबसे दिल में मैं ढोता हूँ।। कैसे बताये खुदा को गिरीश हाल ए दिल, काटता हूँ वहीं जो मैं जानते हुए बोता हूँ।।

गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश

पोस्ट डालनी तो सब को है

पोस्ट डालनी तो सब को है पर दूसरों की पोस्ट पर लाइक कमेंट मतलब शान में गुस्ताखी फेसबुक का आगन जो कभी खिलखिलाता था अब तो बस औपचारिकताओं तक ही सिमट कर रह गया है या फिर खिंच तान और दंगल। **सुनिता पुष्पराज पाण्डेय**

हम मंगलयान की बात करते हैं

हम मंगलयान की बात करते हैं चंद्रयान की बात करते हैं अणु बम की बात करते हैं परमाणु बम की बात करते हैं.. चीन हमारे हर घर से हर साल दस से पचास हजार रुपए चंदा ले जाता है सिर्फ एक मोबाइल थमाकर.. और क्या हमारे वैज्ञानिक मोबाइल की एक बैटरी भी बनाने में सक्षम नहीं.?? समस्या कहां पर है.?? चिंतन आवश्यक है। **मनोज स्वाइन**

यूँ निगाह में न रख ख्वाब सा गर बिखर

यूँ निगाह में न रख ख्वाब सा गर बिखर गया तो कि बना के आइना तुझ ही को जो सँवर गया तो है नयी नयी मुहब्बत न यूं आजमा अभी तू किसी रोज़ बन हवा सामने से गुजर गया तो न वफा न प्यार कोई, न दगा, न यार कोई ये नशा नया-नया शाम ही तक उतर गया तो। **वंदना मोदी गोयल**

मगर फर्क सिर्फइतना है सब ही

मगर फर्क सिर्फइतना है सब ही इन्सान हैं मगर फर्क सिर्फ इतना है कुछ जख्म देते हैं और कुछ जख्म भरते हैं प्यार सब ही करते हैं मगर फर्क सिर्फइतना है कुछ जान देते है कुछ जान लेते हैं दोस्त तो सब बन जाते हैं मगर फर्क इतना है कुछ निभाते हैं कुछ आजमाते हैं।

नीलिमा श्रीवास्तव

लघु कथा- पाठशाला

पाठशाला का वार्षिकोत्सव था। मैं भी वहाँ बुलाया गया था। वहाँ के प्रधान अध्यापक का एकमात्र पुत्र, जिसकी अवस्था आठ वर्ष की थी, बड़े लाड़ से नुमाइश में मिस्टर हादी के कोल्हू की तरह दिखाया जा रहा था। उसका मुँह पीला था, आँखें सफ़ेद थीं, दृष्टि भूमि से उठती नहीं थी। प्रश्न पूछे जा रहे थे। उनका वह उत्तर दे रहा था। धर्म के दस लक्षण सुना गया, नौ रसों के उदाहरण दे गया। पानी के चार डिग्री के नीचे शीतलता में फैल जाने के कारण और उससे मछलियों की प्राण रक्षा को समझा गया, चंद्रग्रहण का वैज्ञानिक समाधान दे गया, अभाव को पदार्थ मानने, न मानने का शास्त्रार्थ कर गया और इंग्लैंड के राजा आठवें हेनरी की स्त्रियों के नाम और पेशवाओं का कुर्सीनामा सुना गया। यह पूछा गया कि तू क्या करेगा? बालक ने सिखा सिखाया उत्तर दिया कि मैं यावज्जन्म लोकसेवा करूँगा। सभा 'वाह वाह' करती सुन रही थी, पिता का हृदय उल्लास से भर रहा था। एक वृद्ध महाशय ने उसके सिर पर हाथ फेरकर आशीर्वाद दिया और कहा कि जो तू ईनाम मांगे, वही दें। बालक कुछ सोचने लगा। पिता और अध्यापक इस चिंता में लगे कि देखें, यह पढ़ाई का पुतला कौन सी पुस्तक मांगता है। बालक के मुख पर विलक्षण रंगों का परिवर्तन हो रहा था, हृदय में कृत्रिम और स्वाभाविक भावों की लड़ाई की झलक आँखों में दीख रही थी। कुछ खाँसकर, गला साफकर नकली परदे के हट जाने से स्वयं विस्मित होकर बालक ने धीरे से कहा, ''लड्डू।'' पिता और अध्यापक निराश हो गए। इतने समय तक मेरा वास घुट रहा था।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारत और विश्व इतिहास में 18 जनवरी की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः- 1701- ब्रैडनबर्ग के फ्रेडरिक तृतीय प्रशिया की गद्दी पर बैठे। 1778- जेम्स कुक 'हवाई द्वीप समूह' की खोज करने वाले पहले यूरोपियन बने। 1782- अमेरिकी राजनेता डेनियल वेब्सटर का जन्म हुआ। 1862- अमेरिकी में एरिजोना परिसंघ क्षेत्र का गठन। 1866- 'वेसले कॉलेज' की मेलबर्न में स्थापना हुई। 1896 -'एक्सरे मशीन' का पहला प्रदर्शन किया गया। 1919- 'बेंटले मोटर्स लिमिटेड' की स्थापना हुई। 1930- रवीन्द्रनाथ टैगोर ने साबरमती आश्रम की यात्रा की। 1945- सोवियत संघ की सेना पोलैंड के शहर कराकोव पहुंची और जर्मनी को वहां से पीछे हटने पर मजबूर किया। 1951- नीदरलैंड में झूठ पकड़ने वाली मशीन का पहली बार इस्तेमाल हुआ।

बच्चों को संस्कारित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता: ताम्रध्वज साहू

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। बच्चों को पढ़ाएं-लिखाएं, लेकिन उन्हें संस्कारित भी करें। यह समाज, देश और मानवता के प्रति आपका उपकार होगा। संस्कार की शिक्षा बहुत जरूरी है, वरना हमारी आने वाली पीढ़ी खराब होती जाएगी। इस पर गंभीर चिंतन करने की जरूरत है। लोक निर्माण, गृह, जेल, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज चैकसे ग्रुप ऑफ कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही।

महिलाओं एवं बालिकाओं के लिये द विस्डम ट्री फाउंडेशन और चैकसे ग्रुप ऑफ कॉलेज बिलासपुर की ओर से आयोजित महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम और अवार्ड सेरेमनी में गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कॉलेज के ऑडिटोरियम में आज इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि आज के युग की यह महती आवश्यकता है कि महिलाएं एवं बालिकाएं आत्मरक्षा के तरीके से परिचित हों। उन्होंने कहा कि हम किसी वृक्ष के फूल, पत्ते और फल की ओर ही ध्यान देते हैं, जड़ की ओर हमारा ध्यान नहीं जाता। जड़ की ओर ध्यान देने से पेड़ के सभी अंग अच्छे रहते हैं। उसी तरह सामाजिक व्यवस्था भी एक जड़ है, यह व्यवस्था ठीक रहेगी तो महिलाओं को आत्मरक्षा के लिये प्रशिक्षण लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली मानवता के निर्माण की दिशा में अनुपयोगी है और यह शिक्षा केवल नौकरी प्राप्त करने का साधन बन गया है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम जीवन के मूल उद्देश्य ही भूल गये हैं। इसके लिये सरकार कुछ नहीं कर सकती, बल्कि समाज एवं परिवार को प्रयास करना होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बिलासपुर के विधायक शैलेष कुमार पाण्डेय ने कहा कि हमारा देश बहुत वर्षों तक गुलामी से जकड़ा रहा। इससे हमारे संस्कृति भी प्रभावित हुयी। जिसके कारण हमारी महिलाओं और बेटियों को सबसे ज्यादा समस्या आयी है। महिलाओं को आगे बढ़ने की जरूरत है। सरकार ने भी इसके लिये प्रयास किया है। बेटी बचाओ-बेढ़ी पढ़ाओ अभियान इस कड़ी का एक हिस्सा है। बेटियों ने भी बहुत से उपलब्धियां हासिल कर देश को सम्मान दिलाया। आज हर लड़की को शिक्षित और जागरूक बनाना समय की मांग है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि तेलंगाना से आये प्रोफेसर के.वेंकटस्वामी ने भी संबोधित किया। चैकसे ग्रुप ऑफ कॉलेज की डायरेक्टर श्रीमती डॉ.पलक जायसवाल ने महिलाओं के लिये आत्मरक्षा प्रोग्राम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने अपने दायरे में रहकर उपलब्धियां हासिल की है। लेकिन उन्हें आत्मरक्षा की जरूरत भी है। विस्डम ट्री फाउंडेशन ने इस दिशा में पहल कर लगभग डेढ़ हजार बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली नारी शक्तियों को सम्मानित किया गया। साथ ही कॉलेज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी अवार्ड दिया गया।

इस अवसर पर कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर आशीष जायसवाल, कॉलेज के प्राचार्य अहिरवार, अभय नारायण राय, प्रमोद नायक सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन खरीदी में देरी, अब 4 फरवरी को खुलेगा टेंडर

नवप्रदेश संवाददाता

सिम्स में सुविधा न मिलने से मरीज हो रहे परेशान

बिलासपुर । सिम्स में सीटी स्कैन मशीन और एमआरआई मशीन नहीं होने से कई तरह की जांच और सुविधाएं लोगों को नहीं मिल रही है। इसके चलते मरीज परेशान हैं। उन्हें इसके लिए बाहर का रुख करना पड़ रहा है। यही वजह है कि सिम्स प्रबंधन ने इसके टेंडर की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू करने के साथ ही दावा किया है कि जल्द यह मशीन अस्पताल को उपलब्ध होगी और मरीजों को राहत मिलेगी, लेकिन 15 जनवरी को खुलने वाला डेंटर, अब 4 फरवरी तक टाल दिया। जिसके चलते मशीन की खरीदी में भी देरी होगी।

इससे पहले यहां एसईसीएल ने सीटी स्कैन व एमआरआई मशीन देने के लिए 20 करोड़ रुपए का प्रस्ताव दिया था। इनमें से एमआरआई की मशीन के लिए 13 करोड़ रुपए व सीटी स्केन की मशीन के लिए एसईसीएल ने सीएसआर मद से देने का प्रस्ताव था। सिम्स की सीटी स्केन मशीन पिछले दो वर्ष से खराब होकर कमरे में बंद कर दी गई है। यह अब ठीक नहीं हो सकती। जबकि एमआरआई मशीन, सिम्स के पास शुरू से ही नहीं है। सरकार से सिम्स प्रबंधन ने यह मशीनें मांगी थी, लेकिन वहां से इनकार कर दिया गया था। मशीने खरीदे जाने के लिए दो बार टेंडर किए गए, लेकिन किसी भी कंपनी ने इन टेंडरों में रुचि नहीं दिखाई। जिससे मशीनें आने का एक रास्ता पहले ही बंद हो गया। फिर मशीनें खरीदे जाने के लिए बोर्ड से मैन्युली अनुमति मांगी गई थी। इसी प्रक्रिया को बढ़ा दिया गया है। जिसके चलते 15 जनवरी को खुलने वाले टेंडर को अब 4 फरवरी को खोला जाएगा, जिसके बाद मशीन की खरीदी होगी। सिम्स प्रबंधन का दावा है कि आने वाले दिनों में इसकी खरीदी हो जाएगी।

जांच के लिए मरीजों को भटकना पड़ रहा

अभी की व्यवस्था के अनुसार जिस भी मरीज को सीटी स्कैन या एमआरआई की जरूरत पड़ रही है, उसे सिम्स प्रबंधन यहां व्यवस्था नहीं होने की बात कह रहा है। यही वजह है कि बाहर जाना उनकी परेशानी है। सिम्स प्रबंधन का कहना है कि इसमें उनका कोई कसूर नहीं है। वे लगातार इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। ताकि मरीजों को राहत मिले। इसकी खरीदी की प्रक्रिया काफी सालों से चल रही है।

इनका कहना है

सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन के लिए ऑनलाइन टेंडर जारी किया गया है , जिसको 15 जनवरी की जगह अब 4 फरवरी को खोला जाएगा। इसके बाद मशीन की खरीदी कर इंस्टॉलेशन कराया जाएगा।

डॉ. श्रीमती आरती पांडये
डिप्टी एमएस (सिम्स

जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता 23 को

बिलासपुर। जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता 23 जनवरी को सुभाष चन्द्र बोस जयंती के अवसर पर पंडित देवकीनंदन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बिलासपुर में आयोजित की गई है। प्रतियोगिता के सुचारू आयोजन के लिये समिति गठित किया गया है। जिसमें महिला पतंजलि एवं पतंजलि योग समिति भी शामिल है। समिति की प्रभारी श्रीमती हेमलता साहू ने बताया कि इस प्रतियोगिता को दो भागों में विभक्त किया गया है। पहली प्रतियोगिता 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग एवं दूसरी 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के लिये होगी।

15 फरवरी तक पूरा करें रायपुर-बिलासपुर के फोरलेन का काम : हाईकोर्ट

- **20 फरवरी को होगी अगली सुनवाई**

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । धीमी गति से चल रहे रायपुर, बिलासपुर फोर लेन निर्माण कार्य को लेकर पेश जनहित याचिका में आज सीजे ने बचे हुए कार्य को 15 फरवरी तक पूरा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने मामले को अगली सुनवाई के लिये 20 फरवरी को रखा है। शासन ने जवाब प्रस्तुत कर बताया कि रायपुर के सिलतरा के पास लगभग 600 मीटर सड़क निर्माण का कार्य बचा हुआ है। इसके लिये समय दिए जाने की मांग की गई। इस पर कोर्ट ने एक माह का समय दिया है। दुर्ग निवासी रजत तिवारी ने निर्माण में विलंब होने पर याचिका दाखिल की है।

केयर टेकर के आत्महत्या मामले में अमित जोगी ने की मजिस्ट्रियल जांच की मांग

नवप्रदेश संवाददाता

- **गृहमंत्री ने कार्रवाई को बताया निष्पक्ष**

बिलासपुर । अजीत जोगी और अमित जोगी पर एफआईआर के मामले में प्रदेश में सियासत गरमा गई है । एक तरफअमित जोगी ने अपने एक वायरल वीडियो के माध्यम से इस कार्रवाई को दुर्भावना पूर्ण करार दिया है, और इसमें मजिस्ट्रियल या सीबीआई जांच की मांग की है वहीं दूसरी ओर इस मामले में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने बयान देते हुए कहा है, कि सारी कार्रवाई परिस्थितिजन्य है दुर्भावनापूर्ण नहीं। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा, कि इस मामले में उन्हें सिर्फशुरुआती जानकारी ही मिली है । उन्होंने इस कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित नहीं बताया। गृहमंत्री ने कहा कि पुलिस को प्रथम दृष्टया जैसी परिस्थिति दिखी उसके अनुसार ही निर्णय लिया गया। गृहमंत्री ने कहा कि जोगी परिवार के खिलाफ सरकार या पुलिस बदले की राजनीति नहीं कर रही है। बीते 15 तारीख को मरवाही सदन में जोगी परिवार के केयर टेकर सन्तोष कौशिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पीएम रिपोर्ट में भी आत्महत्या की पुष्टि हो गई है। इस मामले में मृतक के परिजन ने सिविल लाइन थाने में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरिणा का आरोप लगाते हुए जोगी पिता-पुत्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है, जिसके बाद से प्रदेश की सियासत गरमा गई है ।

ये कैसा यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह, बेतरतीब खड़े रहे वाहन

- **शिविर में लायसेंस बनवाने टूट पड़े हजारों लोग**
- **पूरे दिन भर यातायात नियमों की उड़ती रही धज्जियां**

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चाम्पा। जिला मुख्यालय जांजगीर में में 11 से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह यातायात पुलिस द्वारा मनाया जा रहा है। इस सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात पुलिस द्वारा स्कूलों में जाकर व चौक-चौराहों में लोगों को यातायात के लिए जागरूक किया जा रहा है। लोगों व छात्र-छात्राओं को नियमों का पाठ पढ़ा रही है। नियम कायदों का पालन की सीख दे रही है। लेकिन स्वयं नियम कायदो कानून का पालन नहीं कर रही है। शिविर के सामने ही लाइसेंस बनवाने के लिए गुरूवार को लोगों की भीड़ टूट पड़ी। कंट्रोल रूम के अंदर व सड़क के बाहर तक लंबी लाइन सुबह से शाम तक लगी रही है। पूरे जिले से लोग सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान बनाए गए कंट्रोल रूम में शिविर में टूट पड़े। बाइक को सड़क में ही रख दिया गया था, इसके अलावा लोगों की भीड़ रही। इस दौरान मेन रोड में कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हुई। इसके बावजूद एक भी जवान व्यवस्था बनाने इस दौरान सड़क में नजर नहीं आए। ट्रैफिक पुलिस द्वारा जिले में यह कैसा सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें स्वयं सड़क सुरक्षा के लिए लोगों को जानकारी तो दे रहे है। लेकिन इसका पालन स्वयं पुलिस द्वारा नहीं किया जा रहा है। पूरे दिन भर जिला मुख्यालय में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई गई। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस अपने काम के प्रति कितना गंभीर है। यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह की केवल फार्मेल्टी पूरी की जा रही है। इसका पालन जिम्मेदारों द्वारा नहीं किया जा रहा है। विदित हो कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान बिना नंबर वाले वाहनों, अमानक नंबर प्लेट और अवैध तरीके से लाल-पीती बत्ती, हूटर और बंपर लगाने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया जाना था, लेकिन इसके बावजूद भी जिला पुलिस इस मामले को लेकर सुस्त और बेपरवाह रवैया अपनाए रही। पुलिस न तो नियमों की पालना की ओर ध्यान दिया और न ही विभाग आदेश ही माने। पुलिस के अनदेखी से अपात्र होने पर भी बत्ती का शौक रखने वाले झांकी बाज लोग ये अमानक बत्तियां लगाकर वाहन दौड़ रहे है। नियम लगा रखी बत्ती वाले वाहनों को यातायात पुलिस देखती है पर कार्रवाई नहीं करती।

चैक पाइंट पर जवान रहते है नदारत

शहर में मनाए जा रहे यातायात सड़क सुरक्षा के तहत भले ही चाहे यातायात पुलिस द्वारा लोगों को यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाया जा रहा है। लेकिन इसका असर शहर की सड़कों पर नजर नहीं आ रहा है। यहां तक कार्रवाई करने वाले पुलिस जवान खुद बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन फर्राटे से दौड़ाते नजर आ रहे है। शहर के सभी मुख्य मार्गो पर एक बाइक पर दो से तीन कहीं चार सवारियां बिठाकर सड़कों पर नजर आए।

राज्य मानसिक चिकित्सालय परिसर से फरवरी तक होगा कब्जा मुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

चिकित्सालय को व्यवस्थित संचालित करने विशेष जोर

बिलासपुर । राज्य मानसिक चिकित्सालय के व्यवस्थित संचालन के लिये संभागायुक्त बी.एल.बंजारे की अध्यक्षता में आज आयोजित जीवनदीप समिति की बैठक में अनेक निर्णय लिया गया। कमिश्नर ने टेली मेडिसीन का भी औपचारिक शुभारंभ किया।

कमिश्नर बंजारे ने कहा कि राज्य मानसिक चिकित्सालय परिसर में हुए अतिक्रमण को आगामी फरवरी माह तक हटाएं। ताकि चिकित्सालय परिसर के बाउंड्रीवाल एवं अन्य निर्माण कार्य सुचारू रूप से संपादित किया जा सके। इसी तरह डिजीटल एक्सरे-कम्प्यूटेड रेडियोग्राफी सिस्टम प्रोसेसर क्रय के संबंध में कहा कि जिला खनिज न्यास निधि से स्वीकृत राशि के द्वितीय किश्त के लिये आवश्यक पहल करें। इसेक लिये प्रथम किश्त की राशि मिल चुकी है। चिकित्सालय में भर्ती मरीज जो ठीक हो रहे हैं, उनके पुनर्वास के लिये कौशल विकास प्रशिक्षण मरीजों के रूचि के अनुरूप संचालित करने विशेष जोर दिया गया। ताकि ऐसे स्वस्थ्य मरीज बाहर जाकर अपनी जीविका चला सके। चिकित्सालय के तात्कालिक व्यवस्था हेतु 100 से 200 बेड निर्माण के लिये छोटे-मोटे निर्माण एवं मरम्मत हेतु सीजीएमएससी और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सेंदरी मोड़ चिकित्सालय पहुंच मार्ग मेन रोड में प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। इसके लिये जीवनदीप से सीएसईबी को राशि उपलब्ध कराई जाएगी। चिकित्सालय में आवश्यकता के अनुरूप लेटबाथ का निर्माण लोक निर्माण विभाग के माध्यम से कराया जा रहा है। चिकित्सालय परिसर में परिजन कक्ष का भी निर्माण किया जायेगा। इसके लिये एन.टी.पी.सी. के निदेशक ने आगामी वर्ष के बजट में प्रावधान करने की बात कही। चिकित्सालय में इलाज हेतु आने वाले मरीजों के सिटी स्केन करने प्राइवेट चिकित्सालय से अनुबंध कराने के संबंध में चर्चा की गई। चूंकि वर्तमान में सिम्स में स्थापित सिटी स्केन मशीन खराब है। इसी तरह चिकित्सालय के मैकेनाईज्ड लांड्री मशीन के वार्षिक संधारण के लिये अनुबंध किया जायेगा। जिसका भुगतान जीवनदीप समिति में उपलब्ध राशि से की जायेगी। इसके अलावा बैठक में चिकित्सालय के व्यवस्थित संचालन के लिये अन्य विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई।

बैठक में जीवन दीप समिति के सचिव एवं अधीक्षक राज्य मानसिक चिकित्सालय डॉ.नंदा ने पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वहीं बैठक में एजेण्डावार विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायाधीश मिश्रा, अपर कलेक्टर बी.एस. उईके, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी शर्मा, सिविल सर्जन श्रीमती मधुलिका ठाकुर एवं संबंधित अधिकारी एवं चिकित्सक मौजूद थे।

छात्रों ने युवा महोत्सव में सुआ नृत्य की दी शानदार प्रस्तुति

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 3 जनवरी को साईस कॉलेज मैदान रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में कोरबा जिले से सुआ नृत्य में चयनित टीम ने सुआ नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। जिला परियोजना अधिकारी डॉ. सीमा भारद्वाज ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 30 नवम्बर को ग्राम पंचायत सिंघिया में विभिन्न श्रेणियों में जिला स्तरीय युवा महोत्सव आयोजन किया गया था। राज्य साक्षरता मिषन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ रायपुर के मार्गदर्षन में जिला लोक षिक्षा समिति कोरबा द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता अंतर्गत ई-साक्षरता केन्द्र कोरबा में अध्ययनरत् षिक्षार्थियों ने उक्त जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव में प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम में प्रस्तुति देने हेतु हुआ था। कोरबा जिले से चयनित टीम ने साईस कॉलेज मैदान रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में सुआ नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।

रेत खदान हेतु निविदा 13 से 19 फरवरी तक

बिलासपुर । खनिज साधारण रेत खदान समूहों के आबंटन हेतु बंद लिफाफा में बोली 13 से 19 फरवरी 2020 तक आमंत्रित की गयी है। जिसमें रेत खदान समूह बिलासपुर एल, एम, एन एवं ओ में कुल 5 रेत खदान को सम्मिलित करते हुए निविदा सूचना जारी किया गया है। रेत खदान समूह एल में तहसील मस्तूरी के समाहित रेत खदान एल-1 शिवटिकारी, खसरा नंबर 1 रकबा क्रमशः 4.83 हेक्ट. क्षेत्र एवं रेत खदान समूह एम में तहसील मस्तूरी के समाहित रेत खदान एम-1 कुकुर्दीकला, एम-2 कुकुर्दीकला खसरा नंबर क्रमशः 678/1, 678/1 रकबा क्रमशः 4.90 हेक्ट. एवं 4.99 हेक्ट., रेत खदान समूह एन में तहसील मस्तूरी के समाहित रेत खदान एन-1 गोपालपुर खसरा नंबर 380 रकबा 4.90 हेक्ट. एवं रेत खदान समूह ओ में तहसील मस्तूरी के समाहित रेत खदान ओ-1 खोडरी खसरा नंबर 699 रकबा 4.80 हेक्ट. क्षेत्र है।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, (वि./यां.)मंडल, बिलासपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, वि./यां., मण्डल बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

नि.आ.सू. दिनांक 15.01.2020 तथा डाउनलोड की अंतिम तिथि 30.01.2020
प्रथम आमंत्रण

क्र.	नि.आ.सू. क्रमांक	ऑनलाईन टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	94	59913	Providing shifiting of pole with light of 35 side of Runway (for 2C VFR to 3C VFR) in Airport Chakarbhata Bilaspur (C.G.)	18.50
2	95	59914	Providing Annual Electrification Repairing work in Non residential Building at CG Bhawan Section Bilaspur Distt. Bilaspur (C.G.)	19.00
3	96	59916	Providing Ordinary Maintenance of E/F work in H.Q. Section Bilaspur, Distt. Bilaspur (C.G.)	21.00
4	97	59917	Providing Electrification of Deposit/MOM/ Contigency and A.R. work under PWD B/R Pendra Division, Pendra Road, Distt. Bilaspur (C.G.)	20.00

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

जी-76264/3

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. (वि./यां.) मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

पोल्ट्री फार्म के सामने से बाइक पार

महासमुंद। कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम भलेसर में पोल्ट्री फार्म के सामने खड़ी दोपहिया अज्ञात ने चुरा ली। गांव के अशोक चंद्राकर के मुताबिक उन्होंने माधुरी पोल्ट्री फार्म के सामने 12 जनवरी की रात साढ़े 7 बजे दोपहिया क्रमांक सीजी 06 जीई 9049 खड़ी की थी। रात पौने 12 बजे बाइक उक्त स्थल से गायब थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

जुआ खेलते तीन पकड़ाए

महासमुंद। कोमाखान पुलिस ने मंगलवार अपरान्ह साढ़े 3 बजे कछारडीह एवं बोइरगांव के बीच जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तीन जुआरियों से नकदी 1650 रुपए और ताशपत्ती बरामद की। जिस पर जुआ एक्ट 13 के तहत कार्रवाई की गई।

पैसे नहीं देने पर युवक की पिटाई

महासमुंद। पैसे नहीं देने पर युवक की पिटाई कर दी। अयोध्यानगर निवासी ओमप्रकाश कौशिक (37) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि बुधवार रात 8 बजे मोहल्ले के अमित देवार ने पैसे की मांग की, मना किया तो उसने पिटाई कर दी। पुलिस ने युवक के खिलाफधारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

तालाब में मिली लाश की शिनाख्त

महासमुंद। पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम छिलपावन स्थित तालाब में युवक की लाश मिली। लाश की शिनाख्त बनपचरी निवासी रवि पिता रोहित ध्रुव (35) के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि रवि पिछले चार दिनों से घर नहीं लौटा था, गुरूवार सुबह लोगों ने तालाब किनारे लाश तैरती देख सूचना दी। परिजनों के अनुसार रविवार को आखिरी बार रवि को देखा था। मृतक के एक साथी में पूछताछ ने बताया कि रवि के साथ उन्होंने झलप के एक ढाबा में चाय पी और वह चला गया। उस वक्त रवि नशे में था। पीएम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में जुट गई है।

बार एसोसिएशन का चुनाव 20 को, कई निर्विरोध चुने गए

महासमुंद। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव समेत 10 पदों के लिए हुए नामांकन और नाम वापसी के बाद 6 पदों में निर्विरोध पदाधिकारी चुन लिए गए हैं। अब अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ महिला उपाध्यक्ष और सहसचिव पदों के लिए ही मतदान होंगे। पदाधिकारियों का चयन 20 जनवरी को सुबह साढ़े 11 बजे होगा, बाद मतगणना और परिणामों की घोषणा होगी। बार एसोसिएशन के बचे चार पदों के लिए 219 अधिवक्ता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पिछले कुछ साल से लगातार जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रहे अनिल शर्मा और ओमप्रकाश शुक्ला के बीच मुकाबला है।

सीएमओ का स्थानांतरण

महासमुंद। सीएमओ महासमुंद रमेश जायसवाल का संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास रायपुर संभाग के पद पर रायपुर स्थानांतरण हो गया है। उनके स्थान पर बस्तर से संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास राकेश जायसवाल आ रहे हैं। इसी तरह नगर पंचायत तुमगांव से प्रभारी सीएमओ श्रीमती अन्नपूर्णा पाल को नगर पालिका महासमुंद में मूल पद पर वापस बुला लिया गया है। उनके स्थान पर मनप्रीत कौर आएंगी। नगर पंचायत बसना के प्रभारी सीएमओ दिनेश यादव को स्वास्थ्य निरीक्षक नगर निगम धमतरी पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर नारायण को पदस्थ किया गया है।

राज्य युवा उत्सव: कबड्डी स्पर्धा में महासमुंद टॉप पर

महासमुंद। राज्य युवा महोत्सव रायपुर में 12 से 14 जनवरी तक मनाया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न खेल स्पर्धा हुई। इसमें महासमुंद जिला के 40+ कबड्डी टीम में रमाकांत ध्रुव गुडरुडीह, आज्ञा राम ठाकुर डुमरपाली, पवन ध्रुव रुमेकेल, भूजेन्द्र ठाकुर रायतुम, एवमव्रत दीवान अरंड, फूलसिंह ध्रुव खुटेरी, दीपक तांडी बसना, मयाराम ध्रुव दर्रीपाली, मानसिंह ध्रुव लोहारडीह, प्रेम सिंह उर्फ मुन्ना झाखरमुड़ा, हरिशचंद्र ध्रुव सिरपुर, खुमान सिंह सुकुलबाय शामिल हुए। फायनल मैच राजनांदगांव और महासमुंद के मध्य मैच खेला गया। इसमें महासमुंद जिला ने 12-48 अंक लेकर 36 अंकों से एकतरफा जीत हासिल करते हुए छग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

उद्यमिता प्रशिक्षण पखवाड़ा प्रारंभ

बिरकोनी। बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र संघ ने उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत युवाओं को उद्योग लगाने के लिए भारत सरकार से 10 दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण पखवाड़ा का आयोजन गुरुवार को किया।

निधन

रूखमणी यादव

महासमुंद। वार्ड 7 नयापारा निवासी रूखमणी यादव (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज नयापारा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. जनार्दन यादव की पत्नी, भाजपा नेता लालू यादव की सास थीं।

भागा बाई ध्रुव

महासमुंद। वार्ड 14 बुद्ध विहार के पास निवासी भागा बाई ध्रुव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज नयापारा मुक्तिधाम में किया गया।

टोल प्लाजा को लेकर फूटा गुस्सा, की तोड़फोड़

ट्रक यूनियन, व्यवसासियों के साथ ही कांग्रेस, भाजपा कार्यकर्ताओं का फूटा गुस्सा, लालबाग टीआई को आई चोंट, टोल के कर्मचारी जान बचाकर भागे

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। नेशनल हाईवे में ठाकुरटोला के पास स्थिति टोल प्लाजा में सीजी जिरो एट्य पासिंग गाडियों को लेकर उपजे जनाक्रोश ने गुरूवार को उग्र रूप ले लिया। आक्रोशित भीड़ ने टोल प्लाजा के तमाम कांऊटरों और स्टूमेंट को चकनाचूर कर दिया। तोडफोड़ के दौरान शहर के लालबाग टीआई आशीर्वाद रहटगांवकर के नाक में चोंट लग गई। भीड़ के आक्रोश को बेकाबू होते देख टोल प्लाजा के कर्मचारियों को पिछले दरवाजे से अपनी जान बचाकर भागना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो आज की भीड़ को यदि कंट्रोल करने में पुलिस अपनी ताकत नहीं झोंकती तो बड़ी अनहोनी से भी इंकार नहीं किया जा सकता था? तोड़फोड़ के चक्कर में भाजपा-कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं के हाथ भी कट गए। टोल प्लाजा में तोड़फोड़ और जनाक्रोश की अगुवाई में राजनांदगांव नगर पालिक निगम के नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती हेमा देशमुख की अहम रोल रही। इस दौरान दिग्विजय कालेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रईश अहमद शकील, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, निखिल द्विवेदी, निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता, सुरेंद्र दाऊ, जितेद्र मुदलियार, कुलबीर छाबड़ा, अशोक फड़नवीश, अंगेश्वर देखमुख, रविंद्र सिंह, नासिर जिंदरान, ऋशि शास्त्री सहित राजनांदगांव शहर और ग्रामीण के सैंकडों लोग मौजूद रहे। टोल प्लाजा प्रबंधन की मनमानी के चलते ट्रक यूनियन से लेकर राजनांदगांव के व्यापारी, कांग्रेस-भाजपा के नेताओं और आम नागरिकों के आक्रोशस के सामने पुलिस प्रशासन बौनी साबित हो गई। जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम मुकेश रावटे, तहसीलदार मौके पर मौजूद रहे पर लोंगों के आक्रोश के आगे उनकी समझाईश भी काम नहीं आई। तीन घंटे चले प्रदर्शन के चलते नेशनल हाईवें में चक्काजाम की स्थिति रही। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस के आला अधिकारी, महिला और पुरूष बल किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो इस पर तगड़ी सुरक्षा के साथ मोर्चा संभाले रहे।

त्रिपक्षीय वार्ता करने में विफलता

ठाकुरटोला स्थिति टोला प्लाजा को लेकर एक तरह से देखा जाए तो जिला प्रशासन त्रिपक्षीय वार्ता करने में पूरी तरह से विफल रहा, नतीजतन संस्कारधानी राजनांदगांव का आक्रोश गुरूवार को नेशनल हाईवे पर उतर आया। पिछले दिनों भी टोल प्लाजा के सामने चक्काजाम किया गया था तब इस आश्वासन के साथ आंदोलन को समाप्त किया गया था कि जिला प्रशासन शीघ्र ही इस मसले में त्रिपक्षीय बैठक बुलवाएगा पर समय के साथ ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। लोगों में सुलग रही आक्रोश की आग गुरूवार को ऐसी भड़की कि कांग्रेस, भाजपा के तमाम नेता जनाक्रोश की ताकत बन गए। आखिर में एडिशनल एसपी यूबीएस चौहान, सीएसपी एसएस शर्मा ने महापौर श्रीमती हेमा देखमुख और मौके पर उपस्थित अन्य जनप्रतिनियों से वार्ता की पर कोई ठोस पहल सामने नहीं आया।

युवा प्रतिभाओं ने पूरे प्रदेश में जिले का लहराया परचम

- सबसे अधिक 20 पदक जीत कर किया जिले का नाम रौशन
- प्रभारी मंत्री अकबर ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। राजनांदगांव जिले के युवा प्रतिभाओं ने राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में कला-संस्कृति और पारंपरिक खेलों की विभिन्न विधाओं में पूरे प्रदेश में जिले का परचम लहराया। इन युवा प्रतिभाओं ने अपने हुनर का श्रेष्ठ प्रदर्शन करके प्रदेश में जिले का नाम रौशन किया है। महोत्सव में राजनांदगांव जिले को सबसे अधिक 20 पदक प्राप्त हुए। इनमें 8 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक और 8 कास्य पदक शामिल हैं। जिले के युवाओं ने 8 विधाओं में सामूहिक एवं व्यक्तिगत रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मोहम्मद अकबर ने सभी पदक विजेता युवा प्रतिभाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अकबर ने कहा है कि राजनांदगांव जिले के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। वे अवसर मिलने पर कला, संस्कृति, खेल-कूद की गतिविधियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में राजनांदगांव जिले को सबसे अधिक पदक प्राप्त हुए हैं। जो इस बात को साबित करती है। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने भी विजेताओं सहित सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 12 जनवरी से 14 जनवरी 2020 तक रायपुर के सांइस कॉलेज परिसर, पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, विज्ञान महाविद्यालय ऑडिटोरियम एवं पं. रविशंकर विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह में किया गया।

महोत्सव में 15 से 40 और 40 वर्ष से अधिक इस प्रकार 2 आयु वर्ग में कला, संस्कृति और छत्तीसगढ़ के परम्परागत खेलों में प्रतियोगिताएं हुई।

नवयुवक जन जागरण समिति कोलिहा द्वारा जरूरत मंद परिवारों को आर्थिक सहयोग

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। ग्राम कोलिहा में जनजागण समिति का गठन किया है, जिसके द्वारा गांव में विभिन्न प्रकार के रचनात्मक कार्य कर रहे है। जिसमें ग्रामीणों में एक स्वच्छ माहौल दिखाई दे रहा है। एवं सहयोगात्मक की भावना बढ़ रहा है। नवयुवक जनजागरण समिति के संरक्षक एवं संचालक हरिकिशन वर्मा द्वारा जानकारी दिया गया कि ग्राम कोलिहा के गठित समिति द्वारा एक सकारात्मक निर्णय लेते यह पहल प्रारंभ किया गया है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में किसी भी परिवार में सुख, दुःख , शादी-ब्याह, छट्ठी, मृत्यु, मिट्टी के कार्यो में प्रत्येक परिवार को चाहे वह किसी भी धर्म सम्प्रदाय के हो 50 किलो चावल का सहयोग करने का निर्णय लिया गया। इसी कड़ी में ग्राम कोलिहा के कचरी बाई की मृत्यु हो जाने पर उसके पुत्र नरेश लाल वर्मा को 50 किलो चावल का सहयोग दिया गया। आवश्यकता पड़ने पर आर्थिक एवं समुह द्वारा श्रम का भी सहयोग दे रहे है। समिति के अध्यक्ष लोमश वर्मा, सचिव राजेश वर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश कश्यप, सह सचिव रामचन्द्र वर्मा, कोषाध्यक्ष रामसनेही वर्मा द्वारा आगे यह बताया कि हमारे समिति का यह उददेश्य है कि ग्राम पंचायत में एकता, अखण्डता एवं भाईचारा एवं शांति व्यवस्था बनाने के लिये हमेशा धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यो का आयोजन बीच-बीच में किया जाता है जिसमें ग्राम में एक दूसरे के सुख दुख में सम्मिलित होने का सुअवसर मिलता रहे। साथ भविष्य में ऐसे परिवार को भी सहयोग किया जावेगा जो आर्थिक समानता के कारण अपने पुत्र, पुत्री का शादी ब्याह नहीं कर पा रहे है और निर्धन छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिये गणवेश एवं पुस्तक कॉपी का भी सहयोग दे रहे है।

कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी

महासमुंद। दायित्व निर्वहन को लेकर कामकाज में कसावट लाने के लिए कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने स्वास्थ्य विभाग सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक आहूत की। 16 जनवरी को कलेक्टोरेट के सभा कक्ष में हुई इस बैठक में विभाग एवं कार्यक्रम अंतर्गत संचालित योजनाओं के संबंध में अब तक हुए क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर जैन ने सबसे पहले जिलाधिकारियों और विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधकों से डाटा संबंधित आंकड़ों का विश्लेषण तलब किया, जिसमें नीति आयोग हेल्थ एंड न्यूट्रीशियन के विषय पर उपलब्ध करायी जानकारियों में कमियों को लेकर नाराजगी व्यक्त की। इस ओर गर्भवती महिलाओं की प्रसूति और 09 से 11 महीने की आयु के शिशुओं के टीकाकरण आंकड़ों को लेकर सुधार करने के लिए ऑनलाइन एंट्री में नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

महापौर हेमा देशमुख सर्वेश्वरदास स्कूल पहुँचीं

- निगम के दोनों शालाओं के शिक्षकों से की सौजन्य भेंट

राजनांदगांव। नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सर्वेश्वरदास स्कूल पहुँचकर निगम के दोनों शालाओं सर्वेश्वरदास एवं ठा.प्यारेलाल स्कूल के शिक्षकों से सौजन्य भेंट कर शाला के गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य राजा तिवारी, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी सदस्या श्रीमती बेना बाई टुरहाटे विशेष रूप से उपस्थित थे।

महापौर श्रीमती देशमुख सहित दोनों प्रभारी सदस्यों का सर्वेश्वरदास स्कूल के प्राचार्य संजीव मिश्रा एवं ठा.प्यारेलाल स्कूल के प्राचार्य राजेन्द्र बघेल सहित शिक्षकों द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इसके पश्चात प्राचार्य संजीव मिश्रा ने दोनों शालाओं के शिक्षकों का परिचय कराते हुये स्वागत भाषण देते हुये शालेय गतिविधियों के बारे में जानकारी दिये।

महापौर श्रीमती देशमुख ने अपने संबोंधन में कहा कि आप लोगों ने जो सम्मान दिया उसके लिये मैं आप लोगों का हृदय से आभारी हूँ। आप लोगों के सहयोग से ही काम करना है, बच्चो को संस्कारित बनाने में शिक्षकों का सबसे बडा योगदान होता है। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र के बच्चे अधिकांश बच्चे यहा अध्ययन करते है और आप लोग के कारण वे बच्चे उच्च स्थान प्राप्त करते है। उन्होंने कहा कि दोनों शालाओं के लिये नवीन पद संरचना के साथ साथ शिक्षकों की भर्ती के लिये शासन से मांग की जायेगी। इसके अलावा स्कूल की अन्य समस्याओं का भी प्राथमिकता से निराकरण करेंगे।

नपाध्यक्ष ने जलावर्धन योजना इंटकवेल का किया निरीक्षण

महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चन्द्राकर ने गुरुवार को जलावर्धन योजना इंटकवेल का निरीक्षण किया। उपस्थित कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए उन्होंने कहा कि शहर के नागरिकों को पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। वहां मौजूद चार पंप में से तीन पंप के खराब होने की जानकारी मिलते ही श्री चन्द्राकर ने सीएमओ को दूरभाष से नए पंप मंगवाने के आदेश दिए। मुढ़ेना स्थित इंटकवेल के निरीक्षण के दौरान सभापति संदीप घोष, गणेश नायक, जल विभाग निरीक्षक विजय श्रीवास्तव सहित कर्मचारीगण उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

महासमुंद। खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के युवाओं को विशेष अवसर एवं मंच प्रदान करने, सांस्कृतिक गतिविधियों से युवाओं को जोडऩे एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में युवा महोत्सव का आयोजन 12 से 14 जनवरी तक राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर में किया गया। इसमें जिला महासमुंद के 108 महिला एवं 196 सहित कुल 304 प्रतिभागियों/दल मैनेजरों ने भाग लिया। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का उद्घाटन 12 जनवरी को राज्यपाल अनुसुईया उईके के आतिथ्य में हुआ। उद्घाटन मार्च पास्ट में जिले के 40 वर्ष से अधिक करमा नृत्य सरायपाली ने बेहतर प्रस्तुति दी, जिले के युवाओं ने आयोजन में उत्साह के साथ भाग लिया। आयोजन में जिला महासमुंद का बेहतर प्रदर्शन रहा एवं जिले को कुल 11 पदक प्राप्त हुए।

अभियान सफाई मित्रों व स्वच्छता दीदीयों द्वारा साफ-सफाई किया जा रहा है

कचरा परिवहन के लिये मिला निगम को दो गारबेज रिक्शा

राजनांदगांव। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने नगर निगम द्वारा व्यापक प्रबंध किये जा रहे है। जिसके तहत प्रातः से दोपहर तक सफाई मित्रों व स्वच्छता दीदीयो द्वारा साफसफाई किया जा रहा है। साथ ही शहर के प्रमुख मार्गों एवं बाजार में रात्रिकालीन सफाई भी की जा रही है। स्वच्छता में सभी संस्थाओं एवं नागरिकों का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है। इसी कडी में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं आईडीबीआई बैंक द्वारा कचरा परिवहन के लिये नगर निगम को दो गारबेज रिक्शा प्रदान किया गया। सेंट्रल बैंक आफइंडिया के ब्रांच मेनेजर विभोर दसोरा एवं आईडीबीआई बैंक के ब्रांच मेनेजर राजेश अग्रवाल द्वारा महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की उपस्थिति में मिलचाल एसएलआरएम सेंटर की सुपरवाईजर श्रीमती प्रेमा सोनकर एवं भरकापारा एसएलआरएम की सुपरवाईजर राधा चौहान को गारबेज रिक्शा विधिवत पूजा कर सौपा गया।

इस अवसर पर निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता एवं आयुक्त चंद्रकांत कौशिक, पूर्व महापौर अजीत जैन, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य गणेश पवार एवं पार्षदगण विशेष रूप से उपस्थित थे।

निगम आयुक्त चंद्राकांत कौशिक ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अभियान को सफल बनाने एवं अगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 में उच्च स्थान प्राप्त करने नगर निगम द्वारा साफ सफाई में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिये हमारे स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ निगम के अधिकारी व कर्मचारी द्वारा भी मेहनत किया जा रहा है। इसके अलावा पालीथीन मुक्त करने भी अभियान चलाकर नागरिकों एवं दुकानदारों को समझाईस दी जा रही है। साथ ही आवश्यकता पडने पर जुर्माना भी वसूला जा रहा है।

न्यूज गैलरी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की वोटिंग डे पर हर चरणों में नहीं होगी शराब बिक्री

मुंगेली। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत जिले में तीन चरणों में मतदान की तिथि निर्धारित की गई है। इसे देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने निर्वाचन क्षेत्रों में एवं निर्वाचन क्षेत्र से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेंट बार, होटल क्लब आदि में प्रत्येक चरण के मतदान समाप्ति के 02 दिन पूर्व से लेकर मतदान एवं मतगणना समाप्ति तिथि तक अर्थात कुल 03 दिन शराब दुकानें बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। विकासखण्ड मुंगेली में प्रथम चरण का मतदान 28 जनवरी को संपन्न होगा। इसके पूर्व 26 जनवरी से 28 जनवरी तक देशी मदिरा दुकान कंतेली, विदेशी मदिरा दुकान जरहागांव, देशी, विदेशी मदिरा दुकान मुंगेली, देशी, विदेशी मदिरा दुकान दाऊपारा बंद रहेगी।

जिले में घरों की आर्थिक गणना पूरी

मुंगेली। भारत सरकार के संकार्य प्रभाग सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के उप महानिदेशक श्री रोशन लाल साहू की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में 7वीं आर्थिक जनगणना कार्यो की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप महानिदेशक श्री साहू ने बैठक में बताया कि 7वीं आर्थिक गणना का कार्य छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों में 16 अगस्त से तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 7 सितम्बर 2019 से प्रारंभ हो गया है। यह कार्य छत्तीसगढ़ के सभी 27 जिलों में चल रहा है। उन्होने बताया कि सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा डिजिटल इंडिया को प्राथमिकता देते हुए 7वीं आर्थिक गणना का कार्य सीएससी ई गवर्नेंस सर्विसेस इंडिया लिमिटेड से कराया जा रहा है। उन्होने बताया कि देश में यह प्रथम अवसर है कि आर्थिक गणना का कार्य स्मार्ट फोन के माध्यम से किया जा रहा है। इस कार्य के लिए सीएससी भारत सरकार के इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी विभाग के अंतर्गत संचालित संस्था द्वारा की जा रही है।

निर्वाचन के लिए 966 मतदान केंद्र स्थापित

मुंगेली। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत जिले में 966 मतदान केंद्र बनाये गये है। इनमें 151 मतदान केंद्र संवेदनशील मतदान केंद्र के रूप में चिन्हांकित किया गया है। जनपद पंचायत मुंगेली में 51, जनपद पंचायत पथरिया में 32 और जनपद पंचायत मुंगेली में 68 मतदान केंद्र शामिल है। जिले के सभी 966 मतदान केंद्रों में जिले के 4 लाख 96 हजार 504 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें जनपद पंचायत मुंगेली में स्थापित 307 मतदान केंद्रों में 1 लाख 75 हजार 91 मतदाता, जनपद पंचायत पथरिया में 255 मतदान केंद्रों में 1 लाख 23 हजार 670 मतदाता और जनपद पंचायत लोरमी में 404 मतदान केंद्रों में 1 लाख 97 हजार 743 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

केन्द्रीय राज्य मंत्री कुलस्ते 19 को आएंगे

कांकेर। केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री (भारत सरकार) श्री फग्गन सिंह कुलस्ते 19 जनवरी को कांकेर जिले के प्रवास पर रहेंगे, वे प्रातः 10 बजे कार द्वारा रायपुर से प्रस्थान कर 12.30 बजे कांकेर पहुंचेंगे तथा स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात सायं 04 बजे कांकेर से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगें

26 एवं 30 जनवरी को शराब दुकानें रहेगी बंद

कांकेर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री के.एल. चैहान द्वारा 26 जनवरी ''गणतंत्र दिवस'' एवं 30 जनवरी ''महात्मा गांधी निर्वाण दिवस'' के अवसर पर जिले के समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानों एवं एफएल.7 सैनिक कैन्टीन व मद्यभण्डारण भण्डागार को बंद रखने हेतु ''शुष्क दिवस'' घोषित किया गया है। उन्होंने 26 जनवरी को ''गणतंत्र दिवस'' एवं 30 जनवरी को ''महात्मा गांधी निर्वाण दिवस'' के अवसर पर जिले में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, एफएल.7 सैनिक कैन्टीन एवं मद्य भण्डारण भण्डागार को पूर्णतः बंद रखने के आदेश दिये हैं, साथ ही अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन व विक्रय पर पूर्णतः नियंत्रण रखने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं।

पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान 19 से 21 जनवरी तक

कांकेर। जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान 19 से 21 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा, जिसके तहत जिले में 0 से 5 वर्ष के लगभग 76,875 लक्षित बच्चों को पोलियो का खुराक देकर प्रतिरक्षित किया जायेगा। कलेक्टर श्री के.एल. चैहान द्वारा जिले के समस्त अभिभावकों से अपील की गई है कि 0 से 5 वर्ष तक के आयु वर्ग वाले सभी बच्चों को 19 जनवरी को अपने नजदीकी पोलियो बुथ में ले जाकर पोलियो की 02 बूंद खुराक अवश्य पिलायें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उईके ने बताया कि राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के अंतर्गत जिले के चारामा विकासखण्ड के 8651 बच्चों, नरहरपुर विकासखण्ड के 8591 बच्चों, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के 8725 बच्चों, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के 7175, अंतागढ़ के 8731, कोयलीबेडा के 23813, धनेलीकन्हार के 8556 बच्चों तथा कांकेर शहर के 2633 लक्ष्ययित बच्चों को पोलियो की खुराक से प्रतिरक्षित करने हेतु तैयारी पूर्ण की जा चुकी है।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को

कांकेर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष 25 जनवरी को 10वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन होगा। जिले के सभी मतदान केन्द्रों और तहसील एवं जिला मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें 18-19 वर्ष के नवीन मतदाताओं के मतदाता फोटो परिचय के साथ ही उन्हें आयोग द्वारा निर्धारित आकृति एवं रंग अनुसार निर्मित बैज जिस पर मतदाता होने पर गर्व, मतदान केन्द्र के लिए तैयार नारा बीएलओ के द्वारा प्रदान किया जाएगा। जिला स्तर पर न्यू कम्यूनिटी हॉल कांकेर में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्राध्यापक, वृद्ध मतदाता, विकलांग मतदाता, तृतीय लिंग मतदाता, बीएलओ कैम्पस एम्बेसडर और नोडल अधिकारी आदि को सम्मानित किया जाएगा।

मैराथन दौड़ 27 जनवरी को

अम्बिकापुर। जिला खेल अधिकारी ने बताया है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विकासखण्ड जिला एवं राज्य स्तरीय पुरूष एवं महिला मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ विकासखण्ड मुख्यालय में 27 जनवरी 2020 को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से आयोजित होगी। मैराथन दौड़ में 10 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी पुरूष एवं महिला शारीरिक रूप से स्वस्थ्य हो अपने विकासखण्ड में भाग ले सकते हैं। मैराथन दौड़ जिले के विकासखण्डों में एक साथ आयोजन किया जाएगा। विकासखण्ड स्तर पर पुरूष वर्ग हेतु 10 किलोमीटर तथा महिला वर्ग हेतु 5 किलोमीटर की दूरी होगी।

करमोती के जंगल में दिखा गौर वनभैंसा

वन अधिकारी सहित ग्रामीण पहुंचे घटना स्थल

नवप्रदेश संवाददाता

काँकेर/भानुप्रतापपुर। पूर्व वन मंडल क्षेत्र के भानुप्रतापपुर परिक्षेत्र के ग्राम करमोती के जंगल मे आज शुक्रवार को सुबह जंगली गौर (वनभैंसा) प्रजाति दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना गांव के सरपंच को दिया व सरपंच द्वारा यह जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दिया गया। सूचना मिलते ही आर सी दुग्गा वनमंडलाधिकारी एवं देवलाल दुग्गा परिक्षेत्र भानुप्रतापपुर दलबल के साथ स्थल पर पहुँच कर ग्रामीणों की मदद से आस पास क्षेत्र में ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण राजेन्द्र सोनवानी का वहां पर लारी है उन्होंने सुबह 9 बजे लारी के पास देखा है। इस संबंध में आर सी दुग्गा वनमंडलाधिकारी पूर्व वन मंडल भानुप्रतापपुर ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा जो वीडियो बनाया गया है उसे देखने से यही प्रतीत हो रहा है कि यह नील गाय प्रजाति का है इसे गौर के नाम से जाना जाता है।इसके सिंग सफेद एवं चारो पैर सफेद मोजा पहने के समान होती है। यह खासकर महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के घने जंगल इनके लिए उपयुक्त स्थान है। ठंड के सीजन जोड़ी बनाने की होती है इसलिए यह जंगल से भटक कर यहा पहुच गया है। निगरानी के लिये स्टाप को लगया गया है।

वही ग्रामीणों को आगाह करते करते हुए कहा कि इसके सामने शोरगुल व इसे विचलित न करे क्योंकि यह अकेला एवं डरा हुआ है इससे अप्रिय घटना घट सकती है।देव लाल दुग्गा वन परिक्षेत्र अधिकारी भानुप्रतापपुर ने कहा कि गौर की सुरक्षा के दृष्टि से सारे कर्मचारियों को जंगल मे डयूटी लगाई गई है। स्वयं मैं भी कर्मचारियों के साथ गौर का पीछा करते हुए धीरे धीरे कलवर जंगल की ओर ले जाया जा रहा है यह क्षेत्र गौर प्रजाति का रहवासी माना जाता है।

होनहार बच्चों का होगा सम्मान : आंनद

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। नगर पालिका के नवनिर्वाचित राजापारा वार्ड क्रमांक 21 के कांग्रेस पार्षद आनंद चौरसिया ने जीत के बाद से ही अपने वार्ड में विकास को लेकर निरंतर वार्ड में घूम घूम कर लोगो की समस्याओं का समाधान करने में जुटे हुए है। वार्ड के लोगो के विश्वास पर खरा उतरने के मजबूत इरादे के साथ शुक्रवार को दोपहर 2 बजे राजापारा वार्ड में संचालित टिकरापारा शासकीय प्रायमरी/मिडिल स्कूल के समस्त स्कूल स्टाफकी बैठक आयोजित कर आगामी दिनों में गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम को रूप रेखा तैयार करने की समीक्षा किया गया।कार्यक्रम को लेकर स्कूली स्टॉफको पार्षद आंनद चौरसिया ने कहा की स्कूल में 26 जनवरी को ध्वजारोहण के पश्चात स्कूली बच्चों का रंगारंग कार्यक्रम किया जाएगा ।साथ ही स्कूल के होनहार छात्र छात्राओं का सम्मान किया जाएगा ।

ग्राम पोटाली पटेलपारा में उचित मूल्य दुकान शुरू

- ग्रामीणों को खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्रियों का वितरण प्रारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा की पहल पर जिले के कुआकोंडा ब्लॉक अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पोटाली पटेलपारा में उचित मूल्य दुकान खोलने के साथ ही 17 जनवरी से ग्रामीणों को खाद्यान्न और अन्य जरूरी सामग्रियों का वितरण प्रारंभ हो चुका है। इस उचित मूल्य दुकान से पोटाली ग्राम पंचायत के 402 राशन कार्डधारी परिवारों को खाद्यान्न तथा अन्य जरूरी सामग्रियों का उठाव करने में सहूलियत होगी। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा और पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने पोटाली में पुलिस कैम्प खोलने के दौरान ग्रामीणों से रूबरू होकर उन्हें पोटाली में ही उचित मूल्य दुकान खोलकर खाद्यान्न तथा अन्य जरूरी सामग्रियों की सुलभता सुनिश्चित करने आश्वस्त किया था। इसी के अनुरूप पोटाली ग्राम के मध्य में बाजार के समीप पटेलपारा में पुराने उचित मूल्य दुकान भवन का मरम्मत करने सहित तिरंगा रंग में पुताई कर उक्त उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न तथा अन्य सामग्रियों का भंडारण किया गया है। इस उचित मूल्य दुकान में जनवरी 2020 हेतु 402 राशन कार्डधारी परिवारों के लिये चावल, शक्कर, चना, नमक और गुड़ का भंडारण करने सहित ग्रामीणों को वितरण किया जा रहा है।

गुहा निषाद राज जंयती मनाई गई

- हम सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम को नैया पार कराने वाले भक्त गुहा निषाद राज से प्रेरणा लेना चाहिए : हरनेक

नवप्रदेश संवाददाता

काँकेर/कोरर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम मावलीपारा,कोकनपुर मे भक्त गुहा निषाद राज की जंयती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.सर्वप्रथम समाज प्रमुख व अतिथियों द्वारा भक्त गुहा निषाद राज की तस्वीर का पूजा अर्चना की गई, तत्पश्चात समाज की महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई।निषाद समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के शुभारम्भ में अतिथि के रूप में श्री बीरेश ठाकुर, बस्तर विकास प्राधिकरण,श्री राजकुमार राठी, सरस्वती राईस मिल मावलीपारा, के उपस्थिति में हुआ। तथा कार्यक्रम का समापन में मुख्य अतिथि श्री हरनेकसिंह औजला जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर, अध्यक्षता सुखदेव निषाद निषाद समाज प्रमुख, विशिष्ट अतिथि राघवेंद्र राजपूत ग्राम प्रमुख कांग्रेस कमेटी, लोमेन्द्र यादव जिला संयोजक एनएसयूआई के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों एवं श्री हरनेक सिंह औजला नव नियुक्त अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर का ग्राम मावलीपारा,कोकानपुर आगमन पर समाज व ग्रामीणों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया.ततपश्चात कार्यक्रम में उपस्थित समाज व ग्रामीणों को संम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरनेक सिंह औजला ने कहा कि हम सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम को नैया पार कराने वाले भक्त गुहा निषाद राज से प्रेरणा लेना चाहिए और आने वाले पीढियों को उनके गौरवगाथा बताए ताकि पुरातन संस्कृति की रक्षा की जा सके, सामाजिक समरसता बढाने पर जोर देते हुए कहा कि सामाजिक, एकता, भाईचारे, सदभावना के साथ साथ शिक्षित समाज का निर्माण में अपना योगदान दें। रात्रि में आस पास के मंडलियों के माध्यम से रामायण का आयोजन किया गया तथा स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कलेक्टोरेट परिसर में बगैर हेलमेट पहने बाईक चालकों का प्रवेश वर्जित

दंतेवाड़ा। जिले में यातायात जागरुकता सप्ताह के दौरान आम नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी देने सहित वाहन चालन के समय सतर्कता बरतने सम्बन्धी समझाईश दी जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा की पहल पर कलेक्टोरेट परिसर दन्तेवाड़ा में बगैर हेलमेट पहने आने वाले बाईक चालकों का प्रवेश वर्जित किया गया है और ऐसे बिना हेलमेट पहने आने वाले बाईक चालकों को सुरक्षित यात्रा के लिये हेलमेट का उपयोग करने की समझाईश दी जा रही है। इस दौरान 17 जनवरी को सयुंक्त कलेक्टर श्री अभिषेक अग्रवाल और डिप्टी कलेक्टर श्री गुड्डूलाल जगत स्वयं कलेक्टोरेट के मुख्य द्वार पर बाईक चालकों को हेलमेट पहनने की समझाईश देते परिलक्षित हुए।। इसके साथ ही पुलिस और होमगार्ड के जवानों ने भी जिले के विभिन्न हिस्सों से सरकारी कामकाज के लिये कलेक्टोरेट आने वाले बाईक चालकों को हेलमेट पहनकर बाईक चलाने के लिये अभिप्रेरित किया।

65वीं राष्ट्रीय खेल अंडर 14 स्कूल गेम्स में खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

- कलेक्टर ने खिलाड़ियों और युवाओं को दी बधाई

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। प्रदेश के दुर्ग में बीते 12 से 15 जनवरी तक आयोजित 65 वीं राष्ट्रीय खेल अंडर 14 स्कूल गेम्स में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले के कब्बडी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और छत्तीसगढ़ की कब्बडी टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। छत्तीसगढ़ के इस कब्बडी टीम में दन्तेवाड़ा जिले के बालक वर्ग में दशरथ तथा लक्ष्मण और बालिका वर्ग में सरिता पोड़ीयाम ने सम्मिलित होकर जिले को गौरवान्वित किया। छत्तीसगढ़ दल के मुख्य कोच श्री राजकुमार लुनिया ने बताया कि कब्बडी फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ के बालक वर्ग टीम ने हरियाणा और बालिका वर्ग टीम ने दिल्ली जैसी नामचीन टीमों को पराजित कर। इसी तरह विगत 12 से 14 जनवरी तक राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में पूनम गुप्ता ने ओडिसी शास्त्रीय नृत्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम चरण, माधुरी उईके ने वाद-विवाद में प्रथम स्थान और रीता वेट्टी ने पारम्परिक वेशभूषा विधा में द्वितीय स्थान हासिल किया। इस दौरान जिले के युवाओं ने युवा महोत्सव का भरपूर आनंद लिया और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के साथ सेल्फी भी खिंचवाई। राष्ट्रीय खेल और युवा महोत्सव में विजय हासिल करने वाले इन खिलाड़ियों तथा युवाओं ने कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा से भेंटकर अपने प्रदर्शन के बारे में अवगत करा।

नवाचारों से एक-दूसरे को मिलता है सीखने का मौका

- शिक्षा में शून्य निवेश नवाचार के तहत प्रदर्शनी एवं शिक्षक सम्मान समारोह सम्पन्न

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। बच्चों को विज्ञान-गणित ही नहीं बल्कि अन्य विषयों के बारे में भी मॉडल तथा सहायक शिक्षण सामग्री के माध्यम से पढ़ने के लिये प्रेरित किया जाये। इस दिशा में शिक्षक-शिक्षिकायें अपने नवाचारी सोच को बच्चों के पढ़ने के अनुरूप विकसित करें और खेल-खेल में तथा विभिन्न मॉडल के जरिये उन्हें पढ़ने हेतु प्रोत्साहित करें। जिला स्तर पर शिक्षा में शून्य निवेश नवाचार के तहत आयोजित यह प्रदर्शनी शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राओं के लिये अपने नवाचार को प्रादर्शों के रूप में प्रदर्शित करने का मौका है,जिससे एक-दूसरे को सीखने-समझने सहित अनुभव साझा करने का अवसर मिलेगा। यह बात कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्थानीय मेंडका डोबरा मैदान में आयोजित शिक्षा में शून्य नवाचार के तहत प्रदर्शनी एवं शिक्षक सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। कलेक्टर ने इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किये गये विभिन्न प्रादर्शों तथा मॉडलों का अवलोकन कर नवाचारों को सराहा। वहीं कबाड़ से जुगाड़ तकनीक द्वारा बनाये गये विभिन्न मॉडलों की प्रशंसा की। इस दौरान नवाचारों को बढ़ावा देने वाले तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान निभाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जैव चिकित्सा अपशिष्ट पदार्थों के निपटान के लिए करें जरूरी उपाय : कमिश्नर

नवप्रदेश संवाददाता

अम्बिकापुर। सरगुजा संभाग के कमिश्नर श्री ईमिल लकड़ा ने कहा है कि जैव चिकित्सा अपशिष्ट नियम 2016 में किए गए उपबंधो की अनुपालन हेतु संबंधित संस्थाएं जैव चिकित्सा अपशिष्टों के निपटान के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित कराएं। श्री लकड़ा ने यह निर्देश आज यंहा संभागायुक्त कार्यालय में जैव चिकित्सा अपशिष्ट नियम 2016 के पालन के संबंध में आयोजित बैठक सह कार्यशाला में अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि नियम के तहत सूखे एवं गीले जैव अपशिष्टों, प्लास्टिक एवं कांच के अपशिष्टों के निपटान की उचित व्यवस्था कराएं।

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम आमापारा, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा आमापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोषी साहू पिता/पति ओम प्रकाश जाति... निवासी... द्वारा मोहल्ला आमापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 6 सी प्लाट नं./रकबा में से 96.97, 2540/542 रकबा 80 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 18/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील — नायब तहसीलदार (नजूल) जिला कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम ..., तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा राजापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शत्रुघन सोनी पिता/पति लक्ष्मीनारायण जाति सोनार निवासी कांकेर द्वारा मोहल्ला राजापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 13 बी प्लाट नं./रकबा में से 01 रकबा 53 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 17 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 19/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील — नायब तहसीलदार (नजूल) जिला कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम ..., तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा राजापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनिया पिता/पति शंभु पटेल जाति मरार निवासी कांकेर द्वारा मोहल्ला राजापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 14 बी प्लाट नं./रकबा में से 05 रकबा 122 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 18 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 19/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील — नायब तहसीलदार (नजूल) जिला कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम ..., तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा राजापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ममता चौरसिया पिता/पति लक्ष्मण चौरसिया जाति बरई निवासी कांकेर द्वारा मोहल्ला राजापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 14 बी प्लाट नं./रकबा में से 05 रकबा 92 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 17 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 19/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील — नायब तहसीलदार (नजूल) जिला कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम राजापारा, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा राजापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधेश्याम पिता/पति बृजलाल जाति मरार निवासी कांकेर द्वारा मोहल्ला राजापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 149 प्लाट नं./रकबा में से 5 रकबा 125 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 17 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 19/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील — नायब तहसीलदार (नजूल) जिला कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम ..., तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा राजापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कौशिल्या पिता/पति लक्ष्मण जाति मरार निवासी कांकेर द्वारा मोहल्ला राजापारा की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 14 बी प्लाट नं./रकबा में से 05 रकबा 143 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 17 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 19/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील — नायब तहसीलदार (नजूल) जिला कांकेर (छ.ग.

वार्षिकोत्सव में सैनिकों का सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। रविन्द्र भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय मंदनपुर के वार्षिकोत्सव में सैनिकों के सम्मान हेतु सम्मान समारोह का आयोजन कर मनाया गया व एक नई परम्परा कायम की गई। इसके साथ ही इस कार्य के लिए समाज प्रमुखों को भी शामिल किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में भूत पूर्व सैनिक महेंद्र प्रताप राणा एव अध्यक्षता संतोष साहू भूत पूर्व सैनिक तथा अति विशिष्ट अतिथि-नमक लाल भाष्कर सतनामी समाज सेवी,विश्वनाथ सिंह ठाकुर समाज जिला अध्यक्ष समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती व भारत माता के पूजा से प्रारम्भ हुआ।

सैनिकों की भी होती है समास से आस : यादव

तत पश्चात स्वागत कर प्राचार्य मनोहर यादव के द्वारा स्वागत भषण व विद्यालय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें उन्होंने कहा कि बोले कि आज हमारे विद्यालय के लिए बहुत ही गौरव का विषय है कि आज इस मंच पर एक ओर देश की सरहद पर हम सबका रक्षा के लिये जान हथेली पर रखकर काम करने वाले के वीर जांबाज सैनिक है तो दूसरी ओर समाज के प्रमुख जो समाज मे सद्भावना व उत्थान पाठ पढ़ाने वाले विराजमान है जिस प्रकार सैनिक अपना कार्य को जाती, धर्म, मजहब, वर्ग से ऊपर उठकर देश को सर्वोपरी मानते है उसी प्रकार सैनिक समाज से अपेक्षा करते है कि समाज भी जाति,धर्म, मजहब, वर्ग आदि से ऊपर उठकर सभी समाज को जोडने का काम करे मानव से मानव को जोड़ने का काम करे तब समाज और देश का विकाश होगा ।

मरोणपरांत भी अमर रहता है शहीद का नाम : राणा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र प्रताप राणा ने बच्चों से कहा कि वे 10 वी 12 वी के आधार पर सेना में जा सकते है। प्रत्येक राज्य में एक सैनिक स्कूल होता वहां आप प्रवेश परीक्षा दिलाकर भर्ती हो सकते।

बारसूर में आरोग्य अभियान शिविर

■ करीब 300 लोगों को मिला शिविर का लाभ, सभी प्रकार के रोगों की हुई जांच

नवप्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। छत्तीसगढ़ लोक सेवा समिति रोग निदान शिविर का 1 दिन का आयोजन कार्यक्रम रखा गया। जिसमें बारसूर में लगभग 200 से 300 लोगों का अभी तक परीक्षण किया गया है तथा इसमें आंख नाक सभी प्रकार की रोग का परीक्षण किया जा रहा है इसके चलते बसों के अंदर भी डॉक्टरों की सुविधा कराई गई है और यहां पर अरविंदो नेत्रालय मोबाइल आई क्लीनिक के द्वारा बस में मरीजो के रोगों का परीक्षण दिनभर किया गया।

रायपुर ले जाया जाएगा इलाज के लिए : यह उपचार निशुल्क सेवा नगर पंचायत तथा अन्य ग्रामों के लिए भी उपलब्ध कराया गया है। साथ ही गीदम विकासखण्ड के बारसूर तुमनार जैसी अति संवेदनशील क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए भी उपलब्ध कराया गया है। उन क्षेत्रों में जहां वनवासी निवासरत है उनके लिए मुख्य रूप से अरविंदो नेत्रालय मोबाइल आई क्लीनिक सेंटर द्वारा आयोजित किया गया है। तथा इनमें जिन बुजुर्गो तथा महिलाओं एवं पुरुषों के लिए नेत्र परीक्षण कर उनको उनको चश्मा के साथ में ही मुफ्त इलाज के लिए रायपुर ले जाया जाएगा।

नि:शुल्क जूते भी वितरित

ऐसा डॉ अजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूली बच्चे से लेकर जवान बुजुर्ग सभी वर्ग के जनता के लिए नि:शुल्क जूते उपलब्ध कराए गए। यह शिविर एक दिवसीय रखा गया है। बारसूर संस्कृति भवन में सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक यह कार्यक्रम का आयोजन कर लोगो का निशुल्क उपचार किया गया।

स्कूल कॉलेजों में आपदा राहत प्रबंधन पर कार्यशाला प्रारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

अम्बिकापुर। अपर कलेक्टर एएल ध्रुव की अध्यक्षता में आज यहां अपर कलेक्टर कक्ष में आपदा राहत प्रबंधन के सबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि 17 जनवरी से 1 फरवरी 2020 तक राष्ट्रीय आपदा राहत प्रबंधन टीम के द्वारा स्कूलों एंव कॉलेजों में आपदा से बचाव एवं जागरूकता से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। बैठक में बताया कि राष्ट्रीय आपदा राहत प्रबंधन टीम के द्वारा स्कूलों तथा कॉलेज के विद्यार्थियों को कार्यशाला में आपदा से बचाव के तरीके तथा आपदा के समय सर्तकता बरतने की जानकारी दी जाएगी। सरगुजा जिले में हाथियों के विचरण एवं जन हानि को दृष्टिगत रखते हुए हाथी के हमले से बचाव एवं सुरक्षा के उपाय पर जोर दिया जाएगा। कार्यशाला में आपदा जैसे भूकंप, बाढ़, आगजनी के साथ ही प्राथमिक चिकित्सकीय सहायता, सांप एवं बिच्छु के काटने तथा जंगली जानवरों से सुरक्षा की जानकारी दी जाएगी।

बैठक मे राष्ट्रीय आपदा राहत प्रबंधन के उप निरीक्षक श्री डीसी मीना, सहायक जिला परियोजना अधिकारी रमेश सिंह, सहायक कार्यक्रम समन्वयक श्री रविशंकर पाण्डेय उपस्थित थे।

जिले में 11 हजार से ज्यादा उम्मीदवारों का फैसला करेंगे 5 लाख मतदाता

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के अंतर्गत जिले के 4 लाख 96 हजार 504 मतदाता 11 हजार 44 अभ्यर्थियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 5 हजार 145 पंच पद के विरूद्ध 8 हजार 742, 370 सरपंच पद के विरूद्ध 1 हजार 814, 75 जनपद पंचायत सदस्य के विरूद्ध 422 और 12 जिला पंचायत सदस्य पद के विरूद्ध 66 अभ्यर्थी शामिल है। इन अभ्यर्थियों के भाग्य का फैसला 28 जनवरी, 31 जनवरी एवं 3 फरवरी 2020 को होगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आराध्या कमार ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के अंतर्गत जनपद पंचायत मुंगेली में 1 हजार 714 पंच पद के विरूद्ध 2 हजार 883, 126 सरपंच पद के विरूद्ध 649, 25 जनपद पंचायत सदस्य पद के विरूद्ध 145, 4 जिला पंचायत सदस्य पद के विरूद्ध 16 अभ्यर्थी मैदान में है। इनके भाग्य का फैसला 28 जनवरी को जनपद पंचायत मुंगेली क्षेत्र के 1 लाख 75 हजार 91 मतदाता करेंगे। इसी तरह जनपद पंचायत पथरिया में 1 हजार 296 पंच पद के विरूद्ध 2 हजार 155, 96 सरपंच पद के विरूद्ध 471, 25 जनपद पंचायत सदस्य पद के विरूद्ध 140, 3 जिला पंचायत सदस्य पद के विरूद्ध 22 अभ्यर्थी अपने किस्मत आजमा रहे है।

इनके भाग्य का फैसला 31 जनवरी को जनपद पंचायत पथरिया के 1 लाख 23 हजार 670 मतदाता करेंगे।

मकर संक्रांति के अवसर पर तीन दिवसीय मुर्गा बाजार संपन्न

■ बाजार में जिले के चारों ब्लॉक के अलावा तेलंगाना एंव महाराष्ट्र के ग्रामीण भी हुए शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में बीजापुर में तीन दिवसीय मुर्गा बाजार का आयोजन किया गया है जिसमें बाजार जोर-शोर से चला है। हर वर्ष से चलते आ रहे इस परंपरागत के अनुसार मकर संक्रांति में मुर्गा बाजार पिछले कुछ सालों से चलाता आ रहा है। बीते कुछ वर्षो से जिले के भोपालपटनम ब्लाक के रूद्रारम तो कभी तरलागुडा में तो उसी तरह इस बार बीजापुर में हुआ। लेकिन अधिकतर मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में जिले के रूद्रारम में हुआ करता था लेकिन इस वर्ष मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में पहली बार बीजापुर में मुर्गा बाजार का आयोजन कराया गया है। दूर-दराज के ग्रामीण मुर्गा बाजार में मुर्गा लडाई खेल का आनंद लिया। इस मुर्गा बाजार में जिले के चारों ब्लाक बीजापुर एंव उसूर, भोपालपटनम और भैरमगढ से ग्रामीण हजारों की संख्या में मुर्गा बाजार मे अ पहुंचे। इनके अलावा छग के सीमा से लगे इन दो पडोसी राज्य तेलंगाना एंव महाराष्ट्र से भी अ पहुंचे इस मुर्गा बाजार बीजापुर में।

पुलिस थाना केशकाल में विभिन्न बिंदुओं पर हुई बातचीत

केशकाल। पुलिस थाना केशकाल में आज विभिन्न बिंदुओं में आज बातचीत की गई इसमें अधिकारी कर्मचारियों के अलावा केशकाल के गणमान्य नागरिक के बीच मीटिंग रखा गया जिसमें नगर के प्रमुख मुद्दों पर बातचीत की गई व नगर को स्वच्छ बनाने व ट्रफिक्र व्यवस्था सहित नगर के विकास हेतु अनेक सुझाव भी दिए इस अवसर पर केशकाल नगर पंचायत के नव नियुक्त अध्यक्ष रोशन जमीर ने भी शहर को स्वछ ओर सुंदर बनाने में सभी वर्ग से सहयोग की अपील की साथ ही व्यपारियों से भी नगर में अपने दुकानों के सामने ज्यादा सामान ना निकलने की बात भी की इस बीच अनुभागीय अधिकारी राजस्व दीनदयाल मण्डावी ने भी व्यपारियो से अधिकारियों का सहयोग करने की बात कही जिससे नगर में ट्रफिक्र व्यवस्था के साथ साथ किसी प्रकार से कोई सड़क दुर्घटना ना हो उस पर भी जोर दिया इस अवसर मुख्य रूप से अनुभागीय अधिकारी पुलिस अमित पटेल , तहसीलदार राकेश साहू , नगर पालिका अधिकारी नामेश कावड़े , नगर पंचायत के अध्यक्ष रोशन जमीर , उपाध्यक्ष बिहारिशोरी , पार्षद यासीन मेमन नवदीप सोनी , पंकज नाग, राजकिशोर राठी , असफाक मेमन असलम मेमन , अनीश मेमन , गन्नी मेमन , शाहिद मेमन , याकूब मेमन , जुनेद पारेख , सहित अन्य कर्मचारी व पी डब्लू डि के अधिकारी सहित केशकाल नगर के गणमान्य नागरिक , पत्रकार बन्धु उपस्थित हुए उपस्थित हुए।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

जाते जाते मानव..

ग्राम डोंडी लोहरा चले गए। स्वभाव से मिलनसार बरातू राम का बचेली से हमेशा जुड़ाव रहा। गांव जाने के बाद भी उनकी सामाजिक गतिविधियां जारी रही। वे 26 बार रक्त दान कर चुके हैं।

ऐसे पूरा हुआ संकल्प

बरातू राम साहू ने 14-15 जनवरी की दरमियानी रात करीब 2:45 बजे 85 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। लेकिन लेकिन जाते-जाते वे अपने संकल्प को पूरा कर गए और मानवता की सेवा में एक इबारत जोड़ दी। बरातू राम ने मृत्यु के 5 वर्ष पूर्व देहदान का संकल्प लिया था। उन्होंने अपने संकल्प को वसीयत पत्र के रूप में लिखकर आस्था बहुउद्देश्यीय कल्याण संस्था भिलाई को दिया था। जिसकी पूर्णता के लिए उनके पुत्र, 3 पुत्रियां, एवं पत्नी व परिजनों ने उनकी मृत्यु की सूचना एम्स प्रबंधन को दी। जरूरी औपचारिकताओं के बाद उनकी पार्थिव देह एम्स रायपुर के सुपुर्द कर दी गई।

अब राशन कार्ड...

पूर्व ही राज्य नोडल एजेंसी ने पूरा समन्वय बना रखा है। साफ्टवेयर में हुए बड़े बदलाव के लिए सभी साफ्टवेयर इन्जीनियरों के मोबाइल नंबर अस्तपालों को पूर्व से ही मुहैय्या कराके रखे गये है। अस्पतालों व मरीजों को किसी भी तरह की दिक्कत होने पर तत्काल मदद उपलब्ध कराई जा रहीं है।

सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2011 के हितग्राहियों को मिलता रहेगा लाभ

राशनकार्ड के साथ कोई एक शासकीय पहचान पत्र लाना अनिवार्य किया गया है। साथ ही राशनकार्ड के अलावा समाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2011 के हितग्राहियों को योजना का लाभ पूर्ववत मिलता रहेगा।

पूर्व में बने ई-कार्ड काम करते रहेंगे

डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना लागू होने से पूर्व ही आस्पतालों व कियोस्क केन्द्रों में ई-कार्ड बनाने का काम चल रहा था। जो कि अब भी यथावत जारी है। पूर्व में बने हुए ई-कार्ड में किसी तरह की दिक्कत आने पर अस्पतालों व कियोस्क केन्द्रों में ई-कार्ड में बदलाव करते हुए नये कार्ड जारी कर दिये जाएंगे।

मोदी-शाह में हो..

प्रधानमंत्री कहते हैं कि एनआरसी देश में लागू नहीं होगा, गृहमंत्री कहते हैं कि क्रोमोलॉजी है, एनआरसी पूरे देश में लागू होगा! सवाल ये उठता है कि सच कौन बोल रहा है। गृहमंत्री जो बोल रहे हैं, वो सही या फिर प्रधानमंत्री जो बोल रहे हैं, वो सहीं हैं। हमको लगता है कि दोनों के बीच मनमुटाव हो गया है और इस मनमुटाव की वजह से देश की जनता पीस रही है।

मुख्यमंत्री पुलवामा अटैक को लेकर भी केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश किये हैं। उन्हों ने कहा चुनाव के ठीक पहले पुलवामा हो जाता है, मैंने उस वक्त भी सवाल उठाया था कि आखिर उस सड़क पर जहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता है, वहां आरडीएक्स विस्फोटकों से भरी कार पहुंची कैसे और तो और उसी गाड़ी में टक्कर कैसे मारी, जो बुलेट प्रुफ नहीं थी, अब खबर आ रही है कि पुलवामा में भी वही डीएसपी देविंदर पोस्टेड था। देविंदर के बारे में कहा जाता है कि उसने आतंकी अफजल गुरू को दिल्ली पहुंचाया था। छत्तीसगढ़ की सरकार लोगों को जोड़ने का काम कर रही है, वहीं दिल्ली में बैठी सरकार लोगों को तोड़ने का काम कर रही है।

किया किला फतह...

जिम्मेदारी माना। आज राजधानी के इंडोर स्टेडियम में नगरीय निकाय में चुनकर आये 1300 से ज्यादा पार्षदों का सम्मान किया गया। इस मौके पर उन्होंने चुनाव जीतने वाले सभी पार्षदों का अभिनंदन करते हुए कहा कि उन्होंने जिस तरह से जीत दर्ज की है, वो बहुत काबिले तारीफ तो है ही, जनता का भी आभार है, जिन्होंने कांग्रेस की नीतियों पर भरोसा जताया।

शक्ति प्रदर्शन के साथ दिग्गजों ने दिया सबक

0 मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को नसीहत देते हुए कहा कि बच्चों की खेलकूद व्यवस्था, साफ-सफाई और पर्यावरण का ख्याल रखना है। राजनीति में आप जनता के नजर से ओझल हुए और आप गायब हो जाएंगे। शासन की योजनाओं का अध्ययन करें। जिससे वार्ड के नागरिक तक सही जानकारी पहुंच सके। गरीब का आशीर्वाद मिलता है तो सबसे ज्यादा संतुष्टि मिलती है। आप ही हमारे ब्रांड अम्बेसडर हैं, यह ध्यान रखें। अब ग्रामीण क्षेत्र के चुनाव में अपने साथियों की मदद कीजिये. जैसे रिकॉर्ड नगरीय निकाय में बनाया वैसे ही ग्रामीण क्षेत्रो में जीतिए यह अपेक्षा है।

हाईकोर्ट ने दुर्ग...

सत्र न्यायालय दुर्ग के पुराने भवन में सुधार कार्य के लिए कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग को अस्थायी रूप से स्थानांतरित किये जाने की कार्रवाई का जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग द्वारा बीते कुछ दिनों से विरोध किया जा रहा है। इस दौरान आंदोलनकारियों द्वारा किये गये अशोभनीय एवं अतिरेकपूर्ण विरोध के सम्बन्ध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग की ओर से छत्तीसगढ़ उच्च-न्यायालय को लिखे गये पत्र पर हाईकोर्ट ने 17 जनवरी 2020 को पुलिस महानिदेशक को आदेश जारी किया है कि वह कोर्ट परिसर में विधि का शासन कायम रहे यह सुनिश्चित करें। कोर्ट ने दुर्ग के पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि वे दुर्ग जिले में न्यायालयों के संचालन में निर्बाध रूप से पर्याप्त तथा प्रभावी पुलिस सुरक्षा मुहैया कराएंगे। आदेश में कहा गया है कि न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों तथा इच्छुक अधिवक्ताओं, साक्षियों तथा न्यायालय में आने वाले पक्षकारों को पर्याप्त तथा प्रभावी सुरक्षा दी जायेगी। यदि कोई कानून हाथ में लेता है तथा संज्ञेय अपराध कारित करता है तथा इसकी सूचना दी जाती है तो पुलिस एफआईआर दर्ज करेगी तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उद्घोषित विधि के अनुसार आगे की कार्रवाई करेगी।

हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार दुर्ग के पुलिस महानिरीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी कानून व्यवस्था कायम करते हुए न्यायिक अधिकारियों तथा उनके वाहनों, इच्छुक अधिवक्ताओं, कर्मचारियों, पक्षकारों तथा साक्षीगणों के अबाध प्रवेश व निकासी सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा किसी को भी न्यायालय परिसर में नारे लगाने अथवा जुलूस निकालने अथवा धरना देने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

युवा महोत्सव में चमका मुंगेली का 'सूरज'

■ राज्य स्तरी मंच पर आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम स्थान

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में मुंगेली के एस.एन.जी.महाविद्यालय के छात्र सूरज शर्मा ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में राज्य में प्रथम स्थान अर्जित कर नगर को गौरवांन्वित किया है।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रायपुर में 12 से 14 जनवरी तक गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की थीम पर राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें के डिप्टी कलेक्टर और डीएसपी के नेतृत्व में मुंगेली से 193 प्रतिभागी रायपुर में शामिल हुए। इस आयोजन में साहित्यिक खेलकूद तथा सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रतियोगिताएं राज्य स्तर पर आयोजित की गई थी। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के सभी 27 जिलो की टीम ने भाग लिया। जिसमें ''सोशल मीड़िया का युवाओं पर प्रभाव'' विषय पर आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में जिसमें राज्य के 27 जिले से दो-दो प्रतिभागी अर्थात् कुल 54 प्रतिभागी शामिल हुए।

जिला स्तर से हुआ था राज्य के लिए चयन

इस वाद-विवाद प्रतियोगिता में सूरज शर्मा ने राज्य में प्रथम स्थान अर्जित किया। शिल्ड तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनका चयन जिला स्तर से राज्य स्तर पर हुआ था। उल्लेखनीय है कि वाद-विवाद प्रतियोगिता में सूरज शर्मा पहले भी राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित कर चुके है।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 19 को

मुंगेली। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 19 जनवरी को जिले के शून्य से पांच वर्ष आयु समूह के 1 लाख 15 हजार 617 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस अभियान में छूटे हुए बच्चों को 20 एवं 21 जनवरी को घर-घर जाकर पल्स पोलियो की दवा पिलायेंगे। इस हेतु कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आज यहां बताया कि कलेक्टर डॉ. भुरे के मार्गदर्शन में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 810 बूथ, 04 ट्रांजिस्ट टीम और 02 मोबाइल टीम का गठन किया गया है। जहां 1 हजार 620 दलकर्मी कार्य करेंगे। उन्होने बताया कि इस अभियान के सतत निगरानी के लिए जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर मॉनिटरिंग दल का गठन किया गया है। इन दलों द्वारा 19 जनवरी को बूथ लेबल पर तथा 20 एवं 21 जनवरी को घर-घर भ्रमण कर पल्स पोलियो अभियान की सतत निगरानी रखेंगे। कलेक्टर डॉ. भुरे ने दो बूंद हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकरार का नारा देते हुए इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के समस्त अधिकारियों को भी निर्देश दिये है।

इलेवन ने फाइनल मैच 27 से जीत हासिल की

मुंगेली। ग्राम मनोहपुर में आयोजित मां महामाया क्रिकेट क्लब का फाइनल मैच जेसी इलेवन और बांधा के बीच खेला गया। जिसमें जेसी इलेवन ने टास जीतकर निर्धारित 12 में 158 का लक्ष्य रखा। जवाब में बांधा की टीम 130 रन ही बना सकी और इस तरह जेसी इलेवन ने फाइनल मैच 27 से जीत लिया। विजेता टीम को 7000 का इनाम और उपविजेता टीम बांधा को 3500 का इनाम मिला मैन ऑफद मैच पूरन यादव को दिया गया। आयोजन का सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष साहू ब्रदर्स कंस्ट्रक्शन के अध्यक्ष भवानी साहू, साधराम साहू, रवि जायसवाल, प्रीतम जायसवाल, हुलेश साहू, हरेंद्र साहू, रवि साहू, आशीष साहू, आयूष तिवारी, आदि खिलाड़ियों का विशेष योगदान रहा।

निधन

श्रीमती प्रभा गुप्ता

मुंगेली। गांधी वार्ड निवासी श्रीमती प्रभा गुप्ता उम्र 78 वर्ष पति स्व. अनिल गुप्ता का 16 जनवरी को निधन हो गया। वे छात्र वस्तु भण्डार के संचालक संदीप गुप्ता की माता एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रायपुर महानगर संगठन मंत्री यश गुप्ता की दादी थी। उनका अंतिम संस्कार 17 जनवरी को खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में होगा।

पीठासीन और समस्त मतदान अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण संपन्न

■ उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आराध्या कमार ने दिया प्रशिक्षकों को मार्गदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देशानुसार आज जनपद पंचायत क्षेत्र मुंगेली के अंतर्गत नियुक्त पीठासीन अधिकारियों एवं समस्त मतदान अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला करही में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आराध्या कमार ने विभिन्न कक्षों का भ्रमण कर प्रशिक्षणार्थियों को त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की बारिकियों की जानकारी दी। उन्होने बताया कि पंच पद के निर्वाचन हेतु मतपत्र का रंग सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद पंचायत सदस्य के लिए पीला एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र रहेगा। उन्होने कहा कि समस्त पीठासीन अधिकारियों को मतदान के संबंध में पुस्तिका प्रदान किया गया है। उन्होने मतदान कार्य एवं मतगणना कार्य एवं मतगणना कार्य के सुचारू संचालन एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए पुस्तिका का अध्ययन करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि पीठासीन अधिकारी सामग्री स्थल पर प्राप्त विभिन्न प्रकार के महत्वपूर्ण सामग्री का जांच करेंगे। मतपेटी, सुभेदक मोहर रबर सील, निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति, पीतल की सील, घुमते हुए तीर वाला सुभिन्नक सील, अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता का हस्ताक्षर नमूना एवं मतपेटी की जांच मतदान सामग्री स्थल पर ही अनिवार्य रूप से करेंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

भूमि पेडनेकर ने लिया डब्बा चैलेंज

मुंबई (वार्ता) बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने डब्बा चैलेंज लिया है और अपनी फिटनेस का राज बताया है।

अक्षय कुमार की पत्नी ट्विंकल खन्ना ने पिछले दिनें डब्बा चैलेंज शुरू किया था। ट्विंकल ने अपने पति अक्षय कुमार, मलाइका अरोड़ा और सोनाली बेंद्रे को अपने इस चैलेंज में नॉमिनेट किया था। यह डब्बा चैलेंज बॉलीवुड के कई स्टार्स तक पहुंच चुका है। अब भूमि पेडनेकर ने ये चैलेंज किया है और अपने डब्बे की फोटो शेयर की है।

भूमि ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर खाने के डब्बे की एक झलक शेयर करते हुए लिखा, हेल्दी खाना अपने आप में एक लाइफस्टाइल होता है। आप क्या खाते हैं इसका चुनाव आप खुद करते हैं। आपने मेरी अनफिट से फिट तक की जर्नी को देखा है और अक्षय कुमार ने इसमें मुझे बहुत प्रोत्साहित किया है। मुझे नॉमिनेट करने के लिए शुक्रिया। मेरे डब्बे में एवाकाडो और चिकन सलाद, बादाम के आटे की रोटी, थोड़ी चिकन करी, फ्राई किए हुए मशरुम और इसबगोल मिली पनीर की टिक्की है। भरपेट, कम कैलरी वाला और खुश करने वाला खाना। सही जीओं खुश जियो।

इस पोस्ट में भूमि ने एक्टर आयुष्मान खुराना, तापसी पन्नू और कार्तिक आर्यन को चैलेंज किया है। इसी तरह ये चैलेंज अलग-अलग एक्टर्स के साथ आगे बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर फैंस भी अपने पसंदीदा स्टार की प्रतिक्रिया पर लाइक और कमेंट कर रहे हैं।

कहो ना प्यार है में करीना को मिला था काम करने का प्रस्ताव

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर को सुपरहिट फिल्म कहो ना प्यार है में काम करने का प्रस्ताव पहले दिया गया था।

राकेश रौशन ने अपने बेटे ऋतिक रौशन और अमीष पटेल को लेकर सुपरहिट फिल्म कहो ना प्यार है बनायी थी। फिल्म को प्रदर्शित हुये दो दशक हो गये हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के जरिए राकेश रौशन पहले करीना कपूर को लांच करना चाहते थे। करीना ने इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी थी फिर अचानक उन्हें फिल्म से रिप्लेस किया गया। बताया जा रहा है कि करीना कपूर की मां बबीता चाहती थी कि उनकी बेटी फिल्म की शुरुआत सॉन्ग से करने के बजाय डायलॉग से करे, जबकि खुद राकेश रौशन का मानना था कि करीना एक डायलॉग के बजाय सॉन्ग पर लिप सिंक करने में ज्यादा सहज होंगी। इसी बात को लेकर करीना की मॉम और उनके बीच बहस हो गई और फिर दोनों ने अपने रास्ते अलग कर लिए। इसी के बाद फिर राकेश रोशन ने 'कहो ना प्यार है' से करीना को रिप्लेस कर अमीषा पटेल को लेने का फैसला कर लिया।

हेरा फेरी 3 से अक्षय और परेश रावल के साथ धमाल मचायेंगे सुनील शेट्टी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो मैन सुनील शेट्टी का कहना है कि वह हेराफेरी 3 में अक्षय कुमार और परेश रावल के साथ काम करने जा रहे हैं। अक्षय कुमार ,सुनील शेट्टी और परेश रावल की जोड़ी वाली फिल्महेराफेरी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया था। इसके बाद इस फिल्मका सीक्वल फिर हेराफेरी बनाया गया जिसे भी दर्शकों ने पसंद किया। फिल्मके तीसरे पार्ट बनाने की काफी समय से कोशिश की जा रही है लेकिन बात बनती नही दिख रही। सुनील शेट्टी ने कन्फर्म किया कि 'हेरा फेरी 3' बनेगी और यह प्रोसेस में है। सुनील शेट्टी ने 'हेरा फेरी 3' के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'हेरा फेरी 3' बनेगी और यह प्रोसेस में है। यह ठंडे बस्ते में नहीं गई है और जरूर बनेगी। 'हेरा फेरी 3' हम तीनों (सुनील शेट्टी, अक्षय कुमार और परेश रावल) के साथ ही बनेगी क्योंकि हम तीनों को इसमें दिलचस्पी भी है। कुछ समस्याएं थीं जो अब धीरे-धीरे सुलझ रही हैं। चर्चा थी कि 'हेरा फेरी 3' में अक्षय कुमार नहीं होंगे और उनकी जगह जॉन अब्राहम और अभिषेक बच्चन फिल्मका हिस्सा होंगे। लेकिन अब सुनील शेट्टी के बयान से साफहै कि अक्षय भी इस फिल्मका हिस्सा हो सकते हैं।

QUIZ TIME

1) पंचायती राज को संवैधानिक स्थिति प्रदान करने की संस्तुति निम्न में से किस कमेटी द्वारा की गई थी?
(क) अशोक मेहता (ख) एलएम सिंघवी (ग) बलवंत राय मेहता
2) नमक सत्याग्रह में महात्मा गाँधी की टोली कितने दिनों तक पैदल चली थी? (12 / 24)
3) अमेजन ने क्षेत्र (9 एकड़) के संदर्भ में दुनिया में अपने सबसे बड़े परिसर का उद्घाटन कहाँ किया?
(क) हैदराबाद (ख) मुम्बई (ग) बेंगलुरू (घ) नई दिल्ली
4) कौन-सा राज्य देश में 'जल-नीति' पेश करने वाला पहला राज्य बन गया है?
5) स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में सैद्धांतिक संगणक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान करने वाले प्रोफेसर का नाम बताए?

Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) एलएम सिंघवी (2) 24 (3) हैदराबाद (4) मेघालय (5) राजीव मोटवानी

ऐसिड पर स्टिंग ऑपरेशन से चौंक गईं दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण की हालिया रिलीज फिल्मछपाक ऐसिड अटैक पर आधारित है। दीपिका ने इस फिल्ममें ऐसिड अटैक पीड़िता का किरदार निभाया है। हाल में उन्होंने ऐसिड की उपलब्धता पर एक स्टिंग ऑपरेशन किया जिसमें चौंकाने वाले नतीजे सामने आए। ऐक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'छपाक' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में उन्होंने ऐसिड अटैक सर्वाइवर का रोल प्ले किया है। हाल ही में दीपिका ने एक स्टिंग ऑपरेशन किया। इसके जरिए उन्होंने यह जानने की कोशिश की कि ऐसिड खरीदना कितना आसान है और स्टिंग में जो परिणाम सामने निकलकर आया, वह चौंकाने वाला है। फिल्म के मेकर्स ने एक विडियो शेयर किया है। इसमें दीपिका दो कैमरामैन और बाकी टीम मेंबर्स के साथ एक कार में बैठी नजर आ रही हैं। कई ऐक्टर्स आसपास की दुकानों में जाते हैं और ऐसिड की मांग करते हैं। जहां कुछ ऐक्टर्स प्लम्बर बनकर गए तो कुछ बिजनसमैन, स्टूडेंट, शराबी, पत्नी और गुंडे बनकर दुकान में पहुंचे। विडियो में दीपिका कहती हैं, 'अगर कोई आपको प्रपोज करता है और आप न कह देते हैं और इसके बाद सामने वाला आपको प्रताड़ित करता है तो उसके खिलाफआवाज उठाएं, अपने अधिकारों के लिए लड़ें।' विडियो में दीपिका आगे कहती हैं, 'ऐसिड लोगों पर क्यों फेंका जाता है, इसका सबसे बड़ा कारण ऐसिड खुद है।' बता दें 'छपाक' कि डायरेक्शन मेघना गुलजार ने किया है और इसमें दीपिका के साथ विक्रांत मेसी लीड रोल में हैं।

स्ट्रीट डांसर 3 डी के लिए वरुण ने सीखी बैकफ्लिप

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरूण धवन ने अपनी आने वाली फिल्मस्ट्रीट डांसर 3डी के लिये बैकफ्लिप सीखने के लिये कड़ी मेहनत की है। वरुण धवन अपनी डांस फिल्मस्ट्रीट डांसर 3डी को लेकर काफी चर्चा में हैं। वह अक्सर अपनी फिल्मों के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलने की कोशिश करते आए हैं और अपने किरदार में ढ़लने के लिए तमाम तरह की चीजें अपनाते हैं। फिल्मस्ट्रीट डांसर में भी वरुण ने बैकफ्लिप सीखने के लिए काफी मेहनत की है। वरूण ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक वीडियो के सहारे दिखाया है कि कैसे वे एक एमैच्योर से प्रोफेशनल बैक फ्लिपर की तरह बैकफ्लिप करने में कामयाब रहे हैं। वरुण ने इस वीडियो के कैप्शन में लिखा स्ट्रीट डांसर 3 में कई ऐसी ट्रिक्स हैं जो मुझे आज के स्टैंडर्ड को मैच करने के लिए सीखनी पड़ी। कुलदीप शशि ने हमेशा मुझे परफेक्शन तक के लिए पुश किया है और वे मेरी इस यात्रा में साथ रहे हैं. थैंक्यू भाई। गौरतलब है कि स्ट्रीट डांसर 3 डी वरूण धवन के अलावा श्रद्धा कपूर, नोरा फतेही और प्रभु देवा जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह फिल्म24 जनवरी को रिलीज होगी।

विदेशी निवेशकों को लुभाने के लिए हटाया जाएगा एलटीसीजी टैक्स या बदलेगी परिभाषा?

- सरकारी अधिकारी देश में लंबी अवधि का विदेशी निवेश ज्यादा मात्रा में लाने के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं
- प्रस्ताव यह आया है कि लिस्टेड शेयरों पर LTCG को खत्म कर दिया जाए

मुंबई। सरकार लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स (LTCG) टैक्स हटाने पर विचार कर रही है। इस संबंध में वह टैक्स सलाहकारों और विशेषज्ञों से राय ले रही है। LTCG टैक्स को वित्त वर्ष 2019 के बजट में लागू किया गया था, जिसकी कड़ी आलोचना भी हुई थी। टैक्स अडवाइजर्स का कहना है कि सरकारी अधिकारी देश में लंबी अवधि का विदेशी निवेश ज्यादा मात्रा में लाने के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं और इस संबंध में एक प्रस्ताव यह आया है कि लिस्टेड शेयरों पर LTCG को खत्म कर दिया जाए।

बदलेगी 'लॉन्ग टर्म' की परिभाषा!

मामले से वाकिफलोगों ने बताया कि सरकार 'लॉन्ग टर्म' की परिभाषा को एक साल के बजाय दो साल कर सकती है। अभी LTCG पर 10 प्रतिशत टैक्स

लगता है। LTCG पर टैक्स हटाने का यह प्रस्ताव पीएम नरेंद्र मोदी के पिछले साल सितंबर में न्यू यॉर्क में दिए गए भाषण के अनुरूप है। तब मोदी ने विदेशी निवेशकों से कहा था कि सरकार 'इक्विटी इन्वेस्टमेंट्स पर टैक्स को ग्लोबल स्टैंडर्ड्स के अनुसार' करने की दिशा में काम कर रही है।

LTCG पर कैंची नहीं

चर्चा में शामिल एक शख्स ने बताया कि सरकार स्ट्रैटिजिक इन्वेस्टर और शॉर्ट टर्म इन्वेस्टर के बीच अंतर करना चाहती है। उन्होंने कहा, 'लागू किए जाने के दो साल बाद ही LTCG पर कैंची चलाना आसान नहीं होगा। हालांकि विदेशी निवेशकों के लिहाज से यह अहम है। अगर होल्डिंग पीरियड बढ़ाकर दो साल कर दिया जाए तो यह लंबी अवधि के निवेशकों के लिए इन्सेंटिव होगा।'

LTCG से उम्मीद से कम कलेक्शन

एक अन्य व्यक्ति ने कहा, 'भारत जिन डिवेलप्ड मार्केट्स से पूंजी के लिए होड़ करता है, उनमें से अधिकतर में LTCG की व्यवस्था नहीं है। सरकार को इन्वेस्टर फोरम्स से भी सुझाव मिले हैं।' सूत्रों ने बताया कि सरकार ने LTCG लागू करने के बाद सालाना 40000 करोड़ रुपये पाने की उम्मीद की थी, लेकिन कलेक्शन इसके आसपास नहीं रहा है।

सुंदर पिचाई के कमान संभालते ही Google की मूल कंपनी अल्फाबेट बनी 1 ट्रिलियन डॉलर कंपनी

नई दिल्ली। गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट 1 ट्रिलियन डॉलर की कंपनी बन गई है। एल्फाबेट अमेरिका की चौथी ऐसी कंपनी बन गई है जिसने एक ट्रिलियन डॉलर मार्केट वैल्यू को पार कर लिया है। बीते तीन महीने में कंपनी के शेयरों में 17 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है।

गौरतलब है कि अभी हाल में ही भारतीय मूल के सुंदर पिचाई को गूगल ने अपनी मूल कंपनी अल्फाबेट का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया था। पिचाई ने इंटरनेट की दिग्गज कंपनी के सह-संस्थापक लैरी पेज की जगह ली थी। उनके साथ सह-संस्थापकों, शेयर धारकों और अल्फाबेट के निदेशक मंडल के सदस्यों के रूप में लैरी पेज और सर्गी ब्रिन की भागीदारी अभी है। बता दें कि अल्फाबेट का गठन 2015 में किया गया था, जो मूल कंपनी Google और अन्य परियोजनाओं जैसे कि स्वायत्त कार इकाई Waymo और स्मार्ट शहरों के समूह सिडवॉक लैब्स को एक अलग पहचान देता है।

कंपनी के शेयर 52 हफ्तों की हाई पर है। उनके शेयर अपने प्रतियोगी माइक्रोसॉफ्ट, फेसबुक से भी आगे चल रहे हैं। अल्फाबेट एप्पल, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट के बाद चौथी बड़ी कंपनी बन गई है जिसने 1 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़े को पार कर लिया है।

इकनॉमिक ग्रोथ के लिए जीडीपी का 3.75% फिस्कल डेफिसिट तय कर सकती है सरकार

सरकार बजट में अगले वित्त वर्ष यानी 2020-21 के लिए आमदनी और खर्च के बीच के अंतर यानी फिस्कल डेफिसिट का लक्ष्य GDP के परिपेक्ष्य में 3.75 पर्सेंट तय सकती है।

नई दिल्ली। 1 फरवरी को पेश होने वाले बजट में सरकार इकनॉमिक ग्रोथ में तेजी लाने के लिए अपना खर्चा बढ़ा सकती है। इसके लिए सरकार बजट में अगले वित्त वर्ष यानी 2020-21 के लिए आमदनी और खर्च के बीच के अंतर यानी फिस्कल डेफिसिट का लक्ष्य GDP के परिपेक्ष्य में 3.75 पर्सेंट तय सकती है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए फिस्कल डेफिसिट का लक्ष्य 3.3 पर्सेंट रखा है।

सूत्रों के अनुसार, इस बार के बजट में सरकार पर जहां आम आदमी को कुछ राहत देने का दबाव है वहीं दूसरी तरफ उस पर इकनॉमिक ग्रोथ को फिर से पटरी पर लाने का दबाव है। इसके लिए जरूरी है कि जिन सेक्टरों पर स्लोडाउन का साया ज्यादा छाया हुआ है, उनको राहत पैकेज दिया जाए। उनको टैक्स में कुछ छूट दी जाए। इसके लिए सरकार को पैसा खर्च करना पड़ेगा। ऐसा होने पर खर्च ज्यादा बढ़ सकता है।

जीएसटी कलेक्शन

एक सरकारी अधिकारी के अनुसार इस बारे में वित्त मंत्रालय के साथ पीएमओ महामंथन हुआ। आखिरकार यह फैसला किया गया कि इस वक्त इकॉनमी ग्रोथ को प्रमुखता दी जाए। ऐसे में अगर राजकोषीय घाटा कुछ बढ़ता है तो उस पर समझौता कर लिया जाए। इसके बाद यह भी तय किया गया है कि राजकोषीय घाटे को चार फीसदी के भीतर ही रखा जाए। इसे जीडीपी के परिपेक्ष्य में 3.70 से 3.75 फीसदी के दायरे में ही रखा जाए। इससे सरकार पर उधारी लेने का जो भार बढ़ेगा, उसे विनिवेश राशि में बढ़ोत्तरी या जीएसटी कलेक्शन को बढ़ाकर पूरा किया जाए। अधिकारी के अनुसार वक्त की मांग को देखते हुए सरकार के पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। बेशक इस बार बजट बैलैंसिव होगा, मगर इसमें कुछ ऐलान आम आदमी को राहत देने के लिए, सुस्त पड़ी इकोनमी ग्रोथ को बढ़ाने वाले भी होंगे।

स्वच्छ पेयजल पर जोर

इस बजट में सरकार जल मिशन को बढ़ावा देने के लिए करीब तीन लाख करोड़ रुपये के फंड के आवंटन का ऐलान कर सकती है। इस बारे में उपभोक्ता मंत्रालय ने जो ड्राफ्ट तैयार किया था, उसपर सहमति बन गई है।

खादी रुमाल की सिलाई एक रुपये बढी, पाँच करोड़ बिक्री का लक्ष्य

नयी दिल्ली (वार्ता)। खादी एवं ग्रामीण उद्योग आयोग (केवीआईसी) ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से प्रभावित महिलाओं द्वारा तैयार किये जाने वाले खादी के रुमाल की सिलाई दर प्रति पीस एक रुपये बढ़ा दी है।

आयोग के अध्यक्ष वी.के. सक्सेना ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री नितिन गडकरी के सुझाव के आलोक में एक जनवरी से खादी के रुमालों की सिलाई दर दो रुपये से बढ़ाकर तीन रुपये कर दी है। इससे इस काम में लगी महिलायें प्रतिदिन औसतन 250 से 300 रुपये कमा सकेंगी। ये महिलायें लगभग चार घंटे में 85 से 90 रुमाल तैयार करती हैं और करीब पहले 170 से 180 रुपये प्रतिदिन कमा लेती थीं।

उन्होंने बताया कि इस साल के अंत तक पाँच करोड़ रुमाल बेचने का लक्ष्य तय किया गया है। गत 17 दिसम्बर के बाद आयोग ने जम्मू-कश्मीर के नागरोटा केन्द्र से करीब 30,000 रुमालों की खरीद की गयी है। वर्तमान में 130 महिलायें रुमाल तैयार करने के कार्य में जुटी हैं और प्रतिदिन यहां 10,000 रुमाल तैयार किये जाते हैं। आयोग की योजना खादी रुमाल की बिक्री बढ़ने के साथ चार हजार महिलाओं को इसके माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने की है।

सोना 100 रुपये चमका, चाँदी 450 रुपये मजबूत

नयी दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक स्तर पर सोने-चाँदी में रही तेजी के दम पर दिल्ली सर्राफ बाजार में शुक्रवार को इनके दाम लगातार तीसरे दिन बढ़ते हुये करीब एक सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुँच गये। स्थानीय बाजार में सोना 100 रुपये की मजबूती के साथ 41,120 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। चाँदी की कीमत 450 रुपये उछलकर 47,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुँच गयी। यह दोनों का 06 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है।

लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर आज 3.45 डॉलर की बढ़त में 1,555.30 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया।

पेट्रोल 14 पैसे, डीजल 15 पैसे सस्ता

नयी दिल्ली (वार्ता)। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गयी और पेट्रोल के दाम आज 14 पैसे तक तथा डीजल के 16 पैसे तक घट गये।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 14 पैसे उतरकर 75.41 रुपये प्रति लीटर रह गयी। यह 03 जनवरी के बाद का निचला स्तर है। डीजल भी 15 पैसे सस्ता होकर डेढ़ सप्ताह के निचले स्तर 68.77 रुपये प्रति लीटर पर आ गया।

कोलकाता और मुंबई में भी पेट्रोल के दाम 14-14 पैसे घटकर क्रमशः 78 रुपये और 81 रुपये प्रति लीटर पर आ गये। चेन्नई में इसकी कीमत 13 पैसे घटी और यह 78.36 रुपये प्रति लीटर के भाव बिका। डीजल कोलकाता और मुंबई में 16-16 पैसे सस्ता होकर क्रमशः 71.13 रुपये और 72.11 रुपये प्रति लीटर रह गया। चेन्नई में यह 15 पैसे टूटकर 72.68 रुपये प्रति लीटर पर आ गया।

बोर्ड परीक्षा के लिए दो नए केंद्र होंगे कर्रानवापारा और पठियापाली

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। शैक्षणिक सत्र 2019-20 बोर्ड परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जिले में दो नद केंद्र की स्वीकृति दी है। इनमें पाली ब्लॉक का कर्रानवापारा और करतला का पठियापाली केंद्र शामिल हैं।

दो केंद्र के बढ़ने से जिले में अब कुल परीक्षा केंद्रों की संख्या 91 हो गई है। जारी सत्र में कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 25297 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। नए केंद्र में बढ़ोतरी के अलावा एकमात्र केंद्र में बदलाव किया गया है। कोरबा ब्लॉक के देवपहरी हायर सेकेंडरी स्कूल की बजाय परीक्षा केंद्र निकट के स्कूल लेमरू को बनाया गया है।

परीक्षा केंद्रों में इजाफा किए जाने से अधिक दूरी तय कर केंद्र पहुंचने वाले बच्चों को सहूलियत होगी। जहां तक देवपहरी परीक्षा केंद्र में बदलाव की बात की जाए तो यह निजी विद्यालय है। लेमरू सरकारी एक स्कूल है और यहां वह सभी सुविधाएं मौजूद हैं जो देवपहरी में है।

सरकारी स्कूल में सुविधा होने के कारण निजी स्कूल से केंद्र हटा लिया गया है। पहले लेमरू से चलकर बच्चों को देवपहरी आना पड़ता था। अब देवपहरी के बच्चे लेमरू में परीक्षा दे सकेंगे। जहां तक नए केंद्रों की बात की जाए तो कर्रानवापारा और पठियापाली को केंद्र बनाने की लंबे समय से मांग चल रही थी। दोनों ही वनांचल क्षेत्र के स्कूल हैं। करतला ब्लॉक हाथी प्रभावित

क्षेत्र है। दो पाली में होने वाली परीक्षा में शामिल होने के लिए लंबी दूरी तय करना बच्चों के लिए खतरे का सबब बना रहता है। पठियापाली केंद्र खुलने से आसपास के हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को सरगबुंदिया अथवा बरपाली केंद्र नहीं जाना पड़ेगा इस बार कक्षा दसवीं की परीक्षा में 15007 और बारहवीं में 10257 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। निर्धारित पाठ्यक्रम के अलावा 33 अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम के परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं।

जुगाड़ के फर्निचर से चलेगा काम

छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए जिले में परीक्षा केंद्र में बढ़ोतरी तो की गई है, किंतु यहां बैठक की व्यवस्था अब भी दयनीय है। नए केंद्रों में जुगाड़ के फर्नीचर से परीक्षा की तैयारी चल रही है। एक स्कूल से दूसरे स्कूल ले जाते समय कई फर्नीचर क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। ऐसे में कई स्कूल प्रबंधन प?र्नीचर ले जाने की स्वीकृति नहीं देते। जिले में ऐसे कई स्कलू हैं जहां के कक्ष पुराने फर्नीचर के कबाड़ से भरे पड़े हैं।

चार केंद्रों में दसवीं तक परीक्षा

माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से निर्धारित परीक्षा केंद्रों में चार ऐसे केंद्र हैं, जहां केवल दसवीं की ही परीक्षाएं आयोजित होगी। इन केंद्रों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालपुर कटघोरा, लमना पोड़ी-उपरोड़ा, पत्तेगंज करतला और कर्रानवापारा पाली शामिल हैं। माना जा रहा है कि आगामी वर्ष से इन केंद्रों में बारहवीं की भी परीक्षा शुरू हो जाएगी। नए परीक्षा केंद्र और स्कूल खुलने से काफी हद तक तक शाला त्यागी छात्र-छात्राओं में कमी आ रही है।

फैक्ट फाइल

- परीक्षा केंद्र- 91
- नए केंद्र- 02
- दसवीं के परीक्षार्थी- 15007
- बारहवीं के परीक्षार्थी- 10257
- व्यावसायिक पाठ्यक्रम के परीक्षार्थी- 33

इनका कहना है

जिले में दो स्कूल कर्रानवापारा और पठियापाली को नए परीक्षा केंद्र के तौर पर स्वीकृति माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दी है। इसके अलावा देवपहरी परीक्षा केंद्र को बदल कर लेमरू किया गया है। पारदर्शिता पूर्ण परीक्षा आयोजन कराने की तैयारी की जा रही है। केंद्र में बैठक व्यवस्था के संबंध में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी।

– सतीश कुमार पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी

लेंटाना उन्मूलन के कार्य में मजदूरी भुगतान में अनियमित्ता की शिकायत

■ खड़गवां परिक्षेत्र का मामला

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। बैकुंठपुर वन मंडल के खड़गवां वन परिछेत्र में में वन्य जीव के भोजन हेतु लेंटाना उन्मूलन का कार्य कराया जा रहा जहां इन कार्यो में कार्य होने के पश्चात मजदूरी भुगतान कम होने की शिकायत वन विभाग के उच्च अधिकारियों को हुई है जहाँ इस मामले में अब प्रभारी वन मंडलाधिकारी द्वारा जाच के निर्देश दिये गए है ।

जानकारी अनुशार उक्त मामले में नगद मजदुरी भुगतान के नाम पर शासकीय राशि मे मजदूरों को कम भुगतान का मामला सामने आया है जहां अब शिकायत होने के पश्चात बचे मजदूरी भुगतान को करने का दावा किया जा रहा जब कि खड़गवां वन परिक्षेत्र में कराए गए लेंटाना उन्मूलन कार्य मे नगद मजदुरी भुगतान के नाम पर विभागीय अधिकारी कर्मचारी मजदूरों के घर जाकर कम मजदुरी देकर उनका हक़ मारने कोई कसर नही छोड़ रहे है जबकि नगद भुगतान के लिए समिति भी गठित की गई है इसके बावजूद समिति के समक्ष मजदुरी भुगतान नहीं करना कई सवालों को जन्म देता

मजदुरी भुगतान गठित समिति के माध्यम से किया जाना था वह भी नही हुआ और मजदुरी भुगतान घरों में जा जा कर किया गया है। इसके अलावा जिस स्थानों पर

है। मिली जानकारी के अनुसार कोरिया वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र खड़गवां में हुए लेंटाना उन्मूलन कार्य मे लाखो का मजदुरी भुगतान नगद में किया गया है जब कि नगद भुगतान बिना अनुमति के नही किया जा सकता जहा श्रमिकों ने बताया कि इस कार्य को करने से पहले उन्हें मजदुरी दर 310 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से बताकर काम करवाया गया लेकिन विभागीय कर्मचारियों द्वारा बताए गए दर से भुगतान न कर कम पैसे दिए गए हैं वही जो लेंटाना उन्मूलन कार्य नही हुआ है उसका भी वाउचर बना राशि आहरित करने की बात सामने आ रही है।

जाँच कर उचित कार्रवाई की जाएगी

वन मण्डल अंतर्गत हुए लेंटाना उन्मूलन कार्य मे मिली शिकायत के आधार पर जाँच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

–इमेतेमसु एओ, प्रभारी वनमण्डलाधिकारी, कोरिया वनमण्डल बैकुंठपुर

माता-पिता की सेवा से जीवन में मंजिल पाना आसान :राजेश

■ तीन दिवसीय मानसगान में उमड़ी भीड़

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। ग्राम छापर पारा में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान प्रतियोगिता का शुभारंभ भगवान रामचन्द्र जी पूजा अर्चना और दीप प्रवज्जलन के साथ किया गया कार्यक्रम में उड़ीसा के अलावा छग के अधिकांश जिलों से मानस मंडलियों ने उपस्थिति देनी शुरू कर दी है मुख्यअतिथि हीरा मरकामए राजेश शुक्ला, संजु गोपाल साहू, संदीप द्विवेदी, सरपंच गिरिजा नेताम, पुनीत दास वैष्णव, भुवन भारती की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। मंच संचालन लोकनाथ साहू ने किया। मंच से सम्बोधित करते हुए राजेश शुक्ला ने कहा कि माता पिता और समाज की सेवा करने वाले ही जल्द सफलता हासिल करते है। रामकथा से हमे जीवन की मर्यादाओं को समझने का सुअवसर मिलता है। कार्यकम के काफी संख्या में महिलाओं, युवाओं के साथ साथ बबलू साहू, तुलेश्वर साहू, वीरेंद्र नेताम, पुरुषोत्तम साहू, चंद्रभान साहू, सीदेराम मरकाम, बृजलाल ध्रुव, आयतु मरकाम, मनगुराम बट्टी, सियाराम साहू, महेतरी पटेल, रूखमणी ध्रुव, रोहिणी कश्यप, परमेश्वरी साहू पतिराम पटेल सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए

पुलिस अधीक्षक ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। भोजराम पटेल (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक कांकेर द्वारा नक्सल प्रभावित थाना कोरर, पखांजूर, बांदे एवं जिला मुख्यालय से लगभग 170 किमी0 दूर अति नक्सल प्रभावित जिला गढ़चिरौली (महाराष्ट्र) सीमा में स्थित 121 वीं वाहिनी बीएसएफ कैम्प मरबेड़ा का भ्रमण कर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान थाना कोरर, पखांजूर, बांदे में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों में अनुषासन में रहने, थाना परिसर की साफ सफाई एवं थाने के रिकार्ड को दुरूस्त रखने, विवेचको को थाने में पंजीबध्द अपराधों का निराकरण शीघ्र एवं विवेचना के स्तर में सुधार करने का आवष्यक दिषा-निर्देष दिया गया। थाना में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर निराकरण हेतु संबंधितों को उचित आदेष दिया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को बीएसएफ बलों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर माओवादियों के विरुद्ध अभियान संचालित करने हेतु आवष्यक दिषा-निर्देष दिये एवं थाना पखांजूर में तैनात डीआरजी-02 स्क्वाड के अधिकारी/जवानों को ब्रीफ कर नक्सलियों के विरूध्द संचालित अभियानों में उत्कृष्ट प्रदर्षन करने उनका हौसला बढ़ाये। अति नक्सल प्रभावित बीएसएफ कैम्प मरबेड़ा के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कैम्प में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों की समस्या सुनी एवं उनके निराकरण हेतु संबंधित को निर्देषित किया। बीएसएफ कैम्प के अधिकारियों/कर्मचारियों को कैम्प के आसपास क्षेत्र में सक्रिय नक्सल संगठनो की जानकारी देते हुये पुलिस बलों के साथ समन्वय स्थापित कर नक्सलियों के विरूध्द बेहतर अभियान संचालित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये जिससे क्षेत्र को नक्सल मुक्त किया जा सके।

मतदाता जारूकता के लिए प्रतियोगिता का आयोजन

अम्बिकापुर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े ने बताया है कि मतदाता जागरूता अभियान के तहत जिला स्तर पर महाविद्यालय एवं अन्य संस्थानों में विद्यार्थियों हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2020 को जिला से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएगें। महाविद्यालयों एवं संस्थानों में प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु तिथि का निर्धारण कर दिया गया है। 20 जनवरी 2020 को विज्ञान महाविद्यालय अम्बिकापुर में स्लोग्न एवं नारा लेख प्रतियोगिता, 21 जनवरी 2020 को हॉलीक्रास महिला महाविद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता, 22 जनवरी को के आर. टेक्निकल कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता, 23 जनवरी 2020 को श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय डिगमा में रंगोली प्रतियोगिता, 25 जनवरी 2020 को संत हरकेवल महाविद्यालय द्वारा जिला पंचायत कार्यालय पोर्च में रंगोली सज्जा तथा श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय डिगमा के विजेता प्रतिभागियों का जिला पंचायत कार्यालय के प्रथम तल में रंगोली सज्जा प्रतियोगिता आयोजित होगा।

मेला देखने जा रही युवती से दुष्कर्म तीन आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

■ सारागांव थाना क्षेत्र का मामला

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चाम्पा। परिजन के साथ मेला देखने जा रही युवती से बलात्कार का मामला सामने आया है। घटना सारागांव थाना क्षेत्र के चोरिया गांव की है। थाने मे पीड़िता के द्वारा दर्ज कराए गये बयान के अनुसार वह अपने परिजन के साथ मेला जा रही थी रात का वक्त था इसी दौरान चोरिया गांव के सुनसान स्थान पर लघुशंका के लिए उन्होंने बाईक रोकी जिस दौरान 4 युवक आ चहुँचे और अनावश्यक सवाल जवाब करने लगे इस दौरान युवकों का युवती के परिजन के साथ विवाद भी हुआ जिसके बाद चारो युवक बल पूर्वक युवती को नदी किनारे ले गये और दो लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया जबकि दो लोगों परिजन को पकड़े रखा। घटना के बाद पीड़िता थाने पहुँची और घटना की जानकारी दी। जिस पर मामला दर्ज कर रात मे ही आरोपियों की तलाश शुरू की गई और उनके ठिकानों पर दबिश देकर दो मुख्य आरोपी सहित 3 को गिरफ्तार कर लिया वहीं 1 आरोपी फरार है जिसक सरगर्मी से तलाश जारी हैं।

राज्य स्तरीय विशेष वृहद लोक अदालत का आयोजन आज

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकारण के अध्यक्षय एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री बी.पी. वर्मा के मार्गदर्शन में बैंक संबंधी मामलों के लिए 18 जनवरी 2020 को राज्य स्तरीय विशेष वृहद लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकारण के सचिव श्री जनार्दन खरे ने बताया है कि विशेष लोक अदालत में बैंक संबंधी मामलों का निराकरण किया जाएगा।

सड़क सुरक्षा सप्ताह का गरिमामय समापन

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के आदेशानुसार पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशन पर 31 वाँ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 2020 का गरिमामयी समापन समारोह कार्यक्रम शुक्रवार को रक्षित केंद्र बैकुंठपुर में आयोजित हुआ 7 कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर कोरिया डोमन सिंह,विशिष्ट अतिथि वन मण्डलाधिकारी इमोतेमस आओ रहे 7 कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया 7 कार्यक्रम मैं विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं हेतु आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार का वितरण, सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान विशेष सहयोग प्रदान करने वालों, चिकित्सकों एवं गुड सेमैरिटन को सम्मानित किया गया 7 गौरतलब है,कि विगत सात दिनों तक चले सड़क सुरक्षा सप्ताह में विविध प्रकार के आयोजन किए गए जिसके अंतर्गत वाहन चालकों का नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण,लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस कैंप,ग्रीन कार्ड कैंप,विद्यालयीन छात्र छात्राओं हेतु विविध प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन।

आयोजन | राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह संपन्न, कलेक्टर पुलिस अधीक्षक सीइओ हुए शामिल

यातायात नियमों का पालन कर जिम्मेदार नागरिक बनें : कलेक्टर

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। सात दिनों तक चले राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुक्रवार को थाना के पास से स्कूली बच्चों का विशाल रैली निकालकर यातायात के प्रति जागरूक किया गया ।शाम 5 बजे राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन अवसर पर कलेक्टर के एल चौहान पुलिस अधीक्षक भोजराज पटेल जिला सीईओ सजंय कन्नौजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौड़ ने समापन में शामिल हुए।

समापन अवसर पर एसएसपी राठौर ने कहा की राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह में यातायात पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के तहत हमें अपनी ज़िम्मेदारी के प्रति सजग रहना चाहिए ।वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन किया जाना चाहिए ।साथ ही हमे वाहन से सम्बंधित सारे दस्तावेज साथ लेकर अच्छे नागरिक होने का परिचय देना चाहिए ।कलेक्टर के एल

चौहान ने कहा की यातायात के नियमों का पालन कर वाहन से सभी ज़रूरी दस्तावेज साथ लेकर चले और कानूनी प्रक्रिया से बचने का प्रयास करे और सबसे ज़रूरी आप वाहन चलाने के पहले सुरक्षा के दृष्टिकोण से हेलमेट का इस्तेमाल ज़्यादा से ज़्यादा कर जीवन को सुरक्षित करें।पुलिस अधीक्षक ने कहा की विभाग द्वारा सात दिनों तक चले यातायात जागरुकता अभियान के तहत लोगो मे अधिक से अधिक वाहन के प्रति ज़िम्मेदारी निभाने के लिए यह सप्ताह चलाया जाता है।इस लिए शहर व ग्रामीण इलाकों से आने वाले लोग इस जागरूकता अभियान से बहुत ज़्यादा सन्देश लेकर यातायात के नियमों का पालन करे ।इसके अलावा अपनी अहम ज़िम्मेदारी निभाकर हेलमेट का अधिक से अधिक इस्तेमाल कर जीवन को सुखद बनाए ।

यातायात समापन में समाजसेवी व विशेष सहयोग करने वालो का हुआ सम्मान

यातायात सप्ताह के समापन अवसर पर विभाग को विशेष सहयोग करने वाले व समाजसेवी के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करने वालों का कलेक्टर एसपी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।सबसे पहले नगर के जनसहयोग समाजसेवी संघठन के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी को लावारिस लाशो के अंतिम संस्कार के लिए उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।इसके अलावा नगर के व्यापारीयो का विशेष सहयोग के लिए उनका सम्मान किया गया ।

शासन ने 330 बेघरों को दिया आवास पट्टा

■ बेदखली की चिंता से मिली मुक्ति

नवप्रदेश संवाददाता

अम्बिकापुर। शहरी क्षेत्रों के आवासहीन परिवारों को आवास की व्यवस्था करने हेतु राज्य शासन द्वारा शहरी क्षेत्र में काबिज जमीन का पट्टा देने के लिए राजीव गांधी आश्रय योजना लागू की है। इस योजना के तहत अम्बिकापुर नगर निगम अंतर्गत जमीन पर काबिज होकर गुजर-बसर करने वाले 330 परिवारों को जमीन का मालिकाना हक देने हेतु पट्टा वितरित कर दिया गया है। पट्टा मिल जाने से अब इन परिवारों को अपने घर से बेदखल होने का भय नहीं सताएगा और चिन्ता मुक्त होकर जीवन-यापन करेंगे। नजूल कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गंगापुर खुर्द, खालपारा, नवापारा, केदारपुर मिशन चैक, केदारपुर रैदास वार्ड, केदारपुर रिंगरोड़ तथा पचपेड़ी क्षेत्र में 1 हजार 881 परिवारों का सर्वे किया गया था जिसमें 472 काबिज परिवारों को पात्र पाया गया। सभी 472 काबिज परिवारों के पट्टा तैयार हो चुका है तथा अब तक 330 परिवारों को वितरित किया गया है। गंगापुर खुर्द के 134 तैयार पट्टो में से 46, खालपारा के 187 तैयार पट्टो में से 160, नवापारा के 56 तैयार पट्टो में से 56 तथा पचपेड़ी क्षेत्र के 95 तैयार पट्टो में से 68 पट्टों का वितरण किया गया है।

न्यूज गैलरी

प्रजनेश आस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में क्वालीफाई से चूके

मेलबोर्न, (वार्ता)। भारत के प्रजनेश गुणेश्वरन वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम आस्ट्रेलियन ओपन में शुक्रवार को पुरूष एकल के मुख्य ड्रॉ में क्वालीफाई करने से चूक गये। भारतीय टेनिस खिलाड़ी को क्वालिफायर के फाइनल राउंड में लात्विया के अर्नेस्ट गुलबिस के हाथों लगातार सेटों में 6-7 (2), 2-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। विश्व में 122वीं रैंकिंग और क्वालिफायर राउंड में 17वीं वरीय प्रजनेश वर्तमान में भारत के शीर्ष रैंक खिलाड़ी भी हैं और उनकी हार के साथ ही भारत की ग्रैंड स्लेम के एकल वर्ग में चुनौती ही समाप्त हो गयी।

भारत की निगाहें पांचवें अंडर-19 विश्व कप खिताब पर

केपटाउन। गत चैंपियन भारत शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले आईसीसी अंडर-19 विश्व कप में पांचवीं बार खिताब के इरादे से मैदान पर उतरेगा। टीम में कप्तान प्रियम गर्ग सहित छह खिलाड़ी सीनियर क्रिकेट (प्रथम श्रेणी, लिस्ट ए या टी20) में खेल चुके हैं। साथ ही चार खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल, प्रियम गर्ग, रवि बिश्नोई और कार्तिक त्यागी तो आईपीएल का अनुबंध भी हासिल कर चुके हैं। विराट कोहली की अगुआई वाली टीम ने 2008 चरण से दबदबा बनाना शुरू किया था और तब से जूनियर क्रिकेट सर्किट पर यह बरकरार है।

पंत की जगह आंध्र के विकेटकीपर केएस भरत होंगे टीम में

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के विकेटकीपर बल्लेबाज के एस भरत को ऋषभ पंत के विकल्प के तौर पर शुक्रवार को भारतीय टीम में शामिल किया गया। भरत ने अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है लेकिन 74 प्रथम श्रेणी मैचों में 4143 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट टी20 क्रिकेट में सौ से ऊपर है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, 'अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने राजकोट में दूसरे वनडे के लिये केएस भरत को टीम में चुना है ।

रोम रैंकिंग सीरीज: अंशु ने रजत जीता, दिव्या कांस्य से चूकीं

रोम। युवा पहलवान अंशु मलिक को शुक्रवार को रोम रैंकिंग सीरीज कुश्ती प्रतियोगिता के 57 किग्रा फाइनल में हारने से रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि दिव्या काकरान कांस्य पदक प्ले-आफ में हारकर पोडियम स्थान हासिल करने से चूक गईं। अंशु ने ट्रायल्स की शानदार फार्म जारी रखते हुए सीनियर स्तर पर अपने पहले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पदक हासिल किया। हालांकि वह स्वर्ण पदक मुकाबले में नाईजीरिया की ओडुनायो एडेकुओरोये से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गईं।



गेंद लगी, जमीन पर गिरे, फिर भी खेले शिखर धवन

राजकोट (वार्ता)। भारतीय ओपनर शिखर धवन ने राजकोट में सीरीज के दूसरे वनडे में जज्बा दिखाया। उन्हें पसलियों के पास बॉल लगी और वह थोड़ी देर के लिए पिच पर ही लेट गए। फिर उठे और खेलना शुरू कर दिया। भारतीय ओपनर शिखर धवन ने वनडे करियर का 29वां अर्धशतक 60 गेंदों पर पूरा किया। यह सीरीज में उनकी लगातार दूसरी फिफ्टी थी। हालांकि वह शतक से मात्र 4 रन से चूक गए और 96 रन बनाकर कैच आउट हो गए।

शिखर धवन को पैट कमिंस की बॉल लगी। पारी के 10वें ओवर की दूसरी गेंद को खेलने का प्रयास करते हुए धवन को बॉल लगी। उन्होंने बॉल लगने के बावजूद सिंगल पूरा किया और फिर पिच पर ही लेट गए। फिजियो को भी बुलाया गया लेकिन धवन खड़े हुए और फिर खेलना शुरू कर दिया।

शिखर धवन ने बॉल लगने के बावजूद सिंगल पूरा किया। हालांकि रन पूरा करने के तुरंत बाद वह लेट गए। उन्होंने हेलमेट भी उतार दिया। रोहित शर्मा तब धवन के साथ दूसरे छोर पर खड़े थे। सिंगल पूरा करने के बाद धवन के पास रोहित आए और हालचाल पूछा। हालांकि धवन ने खुद को फिट बताया।

शिखर धवन 96 के निजी स्कोर पर केन रिचर्ड्सन का शिकार बने। भारत का दूसरा विकेट 184 के स्कोर पर गिरा। धवन को पारी के 29वें ओवर की चौथी गेंद पर मिशेल स्टार्क ने लपका। उन्होंने 90 गेंदों की अपनी पारी में 13 चौके और 1 छक्का लगाया। विराट और धवन ने दूसरे विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी की।

रोहित का रिकार्ड, अमला और सचिन को पीछे छोड़ा

राजकोट, (वार्ता)। भारतीय बल्लेबाज़ रोहित शर्मा ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को यहां राजकोट में दूसरे मैच में बतौर ओपनर सबसे तेज़ 7000 रन पूरे कर लिये और इस मामले में वह हाशिम अमला और सचिन तेंदुलकर से भी आगे निकल गये हैं। रोहित ने भारतीय पारी में 42 रन की पारी खेली जिसके साथ उनके वनडे में कुल 8996 रन हो गये हैं। यह उनका 223वां वनडे है। रोहित ने एक ओपनर के तौर पर सबसे तेज़ 7000 रन 137 पारियों में पूरे किये हैं जबकि पूर्व भारतीय दिग्गज सचिन ने यह उपलब्धि 160 पारियों में हासिल की थी जो अब सूची में तीसरे स्थान पर खिसक गये हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज़ अमला ने

147 पारियों में सबसे तेज़ 7000 रन बनाये थे और वह सूची में दूसरे नंबर पर खिसक गये हैं। उपकप्तान रोहित चौथे भारतीय ओपनर हैं जिन्होंने 7000 रनों का यह आंकड़ा छूआ है। उनके अलावा सचिन, सौरभ गांगुली और वीरेंद्र सहवाग के नाम यह उपलब्धि दर्ज है। 32 वर्षीय रोहित वनडे में अपने 9000 रनों के आंकड़े से भी अब मात्र चार रन दूर हैं। वह पहले वनडे में 10 रन बनाकर आउट हुये थे।

सानिया महिला युगल फाइनल में

होबार्ट, (वार्ता)। अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने मां बनने के बाद टेनिस कोर्ट पर धमाकेदार वापसी करते हुये शुक्रवार को होबार्ट इंटरनेशनल के महिला युगल फाइनल में प्रवेश कर लिया। सानिया और यूक्रेन की नादिया

किचेनोक की जोड़ी ने महिला युगल सेमीफाइनल मुकाबले में स्लोवेनिया की तमारा जिदानसेक तथा चेक गणराज्य की मारी बुजकोवा की जोड़ी को एक घंटे 24 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (3) 6-2 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। पांचवीं वरीय भारतीय-यूक्रेनियन जोड़ी का अब खिताब के लिये दूसरी वरीय चीन की शुआई पेंग तथा शुआई झांग की जोड़ी से मुकाबला होगा। चीनी जोड़ी को बेल्जियम की कस्टर्न फ्लिपकेंस तथा एलिसन वान उइतवांक के सेमीफाइनल मैच से हटने पर वाकओवर मिला था। सानिया ने जीत के बाद कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर अपने लिये क्योंकि मैं बहुत लंबे समय के बाद खेल रही हूं। मैं नादिया के साथ फाइनल खेलने को लेकर बहुत उत्साहित है। हालांकि मेरा मानना है कि हमने आज अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया। लेकिन हम फिर भी फाइनल में पहुंच सके हैं। भारतीय टेनिस खिलाड़ी मां बनने के कारण लंबे समय तक कोर्ट से दूर थीं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में वह 91 सप्ताह तक महिला युगल वर्ग में शीर्ष पर रही थीं। वह 2017 में चाइना ओपन के सेमीफाइनल के बाद से टेनिस से दूर थीं। सानिया ने अप्रैल 2018 में बच्चे के जन्म के कारण अवकाश लिया था। पूर्व नंबर एक महिला युगल खिलाड़ी सानिया के नाम छह युगल ग्रैंड स्लेम दर्ज हैं। वह वर्ष 2013 में एकल से रिटायर हो गयी थीं।

जश्न मना रहे रबादा पर लगा एक मैच का बैन

पोर्ट एलिजाबेथ,(वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबादा पर इंग्लैंड के खिलाफ चल रही सीरीज़ के तीसरे टेस्ट में मेहमान टीम के कप्तान जो रूट को आउट करने के बाद जश्न मनाने के मामले में एक मैच के लिये निलंबित किया है। इस निलंबन के कारण अब रबादा चार टेस्टों की सीरीज़ के फाइनल मैच में नहीं खेल सकेंगे। रबादा ने अपनी गलती को स्वीकार लिया है और उन्हें मैदान पर उनके अपमानजनक व्यवहार के लिये एक डीमेरिट अंक भी दिया गया है। इस बैन के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने ट्विटर पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुये आईसीसी के इस फैसले को पूरी तरह बेवकूफाना बताया। वॉन ने लिखा, रबादा को एक विकेट के जश्न के लिये एक मैच का बैन मिल गया, यह फैसला बिल्कुल बेवकूफाना है। ओवर रेट और धीमे खेल का कुछ नहीं हुआ। सिर्फ एक विकेट के जश्न पर बैन। यह दुनिया पागल है। इंग्लैंड के ही पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भी आईसीसी के इस फैसले को गलत करार दिया है।

टोक्यो वाटर फ्रंट पर लगाई गयी ओलंपिक रिंग्स

टोक्यो, (वार्ता)। जापान में इस वर्ष होने वाले टोक्यो ओलंपिक के लिये मेज़बान शहर में तैयारियां ज़ोरों पर है और शुक्रवार सुबह टोक्यो के मशहूर रेनबो पुल के नज़दीक ओलंपिक के चिन्ह पांच छल्लों की बड़ी प्रतिमा लगायी गयी, जिसे खेलों की शुरूआत से ठीक छह महीने पहले रौशन किया जाएगा। ओलंपिक चिन्ह 32.6 मीटर चौड़ा, 15.3 मीटर ऊंचा और 69 टन वज़नी है। इस भारी ढांचे को बड़ी नाव के ज़रिये टोक्यो बे तक लाया गया और ओडाइबा मरीन पार्क के बीच पानी में लगाया गया है जिसके पीछे कुछ मीटर की दूरी पर मशहूर रेनबो पुल है। ओलंपिक के पांच छल्लों के ढांचे

को स्टील से बनाया गया है और यहां 9 अगस्त तक स्थापित रहेगा जब ओलंपिक खेलों का समापन होगा। बाद में इसकी जगह अगस्त के मध्य में पैरालंपिक चिन्ह लगाया जाएगा। आयोजकों ने इसे लेकर कहा,शहर को सजाने के लिये टोक्यो मेट्रोपॉलिटन सरकार का यह मुख्य अभियान था जिससे शहर के निवासियों के लिये यहां जश्न जैसा माहौल होगा और दुनिया भर से आये सैंकड़ों दर्शकों को यहां आने का मौका मिलेगा।

इस चिन्ह को आधिकारिक रूप से 24 जनवरी की शाम को उद्घाटन किया जाएगा जो ओलंपिक खेलों से ठीक छह महीने पहले का समय है। इस दौरान यहां रौशनी के अलावा पटाखे भी जलाए जाएंगे। टोक्यो-2020 प्रोजेक्ट के मुख्य केनिची किमुरा ने कहा कि ओलंपिक के यह पांच छल्ले यहां लगाने से दुनिया में संदेश जाता है कि टोक्यो ओलंपिक खेलों के लिये तैयार है। टोक्यो का वाटरफ्रंट दुनियाभर में जाना पहचाना स्थल है।

वर्ष 2019-2020 | **मापदंड में इस बदलवा को बोर्ड ने अभी आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं किया**

अनुबंध में पहली बार बीसीसीआई ने किया टी20 पर विचार

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 2019-20 के लिए नए केंद्रीय अनुबंध देने के लिए अपने तयशुदा पैमाने से हटकर काम किया है। बोर्ड ने अनुबंध देने में 10 टी20 इंटरनैशनल का एक नया पैमाना बनाया है जो हालांकि पिछले अनुबंधों में शामिल नहीं थी। खबरों के मुताबिक, हालांकि मापदंड में इस बदलवा को बोर्ड ने अभी आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं किया है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'चयनकर्ताओं को इन टी20 विशेषज्ञों के साथ आगे बढ़ने को कहा गया है। इसे अगली बैठक में अनुमति भी मिल जाएगी।' केंद्रीय अनुबंध आम तौर पर पिछले सीजन में खिलाड़ियों के

प्रदर्शन के आधार पर दिया जाता है। यह सीजन अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। जब अक्टूबर 2018 से सितंबर 2019 के बीच खिलाड़ियों को अनुबंध दिया गया था तब बोर्ड ने खेले गए टी20 इंटरनैशनल मैचों के बारे में विचार नहीं किया था। चयनकर्ताओं ने तीन टेस्ट और 8 वनडे इंटरनैशनल मैचों के मानदंड को ही अपनाया था।

एक सूत्र ने बताया, 'बोर्ड अगले दो साल में होने वाले दो टी20 वर्ल्ड कप के बारे में सोचकर ही काम कर रहा है। इसलिए वे खिलाड़ी जिन्होंने 2019 वर्ल्ड कप के बाद सीमित ओवरों के प्रारूप में बेहतर प्रदर्शन किया है, जैसे- दीपक चाहर, नवदीप सैनी, शार्दुल ठाकुर, श्रेयस अय्यर और वॉशिंगटन सुंदर- को अनुबंध में शामिल किया गया है। इन खिलाड़ियों को अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के संभावितों के तौर पर देखा जा रहा है। केएल राहुल को भी ग्रेड बी से ए में प्रमोट किया गया है। इस प्रमोशन की बड़ी वजह सफेद-बॉल के प्रारूप में उनका प्रदर्शन ही है।' हालांकि चयनकर्ताओं ने सैनी को अपवाद के रूप में शामिल किया है जिन्होंने अभी तक 10 टी20 इंटरनैशनल मैच नहीं खेले हैं। क्रूणाल पंड्या को अनुबंध में शामिल नहीं किया गया है।

बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध 2019-2020

ग्रेड A+ (7 करोड़): विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह

ग्रेड A (5 करोड़): आर. अश्विन, रविंद्र जडेजा, भुवनेश्वर कुमार, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, शिखर धवन, मोहम्मद शमी, इशांत शर्मा, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत, केएल राहुल

ग्रेड बी (3 करोड़): उमेश यादव, युजवेंद्र चहल, हार्दिक पंड्या, ऋद्धिमान साहा, मयंक अग्रवाल

ग्रेड सी (1करोड़): केदार जाधव, मनीष पांडे, हनुमा विहारी, नवदीप सैनी, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर

मिताली को ग्रेड बी में शामिल किया गया

भारत की सबसे अनुभवी महिला क्रिकेटर मिताली राज ने चूंकि टी20 इंटरनैशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है इसलिए उन्हें ग्रेड बी का अनुबंध दिया गया है। हरियाणा की 15 साल की युवा बल्लेबाज शेफाली वर्मा को ग्रेड सी अनुबंध में शामिल किया गया है।

ऑस्ट्रेलियन ओपन: जोकोविच, रोजर फेडरर एक ही हाफ में

मेलबर्न(ए.)। स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर और मौजूदा विजेता, वर्ल्ड नम्बर-1 नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में भिड़ सकते हैं। साल के पहले ग्रैंड स्लैम का ड्रॉ शुक्रवार को जारी किया गया। इन दोनों खिलाड़ियों को एक ही हाफ में रखा गया है। वहीं, वर्ल्ड नंबर-1 स्पेन के राफेल नडाल के लिए लिए ऑस्ट्रेलिया के ही निक किर्जियोस, डोमिनिक थीम, रूस के डेनिल मेदवेदेव खतरा बन सकते हैं। यह सभी खिलाड़ी एक ही हाफमें हैं।

फेडरर पहले दौर में अमेरिका के स्टीव जॉनसन का सामना करेंगे और दूसरे राउंड में सर्बिया के फिलिप क्राजिनोविक से उनका सामना हो सकता है। वहीं नडाल को पहले राउंड के मैच में बोलीविया के ह्यूगो डेलिन का सामना करना पड़ेगा। दूसरे राउंड में ब्राजील के जो विलफ्राइड सोंगा उनके सामने आ सकते हैं। अगर सीड के हिसाब से सब कुछ चला तो थीम और मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में नडाल के सामने आ सकते हैं। इस हाफमें स्विट्जरलैंड के स्टान वावरिंका और जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

जोकोविक को पहले दौर में जर्मनी के लेनार्ड स्ट्रफका सामना करना होगा। सेमीफाइनल में फेडरर के साथ होने वाले संभावित मैच से पहले जोकोविक को क्वार्टर फाइनल में ग्रीक के युवा खिलाड़ी स्टीफनोस सितसिपास का सामना करना होगा।

सरकारी डाक्टरों की हड़ताल से इलाज के लिए भटक रहे मरीज

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। सुबह-शाम दोनों वक्त ओपीडी सेवा शुरू करने सरकारी आदेश के विरोध में आखिरकर डॉक्टरों ने कामबंद हड़ताल शुरू कर दिया है। गुरुवार को दोपहर तीन बजे तक आदेश वापस लेने का समय दिया गया था। आदेश नहीं आने पर जिला अस्पाताल सहित सीएचसी के 18 डॉक्टर हड़ताल पर चले गए हैं। शुक्रवार को भी हड़ताली डॉक्टरों ने ओपीडी सहित आपात सेवाओं का बहिष्कार जारी रखा। जिला अस्पताल में सुबह से ही इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीज हलकान रहे। ओपीडी और इमरजेंसी वार्ड को आयुर्वेद डॉक्टरों के भरोसे छोड़े जाने से मरीजों को इलाज बगैर निराश लौटना पड़ा। अधिकांश मरीजों को निजी अस्पतालों में ईलाज के लिए जाना पड़ा।

जिला अस्पताल में इलाज के लिए मरीजों के पहुंचने का क्रम अन्य दिनों की तरह सुबह से ही जारी रहा। पहले से डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे अस्पताल में गिनती के विशेषज्ञ हैं। उनके भी भी हड़ताल पर चले जाने से अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अस्पताल में वैकल्पिक व्यवस्था के तौर आयुर्वेदिक डॉक्टर बैठे थे। इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीज डॉक्टर बदल जाने से वापस हो गए। अन्य दिनों की तरह पुरुष और महिला वार्ड में रूटिन चेकअप के लिए रात के समय डॉक्टर नहीं पहुंचे। भले ही अन्य दिनों की अपेक्षा मरीजों की उपस्थिति कम थी लेकिन दूरदराज से पहुंचने वाले मरीजों के लिए बिना इलाज वापस लौटना परेशानी का सबब बना रहा। सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों के बेमुद्दत हड़ताल पर चले जाने से सबसे अधिक समस्या दूरदराज से पहुंचने वाले लोगों को हो रही है। अस्पताल में इलाज की अपेक्षा लेकर पहुंचने वाले इमरजेंसी जैसे प्रसव आदि के मरीजों को मजबूरीवश निजी अस्पताल की राह पकड़नी पड़ रही है।

प्रमोशन लेट तो बनाई दूरी

हड़ताल पर जाने वालों डॉक्टरों में आपसी सामंजस्य का अभाव देखा जा रहा है। हड़ताल में शामिल कुछ डॉक्टरों का प्रमोशन ड्यू है, इसलिए हड़ताल से दूर रहे। यही नहीं डॉक्टरों की मांग के संबंध में कुछ भी कहने से बचते रहे। दोपहर के बाद डॉक्टरों के चले जाने के बाद कार्यरत डॉक्टर भी चले गए।

राज्यपाल उइके से साहित्यकारों के प्रतिनिधिमण्डल ने सौजन्य भेंट की

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में साहित्यकार श्री हरीश नवल सहित अन्य साहित्यकारों ने सौजन्य मुलाकात की। राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सबसे सुंदर स्थानों में से एक है। यहां का वातावरण बहुत अच्छा है। यहां के लोग बड़े सहज और संवेदनशील हैं। उनसे मिलकर यह लगता है कि उनसे बहुत पुराना रिश्ता है। प्रतिनिधिमण्डल ने श्री हेमजीत मालू, श्री महावीर मोदी एवं अन्य साहित्यकार उपस्थित थे।

राज्यपाल से राष्ट्रीय महिला आयोग की सलाहकार सुश्री पाण्डेय ने की सौजन्य भेंट: राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में राष्ट्रीय महिला आयोग की सलाहकार सुश्री हर्षिता पाण्डेय ने सौजन्य मुलाकात की।

1 ईनामी नक्सली सहित 3 गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

जगदलपुर। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत कल कटेकल्याण क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चिकपाल व कलेपाल के बीच जंगल में नक्सलियों की आसूचना पर थाना कटेकल्याण एवं डीआरजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा एक ईनामी नक्सली सहित 03 नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार नक्सलियों का नाम डीकेएमएस अध्यक्ष पाण्डू माड़वी, जनमिलिशिया सदस्य मुचाकी मुड़ा, सीएनएम सदस्य मुड़ाराम मरकाम उर्फ मुकेश को घेराबंदी करके पकड़ा गया है।

अजीत और अमित जोगी के खिलाफ मामला दर्ज

■ **खानसामा की खुदकुशी का मामला**

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री तथा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के संस्थापक अजित जोगी और उनके बेटे अमित जोगी के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

अजीत जोगी के मरवाही सदन के खानसामा मनवा उर्फ संतोष कौशिक की आत्महत्या मामले में यह कार्रवाई की गई है। जोगी बंगले में काम करने वाले मनवा के भाई कृष्ण कुमार और उसके परिवार वालों ने जोगी पिता -पुत्र पर आरोप लगाया है कि मनवा को चोरी के नाम पर डराया धमकाया जा रहा था। इस बात की जानकारी उसने अपनी पत्नी को भी दी थी। मनवा के परिजनों की शिकायत के बाद बिलासपुर पुलिस ने अजित जोगी तथा अमित जोगी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार परिजनों की शिकायत के बाद देर रात प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। गौरतलब है कि अजीत जोगी के मरवाही सदन में खानसामा का कार्य कर रहे संतोष कौशिक उर्फ मनुवा का फांसी पर लटका शव 15 जनवरी को बरामद हुआ था। इसी मामले में उसके परिवार ने अजीत जोगी और अमित जोगी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया है।

सवारी बस पुल से नीचे गिरी, कई घायल

बलरामपुर। बलरामपुर जिले के जराहडीह ओमकार नगर के पास आज सुबह एक सवारी बस अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई जिससे उसमें सवार लगभग तीन दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में एक-दो लोगों की हालत गंभीर बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब 9 बजे यात्री बस चांदो से बलरामपुर की तरफ जा रही बस जैसे ही जराहडीह ओमकार नगर के पास पुल पर पहुंची तभी चालक का बस से नियंत्रण खो बैठा और बस अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 15 फीट नीचे जा गिरी। इस हादसे में बस में सवार करीब तीन दर्जन लोगों को चोटें आई है। इनमें एक-दो लोगों को गंभीर चोटें आई है जिन्हें उपचार हेतु अंबिकापुर रेफर किया गया है।

धुर नक्सल क्षेत्र में संजीवनी 108 की सुविधा वरदान साबित हुई

सुकमा। जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों तक संजीवनी 108 की पहुंच का लाभ स्थानीय ग्रामीणों को मिल रहा है। 108 की सेवायें ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसी कड़ी में जिले के ग्राम भेज्जी में एक महिला के प्रसव पीड़ा होने पर 108 की सेवा पहुंच जाने से जच्चा-बच्चा की जान बच गई। बताया गया कि संजीवनी 108 के कर्मचारियों ने एक महिला का बीच जंगल में प्रसव कराया है। फिलहाल मां और नवजात दोनों सुरक्षित हैं।

दरअसल जिले के भेज्जी गांव में एक महिला को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने 102 महतारी एक्सप्रेस को कॉल किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी श्याम सिंह ने तत्काल 108 संजीवनी एक्सप्रेस की गाड़ी को भेज्जी रवाना किया। लेकिन गांव तक सड़क नही होने के चलते वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाई। इसके बाद संजीवनी के टेक्नीशियन गणपाल देशमुख और प्रभारी श्याम सिंह गांव की ओर रवाना हुए, लेकिन ग्रामीण गर्भवती महिला की हालत बिगड़ने के चलते उसे खाट पर लेकर आ रहे थे। महिला की हालत को देखते हुए 108 के कर्मचारियों ने जंगल मे ही उसका प्रसव कराया। इसके बाद महिला और बच्चे को कोंटा अस्पताल ले जाया गया जहां दोनों की देखरेख और इलाज जारी है। फिलहाल मां और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।

42 हाथियों के दल का उत्पात, दहशत में ग्रामीण

कोरबा। वनमंडल कटघोरा के ऐतमानगर रेंज में इन दिनों 42 हाथियों का दल डेरा जमाए हुए हैं।उक्त हाथियों के झुंड ने वन परिक्षेत्र के ग्राम सलिहाभाटा कोदवारी,खुरुभाटा पचरा में काफी उत्पात मचाया है और अभी तक लगभग 20 मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया है।इस दौरान वहाँ मौजूद लोगों ने भागकर अपनी-अपनी जान बचाई है।इसके अलावा किसानों के अरहर,धान,हिरवा के फसल को भी हाथियों ने भारी नुकसान पहुँचाने के साथ चट कर दिया है।हाथियों के इस आतंक से प्रभावित ग्रामीण काफी दहशत में है।ग्रामीणों का कहना है कि शाम होते ही हाथियों का झुंड गांव के आसपास पहुंच जाता है।जहाँ हाथियों के चिंघाड़ से ग्रामीण दहशत में रहते हैं।और शाम होते ही लोग अपने घरों में दुबक जाते है।ग्रामीणों का आरोप है कि हाथियों के उत्पात की सूचना देने के बाद भी वन अधिकारी-कर्मचारी मौके पर नही पहुँच रहे है।जिससे उनको किसी तरह का सहयोग नहीं मिल पा रहा है।जिससे उन्हें हाथियों से बचने रतजगा करना पड़ रहा है।वर्तमान में विभाग हाथियों को भगाने में असमर्थ साबित तो हो ही रहा है।साथ ही निष्क्रिय रवैया भी अपनाया हुआ है।जिसके कारण हाथी प्रभावित ग्रामीण खौफके साए में रात गुजार रहे है।